3 राजधानी
आफताब ने जमानत के लिए खटखटाया कोर्ट का दरवाजा

6 अभिमत
भाषाई सिनेमा की छिपी प्रतिभाएं

10 कारोबार
बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट

12 स्पोर्ट्स
गिल और पुजारा के शतक

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 45
नई दिल्ली, शनिवार, 17 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



विकास का भारत का संकल्प और मजबूत होगा
राष्ट्रीय-11

# मोदी के खिलाफ बिलावल भुट्टो के बयान पर बवाल

## भारत की तीखी प्रतिक्रिया, कहा- टिप्पणी पाकिस्तान के लिए भी नया निम्न स्तर, भाजपा आज करेगी देशव्यापी प्रदर्शन

### ● भुट्टो की गिरी हुई हरकत ने पाकिस्तान की कलंक गाथा में नया अध्याय जोड़ाः भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निजी हमला करने को लेकर शुक्रवार को तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह उस देश (पाकिस्तान) के लिए भी एक नया निम्न स्तर है। बिलावल भुट्टो ने बृहस्पतिवार को कहा था 'ओसामा बिन लादेन की मौत हो गई लेकिन गुजरात का कसाई जिंदा है।

संयुक्त राष्ट्र में विदेश मंत्री एस जयशंकर के इस बयान पर कि 'पाकिस्तान आतंकवाद का गढ़' है, पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बिलावल भुट्टो ने यह टिप्पणी की। भुट्टो ने राष्ट्रीय स्वयं संघ की भी आलोचना की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बिलावल भुट्टो की न्यूयॉर्क में की गई टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अच्छा होता कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री अपनी कुंठा अपने देश में आतंकवादी संगठनों के मुख्य षड्यंत्रकर्ताओं पर निकालते, जिन्होंने आतंकवाद को देश की नीति का एक हिस्सा बना दिया है। बागची ने कहा, पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो ओसामा बिन लादेन का एक शहीद के रूप में महिमामंडन करता है और लखवी, हाफिज सईद, मसूद अजहर, साजिद मीर और दाऊद इब्राहिम जैसे आतंकवादियों को पनाह देता है। कोई अन्य देश संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित 126 आतंकवादी, संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित 27 आतंकवादी समूह होने को लेकर शेखी नहीं बघार सकता।

उन्होंने कहा कि हम चाहते थे कि पाकिस्तान कल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुश्री अंजलि कुल्थे के बयान को ईमानदारी से सुनता। मुंबई की इस नर्स ने पाकिस्तानी आतंकवादी अजमल कसाब की गोलियों ने 20 गर्भवती महिलाओं की जान बचाई थी। भाजपा ने बिलावल भुट्टो की टिप्पणी को निदंनीय और अभद्र करार दिया। पार्टी ने कहा कि पड़ोसी देश के विदेश मंत्री की गिरी हुई इस हरकत ने विश्व पटल पर पाकिस्तान की कलंक गाथा में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। पार्टी ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि वह भुट्टो के शर्मनाक बयान के खिलाफ शनिवार को देश भर में जोरदार धरना-प्रदर्शन करेगी और उसके कार्यकर्ता पाकिस्तान और पाकिस्तानी विदेश मंत्री के पुतले जलाएंगे।

भाजपा ने कहा, हताश, निराश और दिवालिए पाकिस्तान के बचकाने विदेश मंत्री से और क्या उम्मीद की जा सकती है? भुट्टो की टिप्पणी के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को राजधानी दिल्ली स्थित पाक उच्चायोग के निकट प्रदर्शन किया। भाजपा ने कहा कि सत्ता में बने रहने के स्वार्थ के बीच पाकिस्तान की बदहाल होती आर्थिक स्थिति, वहां की अराजकतापूर्ण स्थिति, सेना में मनमुटाव, दुनिया के देशों से खराब होते उसके रिश्ते और आतंकवाद को पाल-पोस कर बड़ा करने की नीति से दुनिया का ध्यान भटकाने के लिए पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने ऐसा कायरतापूर्ण, और गिरा हुआ बयान दिया है। भाजपा ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर भारत की धाक जम रही है, वहीं दूसरी ओर हर मोर्चे पर पाकिस्तान की खिल्ली उड़ रही है। उसने कहा, एक ओर भारत की विदेश नीति की (शेष पेज 8)

### पाक उच्चायोग के पास भाजपा का प्रदर्शन



नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग के पास प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता। फोटोः रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पाकिस्तान** के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के बयान पर भड़के भाजपा नेताओं ने पाक उच्चायोग के निकट जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने भुट्टो की असंवेदनशील टिप्पणी के लिए माफी मांगने की मांग की।

भाजपा नेता और कार्यकर्ता शुक्रवार दोपहर तीन बजे तीन मूर्ति चौक पर इकट्ठा होना शुरू हुए। कुछ ही देर में वहां बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों के हाथों में भाजपा के झंडे और तख्तियां थीं, जिनमें से कुछ पर लिखा था, पाकिस्तान औकात में आओ और माफी मांगो और पाकिस्तान होश में आओ।

# पाकिस्तान आतंकवाद का केंद्रः जयशंकर

### ● कहा-दुनिया उसे इसी नजरिये से देखती है, अपनी हरकतों को सुधार अच्छा पड़ोसी बनने की कोशिश करे

**एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र



**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुनिया पाकिस्तान को आतंकवाद के केंद्र के रूप में देखती है और पाकिस्तान को अपनी हरकतों में सुधार कर एक अच्छा पड़ोसी बनने की कोशिश करनी चाहिए। विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन के भारत के पड़ोसी देश पर दिए बयान को भी दोहराया, जिसमें उन्होंने कहा था कि जो लोग अपने आंगन में सांप पालते हैं, वे सांप एक दिन उन्हें ही डस लेते है।

भारत की अध्यक्षता में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कार्यक्रम ग्लोबल काउंटर टेररिज्म अप्रोचः चैलेंज एंड वे फॉरवर्ड के बाद जयशंकर ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान उक्त टिप्पणी की। जयशंकर पाकिस्तान की विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार के हालिया आरोप पर पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। खार ने आरोप लगाया था कि आतंकवाद का इस्तेमाल भारत से बेहतर अन्य किसी देश ने नहीं किया है। जयशंकर ने कहा, खार ने जो कहा है, मैंने उससे जुड़ी खबरें देखी हैं। मुझे अच्छी तरह याद है, करीब एक दशक से भी पहले जब हिलेरी क्लिंटन ने पाकिस्तान की यात्रा की थी, हिना रब्बानी तब मंत्री थीं।

उनके साथ खड़े होकर हिलेरी क्लिंटन ने कहा था कि यदि सांप आपके आंगन में है तो आप उससे यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वह केवल आपके पड़ोसी को ही डसेगा। अंततः वह उसे आंगन में रखने वाले लोगों को भी डसेगा, लेकिन जैसा कि आपको पता है पाकिस्तान अच्छी सलाह जल्दी से नहीं मानता। आपको पता ही है कि वहां क्या हो रहा है। क्लिंटन ने अक्टूबर 2011 में अपनी इस्लामाबाद यात्रा के दौरान पाकिस्तान की तत्कालीन विदेश मंत्री खार के साथ मीडिया को संबोधित करते हुए कहा था, यह उस पुरानी कहानी की तरह है... आप अपने आंगन में सांप पालकर यह (शेष पेज 8)

# पुतिन वार्ता से सुलझाएं यूक्रेन मुद्दाः मोदी

### ● प्रधानमंत्री ने रूस के राष्ट्रपति से टेलीफोन पर की बात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने टेलीफोन पर बात की और अपने इस आह्वान को दोहराया कि यूक्रेन संकट हल करने के लिए बातचीत और कूटनीति एकमात्र रास्ता है। दोनों देशों के नेताओं ने इसके साथ ही ऊर्जा, व्यापार और रक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा भी की।

रूस के एक बयान में कहा गया है कि पुतिन ने मोदी के अनुरोध पर यूक्रेन को लेकर रूस के रुख का बुनियादी आकलन पेश किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को जी-20 की भारत की मौजूदा अध्यक्षता के बारे में जानकारी दी और इसकी प्रमुख प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला। यह इस साल दोनों नेताओं के बीच पांचवीं टेलीफोन वार्ता थी। दोनों नेताओं ने 24 फरवरी, दो मार्च, सात मार्च और एक जुलाई को फोन पर बातचीत की।

मोदी और पुतिन ने गत 16 सितंबर को उज्बेकिस्तान के समरकंद में एक द्विपक्षीय बैठक की थी, जिस दौरान प्रधानमंत्री ने उनसे कहा था कि आज का युग युद्ध का नहीं है और उन्होंने रूसी नेता को संघर्ष को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया था। पीएमओ ने एक बयान कहा, दोनों नेताओं ने एससीओ शिखर सम्मेलन के मौके पर समरकंद में अपनी बैठक के बाद द्विपक्षीय संबंधों के कई पहलुओं की समीक्षा की, जिसमें ऊर्जा सहयोग, व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा सहयोग और अन्य प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। उसने कहा, यूक्रेन संघर्ष के संदर्भ में, प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन के साथ बातचीत के दौरान अपनी इस बात को दोहराया कि वार्ता और कूटनीति ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है। दोनों नेताओं के बीच फोन पर यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब कुछ ही दिन पहले यह बात सामने आई थी कि मोदी इस साल वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए रूस की यात्रा नहीं करेंगे। पुतिन पिछले साल सम्मेलन के लिए भारत आए थे।

अधिकारी ने कहा, प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति पुतिन को जी-20 में भारत की मौजूदा अध्यक्षता के बारे में जानकारी दी और इसकी प्रमुख प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की भारत की अध्यक्षता के दौरान दोनों देशों के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद भी जताई। पीएमओ ने कहा कि दोनों नेताओं ने एकदूसरे के साथ नियमित संपर्क में रहने पर सहमति जताई। रूस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने परस्पर निवेश, ऊर्जा, कृषि, परिवहन (शेष पेज 8)

# सुकेश ने समिति के समक्ष जैन को 60 करोड़ देने की बात दोहराई

### ● जेल में बंद ठग ने कहा, उसके पास वाट्सएप चैट के सबूत मौजूद, मांगने पर जांच एजेंसियों को देगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली तिहाड़ जेल की सुरक्षा, प्रशासन और प्रबंधन में अनेक खामियां उजागर हुई हैं। जेल में बंद कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर और आप नेता व मंत्री सत्येंद्र जैन के मामले में नियमों के उल्लंघन की जांच के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है।

समिति को दिए अपने बयान में सुकेश ने फिर दोहराया है कि जेल में सुरक्षा और राज्यसभा सीट पाने के एवज में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं मंत्री सत्येंद्र जैन को उसने 60 करोड़ रुपये दिए। इस मुद्दे पर आप या दिल्ली सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। इससे पहले पार्टी के नेताओं ने चंद्रशेखर के आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि वह भाजपा प्रवक्ता की तरह बोल रहा है और जेल से बाहर आने के बाद वह पार्टी में शामिल हो जाएगा।

चंद्रशेखर द्वारा जैन समेत आप नेताओं पर लगाए गए आरोपों की जांच के लिए दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (गृह) की अगुवाई में तीन सदस्यीय समिति गठित की गई थी। चंद्रशेखर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज धन शोधन मामले में तिहाड़ जेल में बंद है। सूत्रों ने बताया कि समिति के सदस्यों ने 14-15 नवंबर को मंडोली जेल में चंद्रशेखर से मुलाकात की और उसका बयान दर्ज किया। समिति द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के मुताबिक, चंद्रशेखर ने सत्येंद्र जैन को 60 करोड़ रुपए देने की बात कही। उसने कहा कि आम आदमी पार्टी की तरफ से राज्यसभा सीट पाने के लिए 50 करोड़ (शेष पेज 8)

# पांचवीं कक्षा की छात्रा को टीचर ने पहली मंजिल से नीचे फेंका

### ● फेंकने से पहले छोटी कैंची से हमला भी किया था, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** नगर निगम के एक प्राथमिक विद्यालय की महिला टीचर की हैवानियत सामने आई है। किसी बात पर नाराज टीचर ने पहले इस बच्ची पर पेपर काटने वाली छोटी कैंची से हमला किया फिर पहली मंजिल से नीचे फेंक दिया।

मासूम बच्ची के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटों आई है। घायल बच्ची को निगम के बाड़ा हिंदू राव अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। टीचर पर बच्चों को मारने-पीटने के आरोप पहले भी लगे हैं लेकिन स्कूल प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने हत्या की कोशिश का मामला दर्ज कर आरोपी शिक्षिका गीता रानी देशवाल को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फिल्मिस्तान के सामने मॉडल बस्ती स्थित प्राथमिक विद्यालय में पीड़िता पांचवीं कक्षा में पढ़ती है।

आरोप है कि शिक्षिका गीता रानी देशवाल ने पहले छात्रा पर कागज काटने वाली कैंची से हमला किया फिर गुस्से में उसे पहली मंजिल की कक्षा से नीचे फेंक दिया। पुलिस उपायुक्त श्वेता चौहान ने बताया कि शुक्रवार करीब सवा 11 जे देश बंधु गुप्ता रोड थाना को जानकारी मिली थी कि डीबीजी रोड स्थित एक स्कूल की इमारत की पहली मंजिल की कक्षा से एक बच्चे को नीचे फेंक दिया गया है। इस (शेष पेज 8)

### पहले भी आ चुकी है शिकायत

**पुलिस** ने हत्या की कोशिश का मामला दर्जकर आरोपी टीचर गीता रानी देशवाल को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के मुताबिक टीचर पर बच्चों को मारने-पीटने के आरोप पहले भी लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि टीचर के इस व्यवहार से परेशान होकर कुछ महिलाओं की ओर से इसकी शिकायत भी की गई थी लेकिन स्कूल प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की और न ही टीचर के व्यवहार में कोई बदलाव आया।

### एमसीडी उठाएगी इलाज का खर्च, शिक्षिका निलंबित

**नई दिल्ली।** निगम प्राथमिक बालिका विद्यालय, मॉडल बस्ती के निगम स्कूल की टीचार द्वारा छात्रा के पहली मंजिल से फेंके जाने के मामले को दिल्ली नगर निगम ने गंभीरता से लिया है। मामला तूल पकड़ने पर निगम आयुक्त ने आरोपी टीचर गीता रानी देशवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही मामले में जांच के आदेश दिए है। दिल्ली नगर निगम के अनुसार, घटना की जानकारी मिलने पर (शेष पेज 8)

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| संसेक्स | 61,337 | ↓ | 461 | |
| निफ्टी | 18,269 | ↓ | 145 | |
| सोना | 54,222 | ↑ | 107 | /10g |
| चांदी | 68,001 | ↓ | 120 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### सैन्य शिविर के बाहर गोलीबारी में दो नागरिकों की मौत

**राजौरी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले मे शुक्रवार सुबह सैन्य शिविर के बाहर गोलीबारी की घटना मे दो आम नागरिकों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेना ने गोलीबारी और आम नागरिकों के हताहत होने की घटना के लिए अज्ञात आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराया है जबकि अधिकारियों ने पहले कहा था कि सेना के एक संतरी ने कथित रूप से गोलीबारी की जिससे लोग हताहत हुए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग सड़कों पर उतर आए और सेना के शिविर के अल्फा गेट के बाहर हुई हत्याओं के विरोध मे शिविर पर पथराव किया। गुस्साए स्थानीय लोगों ने जम्मू-पुंछ राष्ट्रीय राजमार्ग को बाधित कर दिया और घटना के संबंध मे जांच की मांग की।

# मेस्सी पर होगा अर्जेंटीना की उम्मीदों का सारा दारोमदार



**एपी।** दोहा

**अपना** दूसरा और आखिरी विश्व कप फाइनल खेलने जा रहे लियोनेल मेस्सी पर पूरे देश की उम्मीदों का दारोमदार होगा। आठ साल पहले वह खिताबी मुकाबले में चूक गए थे लेकिन उन जख्मों को अब दोबारा हरा नहीं होने देना चाहेंगे। अर्जेंटीना ने तीन दशक से अधिक समय से विश्व कप नहीं जीता है। मेस्सी का सपना लुसैल स्टेडियम पर रविवार को होने वाले फाइनल में फ्रांस को हराकर खिताब जीतने का है क्योंकि अपने सुनहरे कैरियर में इसके अलावा वह सब कुछ जीत चुके (शेष पेज 8)

# व्यक्तिगत स्वतंत्रता अनमोल, कोई मामला छोटा नहींः सुप्रीम कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार एक कीमती और अपरिहार्य अधिकार है और अगर वह देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों के उल्लंघन से जुड़े मामलों में कार्वाई नहीं करता है, तो यह उसे हासिल विशेष संवैधानिक शक्तियों का उल्लंघन करने जैसा होगा। कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने दो दिन पहले कहा था कि उच्चतम न्यायालय को जमानत आवेदनों और निरर्थक जनहित याचिकाओं पर सुनवाई नहीं करनी चाहिए, जब लंबित मामलों की संख्या इतनी अधिक है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक आदेश को खारिज करते हुए सवाल किया, अगर हम अपनी (शेष पेज 8)

# कांग्रेस की भारत यात्रा के 100 दिन पूरे

### ● राहुल गांधी के नेतृत्व में 2,600 किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी है यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** दौसा

**शुक्रवार** को राहुल के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे हो गए। राहुल गांधी के नेतृत्व में यात्रा 2,600 किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी है। सुबह चाय के लिए विराम के बाद सुक्खू के अलावा अग्निहोत्री और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एचपीसीसी) की प्रमुख प्रतिभा सिंह, उनके बेटे विक्रमादित्य सिंह और राज्य के कुछ अन्य नवनिर्वाचित विधायक तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के हिमाचल प्रभारी राजीव शुक्ला भी यात्रा में शामिल हुए।

राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का गढ़ कहे जाने वाले दौसा में पदयात्रियों के स्वागत के लिए भारी भीड़ उमड़ी थी। नेताओं की हौसला अफजाई के लिए पूरे यात्रा मार्ग पर लोगों की कतारें लगी हुई थीं। राहुल के बगल में चल रहे पायलट के समर्थन में कई जगहों पर नारे लगे। सचिन पायलट और उनके पिता दिवंगत राजेश पायलट, दोनों पूर्व में दौसा से सांसद निर्वाचित हो चुके हैं। सुक्खू, अग्निहोत्री, प्रतिभा सिंह, शुक्ला और (शेष पेज 8)



दौसा में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी

### युद्ध की तैयारी कर रहा चीन, भारत सरकार सोई हुई हैः राहुल गांधी

**जयपुर, नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि चीन युद्ध की तैयारी कर रहा है, जबकि सरकार सोई हुई है और इस खतरे को नजरअंदाज करने की कोशिश कर रही है। गांधी द्वारा सरकार पर निशाना साधे जाने पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कांग्रेस नेता पर देश में भ्रम फैलाने और सैनिकों का मनोबल गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाया। भाजपा ने कहा कि यह जवाहरलाल नेहरू का (शेष पेज 8)

# यीडा की विकास परियोजनाओं को लगेंगे पंख

## टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क के लिए जापानी कंपनियों से 10000 करोड़ का एमओयू साइन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा फरवरी 2023 में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए यमुना प्राधिकरण को 60000 करोड़ निवेश का लक्ष्य दिया गया है।

उप्र सरकार में पर्यटन एवं सांस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में यमुना प्राधिकरण (यीडा) के सीईओ डॉक्टर अरुण वीर सिंह इन दिनों जापान में आयोजित रोड शो में यीडा की परियोजनाओं का प्रदर्शन करने में जुटे हुए है। जीआईएस रोड शो 2023 के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की टीम तथा जापानीज बिजनेस लीडर जापान में मिले। जहां जापान में वेस्ट इन टोक्यो में रोड शो आयोजित किया गया।


यीडा की परियोजनाओं के लिए एमओयू साइन करते सीईओ अरूणवीर सिंह।

जापान में इस रोड शो के दौरान जापान के प्रतिष्ठित संस्थानों तथा जापान फार्मास्यूटिकल्स ट्रेडर्स एसोसिएशन्स के पदाधिकारियों के साथ उत्तर प्रदेश में अवस्थापना परियोजना, फार्मा उद्योग मेडिकल डिवाइसेस तथा विश्वस्तरीय वेरहाउजिंग सुविधाओं के संबंध में विचार विमर्श किया गया। रोड शो के दौरान यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के सीईओ द्वारा यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र में 100 एकड़ भूमि पर टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क हेतु क्वॉलिटी ऐंड इवैल्युएशन सेंटर स्थापित करने 10000 करोड़ का एमओयू निसेनकेन गुणवत्ता मूल्यांकन केंद्र टोक्यो प्रयोगशाला के ताकेशी एंडो के साथ किया। इस परियोजना से यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र में दस हजार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। इसके अतिरिक्त यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण द्वारा जापान में एक और एमओयू निसेनकेन गुणवत्ता मूल्यांकन केंद्र टोक्यो प्रयोगशाला के अकेशी एंडो के साथ हस्ताक्षरित किया गया। यह एमएमयू यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र में 50 एकड़ भूमि पर 5000 करोड़ के निवेश से वेस्ट मैनेजमेंट फैसिलिटीज मैन्युफैक्करिंग सेंटर स्थापित करने से संबंधित है।

### आस्ट्रेलिया-सिंगापुर के निवेशकों का आह्वान

**नोएडा।** गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के छात्रों को आने वाले दिनों में वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने में आसानी होगी। इसके लिए जीबीयू व वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय के बीच करार हुआ है। छात्र वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय से शहरी कृषि, शहरी वानिकी, ग्रीन सिटी, जल संरक्षण आदि विषयों पर कोर्स व रिसर्च कर सकेंगे। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और नोएडा.ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी आस्ट्रेलिया व सिंगापुर के दौरे पर हैं। सीईओ रितु माहेश्वरी आस्ट्रेलिया व सिंगापुर के कई फोरम पर नोएडा.ग्रेटर नोएडा के विकास मॉडल को प्रदर्शित किया। सीईओ ने निवेशकों को नोएडा.ग्रेटर नोएडा में निवेश करने के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया.इंडिया बिजनेस काउंसिल के जरिए उत्तर प्रदेश में निवेश के द्वार खुले हैं। कई निवेशक ग्लोबल इनवेस्टर समिट का हिस्सा बनकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा में निवेश के लिए तैयार हैं। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व सीईओ ऋतु माहेश्वरी की मौजूदगी में वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय और जीबीयू के बीच भी करार हुआ। इसके जरिए जीबीयू के छात्र वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय से शहरी कृषि, शहरी वानिकी, ग्रीन सिटी, जल संरक्षण आदि विषयों पर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

# अमिताभ व ऐश्वर्या राय के नकली पासपोर्टों के साथ नाइजीरियन पकड़े

- नकली डॉलर, पाउंड, नकली करेंसी तैयार करने के औजार जब्त

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना बीटा.2 पुलिस व साइबर सेल टीम ने अभिनेत्री ऐश्वर्या राय के नकली पासपोर्ट, नकली विदेशी करेंसी के साथ 3 नाइजीरियन को गिरफ्तार किया है।

इनके पास से भारी मात्रा में नकली डॉलर, पाउंड, नकली करेंसी तैयार करने के औजार, पासपोर्ट, एबाट फार्मास्यूटिकल कंपनी के फर्जी दस्तावेज बरामद हुए हैं।डीसीपी ग्रेटर नोएडा अभिषेक वर्मा ने बताया कि थाना बीटा.2 प्रभारी अंजनी कुमार सिंह व साइबर सेल की टीम ने बीती रात्रि ग्रेटर नोएडा की सुपरटेक अपकंट्री सोसाइटी से 3 नाईजीरियन नागरिकों इका उफेरमवुक्के, एडविन कॉलिन्स, ओकोलोई डैमियन को गिरफ्तार किया है इनके पास से फिल्म अभिनेत्री ऐश्वर्या राय व अन्य व्यक्तियों के फर्जी पासपोर्ट के कलर प्रतियां, ढाई लाख रुपए के 3 हजार असली अमेरिकी डॉलर, 26 बंडल में करीब 13 लाख डॉलर नकली, 10550 के नकली पाउंड, कलर प्रिंटर, स्कैनर, दो डोंगल, ओटीजी कनेक्टर, दो नकली पासपोर्ट, लैपटॉप, पेनड्राइव एबार्ट फार्मास्यूटिकल्स कंपनी के फर्जी दस्तावेज डॉलर के साइज के कटे हुए प्लेन पेपर में बची हुई कतरन, से मोबाइल फोन 11 सिम कार्ड, व एक कार बरामद हुए हैं। पकड़े गए तीनों आरोपी डेटिंग एप्स के माध्यम से लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं और उनसे ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं। इसके अलावा यह तीनों आरोपी फार्मास्यूटिकल कंपनी के प्रतिनिधि बनकर लोगों को जड़ी.बूटी सस्ते दामों में खरीद कर लाने तथा कम दामों में बेचने का प्रलोभन देकर ठगी करते हैं।

# क्रिकेटर मुनाफ पटेल से प्रशासन ने वसूले 52 लाख रुपए, दो बैंक खाते भी सीज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण द्वारा जारी आरसी के आधार पर गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन ने पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर मुनाफ पटेल के दो बैंक खातों को सीज कर 52 लाख रुपए की वसूली की है। मुनाफ पटेल एक बिल्डर कंपनी में निदेशक हैं।

जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने बताया कि यूपी रेरा की आरसी पर बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मुनाफ पटेल भी उस कंपनी में डायरेक्टर है। विधिक सलाह के बाद राजस्व टीम ने बैंक खाता सीज कर आरसी का पैसा वसूला है। उन्होंने बताया कि बकाया धनराशि की वसूली का भी प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट सेक्टर-10 में निवास प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम वनलीफट्रॉय नाम से प्रोजेक्ट है।

प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं होने पर खरीदारों ने यूपी रेरा मे शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर सुनवाई के बाद यूपी रेरा ने बिल्डर के खिलाफ आदेश जारी किया था। आदेश का पालन नहीं करने पर यूपी रेरा ने बिल्डर को आरसी जारी कर दी थी। जिला प्रशासन के पास बिल्डर के खिलाफ 10 करोड़ की 40 से अधिक आरसी लंबित है। इस मामले में दादरी तहसील की टीम वसूली के लिए प्रयास कर रही है, लेकिन बिल्डर पैसा नहीं दे रहा है।

तहसील की टीम ने विधिक सलाह लेने के बाद कंपनी के निदेशकों से वसूली शुरू कर दी है। जिला अधिकारी ने बताया कि क्रिकेटर मुनाफ पटेल कंपनी के डायरेक्टर हैं।

उनके नोएडा और गुजरात में एक्सिस बैंक की 2 शाखाओं में स्थित 2 खातों को सीज कर राशि की वसूली की गई है। दोनों बैंक से तकरीबन 52 लाख रुपए जप्त किया गया है। उन्होंने बताया कि बिल्डर के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# ग्रेटर नोएडा के स्कूलों का 8.5 करोड़ से होगा कायाकल्प

- प्राधिकरण ने कुल 34 कार्यों के लिए टेंडर निकाले

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ऑपरेशन कायाकल्प के तहत ग्रेटर नोएडा के स्कूलों को चमकाने की पहल प्राधिकरण ने की है। इन स्कूलों के नवीनीकरण के लिए प्राधिकरण ने 8.43 करोड़ रुपए के टेंडर निकाले हैं। एक माह में टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर काम शुरू कराया जाएगा।



प्राधिकरण ने कुल 34 कार्यों के लिए 18.40 करोड़ रुपए के टेंडर निकाले हैं। जिनमें तालाबों का सौंदर्यीकरण, गांवों के विकास कार्य व स्मार्ट विलेज के कार्य शामिल हैं।

ऑपरेशन कायाकल्प के तहत नवीनीकरण के कार्यों के लिए कुल 157 स्कूलों की सूची ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को दी गई है। जिनमें से 40 स्कूलों में पहले ही नवीनीकरण के कार्य हो चुके हैं। प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने परियोजना विभाग के साथ बैठक कर 118 स्कूलों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना विभाग ने अब तक 92 स्कूलों के नवीनीकरण के लिए टेंडर जारी कर दिए हैं। इनमें प्राइमरी व जूनियर हाई स्कूल दोनों शामिल हैं। जिसमें स्कूल ग्राम खेड़ा धर्मपुरा, मिलक लच्छी, रोजा याकूबपुर, रोजा जलालपुर, अच्छेजा, हैबतपुर, रिछपालगढ़ी, युसुफ पुर चकशाहबेरी, चिपियाना बुजुर्ग, जौन समाना, खेड़ी भनौता, कैलाशपुर, आमका, सादोपुर, वैदपुरा, खोदना कला, श्यौराज पुर, रूपवास, तिलपता, थापखेड़ा, मथुरापुर, लुक्सर, डाढ़ा, खानपुर, कासना, नटों की मड़ैया, बुलंदखेड़ा, समसपुर, ननवा का राजपुर, इमिलियाका, बिसायच, पीपलका, सूरतपुर, आजमगढ़ी, कासना, कनारसा, हतेवा, नवादा दादूपुर, दलेलगढ़, बूड़ा और घरबरा गांव में स्थित हैं। इसके साथ ही प्राधिकरण ने 21 तालाबों के नवीनीकरण के लिए 4.34 करोड़ के टेंडर जारी कर दिए हैं। इनमें भोला रावल, वैदपुरा, खोदना कलां, तिलपता करनवास, सुनपुरा, मंडी श्यामनगर, खेरली हाफिजपुर, देवटा, जुनैदपुर, रोशनपुर, डाढ़ा, बिरौड़ा, कयामपुर, खानपुर, बुलंदखेड़ा, पतलाखेड़ा व जानीपुरा गांव के तालाब शामिल हैं।

प्राधिकरण ने स्मार्ट विलेज अस्तौली व अमीनाबाद उर्फनियाना में विकास कार्य कराने के लिए 4.86 करोड़ के टेंडर निकाले हैं। इसके अलावा धूमि मानिकपुर में इंटरलॉकिंग टाइल्स व सीसी रोड बनाने और पल्ला में व्यायामशाला व पुस्तकालय का निर्माण करने के लिए भी 76.49 लाख के टेंडर जारी कर दिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार


पुलिस गिरफ्त में ट्रक का टिप ट्रेलर चुराने वाले आरोपी।

### एक्सीडेंट ट्रक के टिप ट्रेलर को चुराने वाले पकड़े

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की मसूरी पुलिस ने एक्सीडेंट ट्रक के टिप ट्रेलर को चुराने वाले गैंग के तीन सदस्यों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उनसे चोरी हुआ टिप ट्रेलर बरामद हो गया, जिसकी कीमत करीब 18 लाख रुपए है। गाजियाबाद में कस्बा मसूरी निवासी शहजाद ने बताया कि 15 अक्टूबर 2022 को उनका टिप ट्रेलर ट्रक गांव बहरोड़ा के पास एक सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गया था। ट्रक का आगे वाला हिस्सा उन्होंने ठीक होने के लिए फरीदाबाद भेज दिया। जबकि पीछे वाले हिस्से को उन्होंने मसूरी गंगनहर के नजदीक गौड़ ग्रीन सिटी में ऑफिस के पास लाकर खड़ा कर दिया। 7 दिसंबर 2022 की रात टिप ट्रेलर का पीछे वाला हिस्सा अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। शहजाद ने इस संबंध में 10 दिसंबर को थाना मसूरी में थ्स् भी दर्ज कराई थी। इंस्पेक्टर आरसी पंत ने बताया, इस केस में तीन आरोपी आजाद, शहवाज और दानिश को गिरफ्तार करते हुए चोरी हुआ टिप ट्रेलर बरामद कर लिया है।

### मोमबत्ती और गीत गाकर शहीदों को किया याद

**नोएडा।** विजय दिवस के अवसर पर सेक्टर.150 स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर प्राधिकरण के ओएसडी और अन्य अधिकारियों ने मोमबत्ती जलाकर शहीदों को नमन किया। वहीं स्कूली बच्चों की ओर से मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई। विजय दिवस प्राधिकरण के अधिनस्त एनजीओ गाईडेड फार्च्यून समिति की ओर से पार्क में प्लागिंग की गई। पार्क में साफसफाई की गई। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय गढ़ी समस्तीपुर के विद्यार्थियों ने शहीदों के सम्मान में रैनी निकाली। इस मौके पर डीजीएम एसपी सिंह ने विजय दिवस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने वहां मौजूद बच्चों को बताया कि देशभर में भारत की पाकिस्तान पर जीत के उपलक्ष्य में 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाता है। आज का दिन सैनिकों के शौर्य को सलाम करने का दिन है। इस मौके पर ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह ने देश के शहीदों के नाम देशभक्ति गीत गाकर जनमानस को प्रोत्साहित किया। इसके बाद स्कूली बच्चों ने नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुती दी। कार्यक्रम में ओएसडी अविनाश त्रिपाठी, परियोजना अभियंता जन स्वास्थ्य विजय रावल, केवी सिंह, गौरव बंसल, सहायक परियोजना अभियंता रतिक, प्रदीप शर्मा के अलावा तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

### मार्बल मार्किट की दो दुकानों में हुई चोरी, हंगामा

**गाजियाबाद।** चोरों ने सिहानी गेट थाना क्षेत्र के अंतर्गत कालकागढ़ी चौक पर स्थित मार्बल मार्केट में इंडियन मार्बल हाउस सहित दो शोरूमों के ताले तोडकर वहां से गल्ले में रखी नगदी चुरा ली। इसके अलावा चोरों ने वहां तीन और दुकानों के भी ताले तोडने की कोशिश की। इस वारदात की सूचना मिलते ही जहां व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया, वहीं कारोबारियों ने मार्बल मार्केट के पास कालका गढ़ी चौक पर प्रदर्शन करने का मन भी बना लिया। उधर, उक्त वारदात की सूचना मिलते ही एसएचओ सिहानी गेट नरेश कुमार शर्मा व एसीपी ऑलोक दुबे समेत पुलिस के आला अफसर भी घटनास्थल पर पहुंच गये। पुलिस ने घटनास्थल की जांच करने के बाद रिपोर्ट दर्ज करके चोरी के खुलासे के प्रयास शुरू कर दिये। साथ ही एसीपी व एसएचओ ने कारोबारियों को यह आश्वासन भी दिया कि चोरी की वारदात का खुलासा शीघ्र कर दिया जायेगा।

# हैबतपुर में अवैध निर्माण पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

- सात जेसीबी की मदद से तीन घंटे तक कार्रवाई कर जमीन खाली कराई गई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बुल्डोजर शुक्रवार को हैबतपुर में अतिक्रमण पर चलाया गया। प्राधिकरण ने तीन खसरा नंबरों पर बने अतिक्रमण को ढहा दिया। करीब 11700 वर्ग मीटर जमीन खाली कराई गई। इस जमीन पर 50 किसानों के छह फीसदी आबादी भूखंड नियोजित हैं।




ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने सभी पात्र किसानों को छह फीसदी आबादी भूखंड शीघ्र दिए जाने के निर्देश दिए हैं। किसानों के लिए चिंहित जमीन खाली कराकर उनका प्लॉट लगाया जा रहा है।

प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा शर्मा ने बताया कि हैबतपुर में खसरा नंबर 137, 143 व 144 में करीब 11700 वर्ग मीटर जमीन पर 50 किसानों को आबादी भूखंड दिए जाने हैं। इन खसरा नंबरों की जमीन पर कालोनाइजर अवैध कालोनी काट रहे थे। प्राधिकरण के परियोजना विभाग के वर्क सर्किल एक के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह और एसीपी योगेंद्र सिंह टू सेंट्रल नोएडा जोन के नेतृत्व में शुक्रवार को अतिक्रमण के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया गया।

बड़ी संख्या में प्राधिकरण और नोएडा पुलिस बल की मौजूदगी में सात जेसीबी की मदद से करीब तीन घंटे तक कार्रवाई कर जमीन खाली करा ली गई। इसकी कीमत करीब 23 करोड़ रुपये आंकी गई है। अतिक्रमण हटाने के अभियान में प्राधिकरण के इंस्पेक्टर फतेह सिंह, वर्क सर्किल एक के प्रबंधक प्रभात शंकर व सहायक प्रबंधक राजीव कुमार भी शामिल रहे।

प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ ध्वस्तीकरण अभियान जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

# गाजियाबाद के डीजीपी ने बढ़ाया एडीजी लॉ एंड ऑर्डर का कद

- सभी समीक्षा बैठक प्रशांत के निर्देश में होंगी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान ने कमिनश्नरेट में तैनात सीपी से लेकर जोन, रेंज व जनपदों में तैनात एडीजी, आईजी, डीआईजी व एसएसपी एसपी स्तर के अधिकारियों के लिए एक आदेशपत्र जारी किया है।

इस पत्र में कमिश्नरेट सहित जोन, रेंज व जनपदों में तैनात पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा गया है कि अब से वे सभी कानून संबंधी किसी भी समस्या और अपने कार्यों का लेखा-जोखा उन्हें ना सौंपकर एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार को सौंपेंगे। सभी समीक्षा बैठक एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार के निर्देश में होंगी।

अब कमिश्नरी में तैनात एडीजी स्तर के अफसरों को भी अपनी रिपोर्ट एडीजी लॉ एंड ऑर्डर को देनी होगी। डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान के आदेश के बाद एडीजी लॉ एंड ऑर्डर का कद बहुत बढ़ जाएगा।

# अधेड़ ने किशोरी को अगवा कर की अश्लील हरकत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना फेस-2 क्षेत्र के नया गांव में रहने वाले एक 50 वर्षीय व्यक्ति ने एक 7 वर्षीय किशोरी के साथ अश्लील हरकत की।

वह किशोरी को उसके घर से अगवा करके पार्क में ले गया था। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना फेस.2 के प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी ने बताया कि नया गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पड़ोस में रहने वाला मुकेश नामक व्यक्ति उसकी 7 वर्षीय बेटी को घर से अगवा करके, पार्क में ले गया। वहां पर ले जाकर वह उसके साथ अश्लील हरकत कर रहा था।

परिजन बच्ची को ढूंढते हुए पार्क में पहुंच गए, तथा उन्होंने आरोपी को पकड़ लिया, और पुलिस के हवाले कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायालय ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# पलक झपकते ही चुरा लेते थे लग्जरी कार, पांच गिरफ्तार

- 14 नई गाड़ियों और कंप्यूटर डिवाइस बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 थाना पुलिस और एंटी ऑटो थेफ्ट टीम ने शुक्रवार को अंतर्राज्यीय चार पहिया वाहन चोर गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने इस दौरान 5 चोरों को गिरफ्तार किया। जिनमें से तीन बदमाश रात मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार हुए थे।



पुलिस ने इनके कब्जे से 6 चोरी की लग्जरी गाड़ियां, एक कंप्यूटर डिवाइस, 14 नई गाड़ियों की साथ ही चाबी व अन्य सामान बरामद किए हैं। गुरुवार रात को बीटा 2 थाना पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई थी। इस दौरान पुलिस ने 2 बदमाशों को घायल अवस्था में, जबकि एक बदमाश को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इस दौरान अभिजीत, संदीप नागर और अमरदीप को पकड़ा था। उनके कब्जे से एक चोरी की ब्रेजा कार भी बरामद हुई। जब पुलिस ने इन लोगों से गहनता से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि यह शातिर वाहन चोर गिरोह के सदस्य हैं, जो दिल्ली-एनसीआर में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे।

इनसे पूछताछ के बाद पुलिस ने इनके अन्य दो साथियों के केशव और आशीष को भी गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी ग्रेटर नोएडा अभिषेक वर्मा ने बताया कि यह एक शातिर वाहन चोर गिरोह के सदस्य हैं, जो लग्जरी गाड़ियों को सॉफ्टवेयर के माध्यम से नई चाबी बना कर चोरी किया करते थे। इनको अन्य राज्यों में जाकर कम दामों में बेच दिया करते थे।

# आई लव नोएडा और प्राउड नोएडा के लगेंगे बोर्ड

- गार्बेज फ्री शहरों की में फाइव स्टार रैकिंग हासिल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को पहले स्थान पर लाने के लिए इस बार सेल्फी प्वाइंट पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्राधिकरण के डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि बताया कि शहर में दो म्यूजिकल फाउंटेन और निर्माणाधीन म्यूजिकल फाउंटेन के पास आई लव यू नोएडा और प्राउड नोएडा व अन्य स्लोगन लगवा कर सेल्फी पाइंट बनाए जाएंगे।

सेल्फी पाइंट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। एक बैठक आयोजित कर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी




फाउंटेन पर हाई इंटेंसिटी डिफ्यूजर लगाए जाए। जिससे एयर पलूशन पर कंट्रोल किया जा सके।

इसके अलावा शहर की सभी स्ट्रीट लाइट ठीक करने के लिए कार्य करे। सामुदायिक शौचालयों, सार्वजनिक शौचालयों व उद्यान विभाग की ओर से कराए गए कार्यों में कलर फुल लाईट लगाई जाए। नोएडा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में भी प्रतिभाग कर रहा है। इसके लिए हेल्प लाइन नंबर भी जारी किए गए। शहर में सीएंडडी वेस्ट के निस्तारण के लिए 18008919657 और जन स्वास्थ्य से संबंधित शिकायत होने पर 9717080605 पर शिकायत की जा सकती है। उप महाप्रबंधक एसपी सिंह ने कहा कि नोएडा में स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के लिए प्लान तैयार किया गया है। जिसमें बताया गया कि किसी तरह से 100 प्रतिशत कचरे का सेग्रीगेशन एवं उसका निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि 50 किग्रा से अधिक कचरा पैदा करने वाली इकाईयों बल्क वेस्ट जनरेटर में आती है। नोएडा रोजाना करीब 300 टीपीडी कंस्ट्रक्शन वेस्ट का प्रोसेस करता है।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में स्थित

- 2019 में 150वीं रैंक
- 2020 में 25वीं रैंक प्राप्त
- 2021 में क्ली नेस्ट अवॉर्ड
- 2022 बेस्ट सस्टेनेबल सिटी

# नगर आयुक्त ने रैन बसेरों की जिम्मेदारी उद्यान प्रभारी को दी

- 13 स्थानों परशेल्टर होम चल रहे है

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने शेल्टर होम में व्यवस्था को लेकर कड़ा संदेश दिया। उन्होंने एक पत्र उद्यान प्रभारी डॉ अनुज सिंह को सौंपा है जिसमें उन्होंने कहा कि अगर किसी शेल्टर होम में कोई भी अव्यवस्था सामने आती है तो इसके उत्तरादायीं उद्यान विभाग प्रभारी होंगे। सर्दी के मौसम में गरीब लोगों को बचाने के लिए शहर में 13 स्थानों पर स्थाई रेन बसेरे या शेल्टर होम चल रहे है।

इन सभी रैन बसेरों के संचालन का कार्य नगर निगम की जिम्मेदारी है। इसी को लेकर अब नगर निगम व्यवस्था करने में लगा है जिससे किसी भी गरीब को खुले में रात बीताने के लिए मजबूर नहीं होना पड़े। नगर आयुक्त ने सभी रेन बसरों में व्यवस्था करने के लिए पहले ही निर्देश जारी कर दिए हैं। उनका कहना हैकि मानक के हिसाब से हर रैन बसेरे में सुविधा होनी चाहिए।

नगर निगम में तैनात माली जयभगवान शर्मा का निधन हो गया। नगर निगम में उनकी आत्मा की शांति के लिए एक शोक सभा की गई जिसमें नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ के अलावा अन्य अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। इसके बाद नगर निगम ऑफिस बंद कर दिया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# महिला की हत्या व 1 करोड़ की लूट में दो गिरफ्तार

## दोनों की शादी कर विदेश में बसने की थी योजना, लूट की ज्वैलरी और 14.4 लाख रुपये बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



हत्या के आरोपियों को मीडिया के सामने पेश करती दिल्ली पुलिस।

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के शालीमार बाग में अधेड़ उम्र की महिला रजनी की उसके घर में की गई हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने मृतका के रिश्तेदार और उसकी महिला मित्र को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के कब्जे से लूट की करीब एक करोड़ रुपये की ज्वैलरी और 14.4 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपी एक-दूसरे से शादी करके विदेश में बसना चाहते थे। मृतक रजनी का रिश्तेदार कुंद्रा जानता था कि महिला अमीर है, इसलिए उसने इस वारदात को अंजाम दिया।

विशेष आयुक्त (अपराध) रवींद्र यादव ने बताया कि गत 13 दिसंबर को चेतन मदान नाम के एक व्यक्ति ने फोन कर जानकारी दी थी कि शालीमार बाग में उसकी मां घर का दरवाजा नहीं खोल रही है। इसके बाद पुलिस की टीम वहां पहुंची और दरवाजा खोलकर अंदर गई तो उसके होश उड़ गए। महिला बेड पर बेसुध पड़ी थी। पुलिस महिला को अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर छानबीन शुरू की और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। शुरुआती जांच में पता चला था कि आरोपी ने घर में फ्रेंडली एंट्री की थी, इसलिए पुलिस वारदात में किसी करीबी या जानकार का हाथ होने का अंदेशा भी जता रही थी। मृतक महिला के बेटे चेतन मदान ने पुलिस को घर से करीब एक करोड़ के गहने और लाखों रुपये गायब होने की जानकारी दी। मुखबिर और सर्विलांस के जरिए पुलिस को मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने मधुर कुंद्रा और उसकी दोस्त अमरजोत कौर को अमृतसर के एक होटल से गिरफ्तार किया।

पूछताछ के बाद दोनों के पास से 1 करोड़ रुपये के आभूषण और 14.4 लाख रुपये की नकदी बरामद की। उन्होंने बताया कि मधुर कुंद्रा रजनी मदान का रिश्तेदार है और आरोपी भागकर शादी करने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने कहा कि दोनों आरोपी एक-दूसरे से शादी करके विदेश में बसना चाहते थे। मृतक रजनी का रिश्तेदार कुंद्रा जानता था कि महिला अमीर है, इसलिए उसने उसे लूटने का फैसला किया।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि आरोपी मधुर कुंद्रा मृतका की भाभी (ननद) का बेटा है। वह शादीशुदा है और उसका 7 साल का एक बच्चा भी है। वह मेरठ से एमबीए है और चिकित्सा उपकरण का व्यवसाय करता है। कारोबार के चलते वह विभिन्न अस्पतालों का दौरा करता था। इस दौरान उसकी दोस्ती अमृतसर के एक अस्पताल में स्टाफ नर्स के रूप में काम करने वाली अमरजोत कौर से संधू हुई है।

संधू की जनवरी 2021 में शादी हुई थी लेकिन शादी के तुरंत बाद पति ने उसे छोड़ दिया था। इसके बाद दोनों आरोपी शादी करने और विदेश में शिफ्ट होने की योजना बनाई। अपनी योजना को अंजाम देने के लिए उन्हें पैसों की जरूरत थी। उसे पता चला कि रजनी के पास काफी धन दौलत है। इस लालच में मधुर कुंद्रा ने अपनी योजना को अंजाम देने के लिए चेतन के बैग से मृतक के घर की चाबियां चुरा ली थी।

इसके बाद दोनों ने मृतक को लूटने की योजना बनाई और अपनी योजना को अंजाम देने के लिए दिसंबर में कई बार मृतक के घर गए, लेकिन अपनी योजना को अंजाम नहीं दे सके। अंत में 13 दिसंबर को मौका पाकर रजनी की तकिए से गला दबाकर हत्या कर दी और घर से गहने और रुपये लूट कर वहां से भाग गए थे।

# निर्भया मामले को पूरे हुए दस साल नहीं आई ऐसे केसों में कोई कमी

- 2020 में महिलाओं के खिलाफ दर्ज मामले 9,783 थे, वर्ष 2021 में बढ़कर गए 13,893

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

देश दुनिया को हिलाकर रख देने वाले निर्भया गैंग रेप के आज 10 साल पूरे हो गए। आज ही के दिन निर्भया बस में सवार दरिंदों का शिकार हुई थी। यही ऐसा केस था जिसने पुलिस की तफ्तीश के तौर-तरीकों को न सिर्फ बदलकर रख दिया, बल्कि फॉरेंसिक सबूतों में भी ऐसा प्रयोग हुआ जो दरिंदों को फांसी तक ले जाने में एक नजीर बन गया। वहीं निर्भया मामला, दुनिया का पहला ऐसा केस था जिसमें 164 के बयान, शब्दों के बजाय इशारों से दर्ज कर लिए गए और उसी पर पूरा केस लड़ा गया।

इन सब के बावजूद हालातों में किसी तरह का बदलाव नहीं आए हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की एक रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में पिछले साल हर दिन दो नाबालिग लड़कियों के साथ रेप हुआ और दिल्ली समेत देशभर में महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित महानगर रहा। वर्ष 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 13,893 मामले दर्ज किए गए जबकि वर्ष 2020 में यह आंकड़ा 9,783 था। कुल मिलाकर इनमें कमी आने की बजाए ये मामले बढ़े ही हैं।

निर्भया केस के 10 साल पूरे होने पर पीड़िता की मां ने कहा कि, उन्हें बेटी के गुनाहगारों को सजा दिलाने के लिए 8 साल तक लड़ाई लड़नी पड़ी। तब जाकर इंसाफ मिला। आज भी रेप के मामलों में ऐसी कई मां और परिवार हैं, जो कई सालों से न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं।



### सिंगापुर में हारी थी जिंदगी की जंग

निर्भया की शरीर को बुरी तरह नोंचा गया था। जब डॉक्टरों ने निर्भया को देखा तो उसके शरीर में केवल 5 फीसदी आंतें ही ठीक बची थीं। बाकी सब खराब हो चुकी थीं। इतनी वीभत्स घटना के बारे में जानकर पूरे देश का गुस्सा फूट पड़ा। लोग सड़क पर उतर आए और जबरदस्त विरोध प्रदर्शन हुआ। राजधानी दिल्ली में सबसे अधिक गुस्सा देखा गया। इस मामले को लेकर संसद में भी जोरदार हंगामा हुआ। इस दौरान निर्भया की हालत बिगड़ती चली गई। उनको अच्छे इलाज के लिए सिंगापुर के अस्पताल में शिफ्ट किया गया। हालांकि उनको बचाया नहीं जा सका। वह 29 दिसंबर की रात जिंदगी की जंग हार गईं। इस हमले में घायल निर्भया के दोस्त की जान बच गई जिसने पूरी दुनिया को इस हैवानियत के बारे में बताया।

### मुजरिमों को दी गई फांसी

*दोषियों को फांसी के तख्ते पर पहुंचाने के लिए जटिल कानूनी लड़ाई लड़ी गई। इस मामले में एक नाबालिग के अलावा राम सिंह नाम का बस ड्राइवर था जिसने तिहाड़ जेल में ही सुसाइड कर लिया था। बाकी के आरोपियों मुकेश सिंह, विनय गुप्ता, पवन गुप्ता और अक्षय ठाकुर को मौत की सजा सुनाई गई।*

# नशे के आदी युवक की भाई ने की हत्या

- सिर पर मारा था हथौड़ा, पिता के मदद से शव ठिकाने लगाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मंगोलपुरी इलाके में 23 वर्ष के एक युवक की उसके बड़े भाई और पिता ने कथित तौर पर मादक पदार्थ के सेवन और परिवार के साथ उसके रोजाना के झगड़ों को लेकर हत्या कर दी। यह जानकारी पुलिस ने शुक्रवार को दी।

घटना 13 दिसंबर की है, जब घर में कोई नहीं था। पुलिस ने कहा कि ललित कुमार (26) अपने भाई जयकिशन की हत्या करने के बाद अगले दिन थाने आया और अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने बताया कि जयकिशन नशे का आदी था और पैसे को लेकर अक्सर परिवार के लोगों से झगड़ा करता था। पुलिस ने बताया कि इस व्यवहार को देखकर, उसके बड़े भाई ललित कुमार ने उसे हथौड़े से मारा और अपने पिता (60) की मदद से शव को अपने घर के पास ठिकाने लगा दिया। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) हरेंद्र के. सिंह ने कहा कि बुधवार रात लगभग 2.15 बजे कुमार मंगोलपुरी थाने आया और खुलासा किया कि उसने अपने भाई जयकिशन की हत्या कर दी है और पुलिस उसके शव को घर के पास स्थित पार्क से बरामद कर सकती है। उन्होंने बताया कि इस पर मंगोलपुरी थानाध्यक्ष पुलिसकर्मियों सहित मौके पर पहुंचे तो वहां चादर में लिपटा शव मिला।



गत 12 दिसंबर को जयकिशन ने अपनी मां को पीटा था। उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर को जब घर में कोई नहीं था, तो कुमार ने हथौड़े से जयकिशन के सिर पर वार किया और शव को पलंग के नीचे छिपा दिया। कुमार ने जयकिशन की हत्या के बारे में अपने परिवार के सदस्यों को बताया, जिसके बाद कुमार ने अपने पिता के साथ मिलकर शव को ठिकाने लगा दिया। उन्होंने कहा कि उसकी मां भी उसी शाम घर लौटी और कुमार को पुलिस थाने जाने और अपना अपराध कबूल करने के लिए कहा।

## श्रद्धा हत्याकांड : आफताब ने जमानत के लिए खटखटाया अदालत का दरवाजा

**नई दिल्ली।** अपनी लिव-इन पार्टनर की हत्या के मामले में आरोपी आफताब पूनावाला ने जमानत के लिए शुक्रवार को अदालत का रुख किया। पूनावाला के वकील ने कहा कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वृंदा कुमारी शनिवार को याचिका पर सुनवाई कर सकती हैं।

वकील ने दलील दी कि श्रद्धा हत्याकांड की शुरुआती जांच पूरी हो गई है और आरोपपत्र अभी दाखिल किया जाना है। ऐसे में आरोपी को न्यायिक हिरासत में रखने का कोई कारण नजर नहीं आता है। पूनावाला की न्यायिक हिरासत नौ दिसंबर को और 14 दिन के लिए बढ़ा दी गई थी। ज्ञात हो कि आरोपी ने महिला मित्र के 34 टुकड़े कर दिए थे।

# कर्मचारियों के साथ सफाई में जुटे आप पार्षद

- सीएम केजरीवाल ने कहा कि बड़े स्तर पर होगी साफ-सफाई, सभी पार्षदों से इस कार्य में शामिल होने का किया अनुरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पहले



बाद में

आम आदमी पार्टी के नवनिर्वाचित कुछ पार्षदों ने अपने वार्डों में सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर इलाको को कचरा मुक्त बनाने की मुहिम शुरू किए हैं।

वार्ड नंबर सौ की पार्षद रविंदर कौर इलाके की एक गली का मलबा हटाकर उसे साफ कर दिया। इससे गदगद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कई इलाकों से ऐसी तस्वीरें मिल रही हैं जहां आम आदमी पार्टी के नवनिर्वाचित पार्षद सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर दिल्ली के कोने-कोने की साफ-सफाई कर रहे हैं। इन कर्मचारियों को पहले बुरा बोला जाता था। आज ये कितना अच्छा काम कर रहे हैं। सभी पार्षद इसी तरह अपने इलाके की की सफाई में जुट जाए। अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को अपनी पार्टी की एक महिला पार्षद का पोस्ट साझा किया जिसने अपने वार्ड में एक स्थान की सफाई से पहले और इसके बाद की तस्वीर ट्वीटर पर साझा की थी।

एमसीडी का चुनाव का परिणाम गत सात दिसंबर घोषित हुआ था जिसमें आप को 250 में से 134 सीट पर जीत का परचम लहराया था।

नगर निकाय चुनाव में साफ-सफाई आम आदमी पार्टी का अहम चुनावी मुद्दा था। केजरीवाल और उनकी पार्टी ने दिल्ली में सफाई व्यवस्था चाक चौबंद करने का वादा किया था और दिल्ली में सफाई को अहम मुद्दा बनाया था।

# जेलों में रिक्त पदों को 6 माह में भरा जाए : हाईकोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार से राष्ट्रीय राजधानी की जेलों में शिक्षकों और परामर्शदाताओं के साथ-साथ चिकित्सा और पैरामेडिकल कर्मियों के रिक्त पदों को छह महीने के भीतर भरने को कहा है।

अदालत ने रिक्तियों को भरने के लिए वकील अमित साहनी द्वारा दायर एक जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए कहा कि अधिकारियों ने इस बाबत प्रक्रिया शुरू कर दी है और निश्चित रूप से छह महीने की अवधि के भीतर इसे पूरा कर लिया जाएगा। अदालत ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा दायर एक स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, शिक्षा विभाग द्वारा 48 शिक्षकों और 23 तकनीकी शिक्षकों को कैदियों को प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए तैनात किया गया है जबकि परामर्शदाताओं के 40 पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

चिकित्साकर्मियों के पदों को भरने के लिए भी कदम उठाए गए हैं। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा, राज्य को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया जाता है कि नियुक्तियां (शिक्षकों और परामर्शदाताओं की) आज से छह महीने की अवधि के भीतर की जाएं।

# पानी के बिलों में आ रही शिकायतों का जल्द करें निपटारा : भारद्वाज

- डीजेबी के उपाध्यक्ष ने जलापूर्ति में सुधार को लेकर विधायकों के साथ की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने पानी के बिल की शिकायतों और जलापूर्ति में सुधार के मुद्दों पर विधानसभा स्तर पर चर्चा करने के लिए डीजेबी मुख्यालय में क्षेत्र के विधायकों के साथ बैठक की। इस दौरान सौरभ भारद्वाज ने अधिकारियों को आम लोगों से जुड़ी पानी और सीवर की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान करने के सख्त निर्देश दिए।

बैठक में विधायकों की तरफ से पानी के बिल से जुड़ी शिकायतों की वजह से लोगों को हो रही दिक्कतों का मुद्दा उठाया गया। विधायकों की तरफ से बताया गया कि उनको पानी के बिल से जुड़ी शिकायतें मिल रही हैं। कई जगह पर मीटर रीडर घर जाकर मीटर रीडिंग चेक नहीं कर रहे हैं। इन शिकायतों को डीजेबी उपाध्यक्ष ने गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा। अधिकारियों की तरफ से बताया गया कि कई जगह प्राइवेट कंपनियों के मीटर रीडर मीटर रीडिंग के काम में लापरवाही बरत रहे हैं।

### मांग के हिसाब से तैयार होगा वाटर एक्शन प्लान

विधायकों की तरफ से आगामी गर्मियों के मौसम में पानी की मांग में बढ़ोत्तरी की संभावना व्यक्त की गई। डीजेबी उपाध्यक्ष ने इस मुद्दे पर अधिकारियों को पानी की आपूर्ति में बढ़ोतरी और सुधार करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों से आने वाले वक्त में संभावित पानी की बढ़ती मांग के हिसाब से एक्शन प्लान तैयार करने का निर्देश दिया।

# 'एम्स के सर्वर साइबर हमले में हैकर्स ने नहीं मांगी थी फिरौती'




- लोकसभा में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ भारती पवार ने यह जानकारी दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

लोकसभा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के सर्वर को हैक किया जाने का मुद्दा उठा।

इस मद्दे पर लोकसभा में सुशील कुमार सिंह, अदूर प्रकाश, पोन गौतम सिगामणि, साजदा अहमद, एंटो एंटनी, जय प्रकाश, हनुमान बेनीबाल और राकेश सिंह के प्रश्न के लिखित्त उत्तर में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ भारती पवार ने जानकारी दी कि एम्स के सर्वर को हैक किया जाना एक साइबर हमला था लेकिन उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा साइबर हमले की घटना के संबंध में कानून की संबंधित धाराओं के तहत दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) संख्या 349122 दर्ज की गई है।

एम्स, नई दिल्ली के पांच सर्वर पर ई-हॉस्पिटल एप्लिकेशन को होस्ट किया गया था और ए साइबर हमले से प्रभावित हुए थे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने बताया, हैकर्स ने किसी फिरौती की मांग नहीं की थी, हालांकि सर्वर पर एक संदेश पाया गया था जो बताता है कि यह एक साइबर हमला था। ई-हॉस्पिटल के लिए सभी डेटा को एक बैकअप सर्वर से पुन: प्राप्त करके नए सर्वरों पर बहाल कर दिया गया है।

पवार ने कहा कि ऐसा इसलिए हो सका, क्योंकि बैकअप सर्वर अप्रभावित था।

मंत्री ने बताया कि साइबर हमले के दो सप्ताह बाद ई-हॉस्पिटल एप्लिकेशन के अधिकांश कार्यो को बहाल कर दिया गया है जिसमें रोगी पंजीकरण, समय निर्धारण, भर्ती, डिस्चार्ज आदि शामिल हैं।

**डीयू के सोशल सेंटर स्कूल के 75 वर्ष पूरे**

# दिल्ली विश्वविद्यालय का सोशल सेंटर स्कूल होगा 12वीं तक : प्रो. योगेश

- समाज और राष्ट्र के लिए किस रूप में हो सकते हैं उपयोगी, यह होना चाहिए बच्चों का ध्येय : कुलपति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कार्यक्रम में शिरकत करते डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह।

एक अबोध बालक के रूप में बच्चे विद्यालय में प्रवेश करते हैं। उन्हें विद्यालय ही नई दिशा देता है। उन्हें सपने देखना और उसे कैसे पूरा करना है, विद्यालय ही सिखाता है। बच्चे के व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया का पहला चरण विद्यालय ही है।

यह बच्चों के अभिभावकों के साथ सभी टीचरों का भी कर्तव्य बनता है कि सीखने के प्रत्येक चरण में उनके साथ रहें। यह बात विश्वविद्यालय के सोशल सेंटर स्कूल की स्थापना के अमृत महोत्सव पर कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय का सोशल सेंटर स्कूल दसवीं से बारहवीं तक होगा।

साथ ही स्कूल में छात्रों की संख्या बढ़ाने पर भी विचार करना होगा। प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि आज आवश्यकता है कि बच्चों से यह पूछने की बजाय वह क्या बनना चाहते हैं, बल्कि यह पूछा जाना चाहिए कि समाज और राष्ट्र के विकास में वे क्या योगदान दे सकते हैं। यही उनका ध्येय होना चाहिए। यह तभी संभव है जब बच्चों को सामाजिक और भावनात्मक अधिगम दिया जाए। एक ऐसी शिक्षा दी जाए जिसमें समाज के प्रति करुणा का भाव हो, सर्वे भवन्तु सुखिन: और वसुधैव कुटुंबकम् की संस्कृति का भाव हो। उनमें पर्यावरण के प्रति चेतना का भाव हो। इन सभी के साथ वे किसी भी चुनौती से निपट सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की 75 वर्षों की इस गौरवशाली यात्रा को बच्चों ने पर्यावरण जागरुकता और भारत की आजादी पर केंद्रित नाटक मंचन तथा विभिन्न सांस्कृतिक पेशकश के माध्यम से कार्यक्रम को खुशनुमा बना दिया।

प्रोफेसर योगेश सिंह ने विद्यालय के पूर्व छात्रों को पुरस्कृत भी किया। इस मौके पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विकास गुप्ता, विद्यालय के प्रबंधकीय समिति के चेयरमैन और डीयू के वाणिज्य विभाग में प्रोफेसर हेमेंद्र डांगी, प्रबंधकीय समिति के सदस्य प्रोफेसर रंजन त्रिपाठी, प्रोफेसर अनीता बंसल, प्रोफेसर मंजू गुप्ता और डॉ. प्रभांशु ओझा आदि मौजूद रहे। मालूम हो कि नॉर्थ कैंपस के मौरिस नगर स्थित यह विद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय का अपना विद्यालय है। वर्ष 1947 में सामाजिक सेवा को आधार रखकर सेंट स्टीफेंस कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डेविड राजाराम की पत्नी और कुछ अन्य महिलाओं द्वारा इस विद्यालय की शुरुआत की गई।

यह वर्तमान में दिल्ली सरकार से सम्बद्ध है। इस विद्यालय की स्थापना की भी एक रोचक कहानी है। सेंट स्टीफेंस कॉलेज की साल 1947 की यह कोई दोपहर रही होगी जब वहां की तीन महिलाओं ने देखा कि कुछ बच्चे इधर उधर भटक रहे हैं।

गमले तोड़ रहे हैं। इनमें एक थी सेंट स्टीफेंस कॉलेज के प्राचार्य डेविड राजाराम की पत्नी मिसेज डेविड, एक थी मिसेज घोष और एक थी मिसेज रॉय। इन्होंने जब बच्चों से बात की तो पता चला कि वे बच्चे स्कूल नहीं जाते। वर्तमान कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह ने घोषणा की है कि यह विद्यालय 10वीं से 12वीं तक किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने पर भी हमें विचार करना होगा।

## वेतन नहीं मिलने पर दिल्ली वक्फ बोर्ड के कर्मचारी हड़ताल पर गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली वक्फ बोर्ड के कर्मचारी पिछले कई महीनों से लंबित वेतन के भुगतान की मांग को लेकर शुक्रवार को हड़ताल पर चले गए।

वहीं मस्जिदों के इमामों और मुअज्जिनों ने सीएम के आवास के बाहर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी भी दी। वक्फ बोर्ड के एक कर्मचारी ने कहा कि वक्फ बोर्ड के कर्मचारियों को पिछले 3-4 महीनों से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। नाम नहीं बाताने की शर्त पर एक कर्मचारी ने कहा, उसने संभागीय आयुक्त सहित वक्फ बोर्ड के अधिकारियों को अपनी समस्याओं से पहले ही अवगत कराया था लेकिन अभी तक समाधान की दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई है।

# जेपी अवार्ड से सम्मानित होंगी कई हस्तियां

- 21 दिसंबर को दिए जाएंगे अवार्ड, राष्ट्रीय महासचिव अरविन्द ओझा और राष्ट्रीय सचिव प्रोफेसर दया शंकर तिवारी ने की नामों की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में 21 दिसंबर को कई हस्तियों को जेपी अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम लोकनायक जयप्रकाश राष्ट्रीय कला और लोकनायक जयप्रकाश अंतराष्ट्रीयय अध्ययन विकास केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा।

राष्ट्रीय महासचिव अरविन्द ओझा और राष्ट्रीय सचिव प्रोफेसर दया शंकर तिवारी ने पुरस्कारों के नामों की घोषणा की। संस्कृति शिखर सम्मान के लिए पद्मश्री कपिल तिवारी, कला रत्न सम्मान के लिए चित्रकार अर्पणा कौर, शिक्षा सम्मान में प्रोफेसर सच्चिदानन्द मिश्र, साहित्य और दर्शन में लेखक अरुण उपाध्याय, कला संरक्षण और प्रोत्साहन सम्मान में अंजनी कुमार सिंह के नाम शामिल है। वहीं कला-संस्कृति संवर्धन सम्मान राहुल रस्तोगी, कला और संस्कृति लेखन सम्मान में नर्मदा प्रसाद उपाध्याय और आलोक पराड़कर, संगीत सम्मान में नृत्यांगना प्रिया वेंकट रमण, दृश्य कला में सुबोध केरकर, यश सम्मान जय प्रकाश सिंह, लोककला सम्मान रामशब्द सिंह, लोकनायक विशिष्ट योगदान सम्मान डॉ अरविन्दर सिंह कांग, प्रदर्शनकारी कला सम्मान नाटककार नलिनी निहार नायक और राष्ट्रीय युवा प्रतिभा सम्मान समीर कुमार के नाम शामिल हैं।



लोकनायक जय प्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विकास केन्द्र के महासचिव अभय सिन्हा ने बताया कि चंडी प्रसाद भट्ट, मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित डॉ.संदीप पाण्डेय, वैज्ञानिक अभय कुमार, मोहम्मद कमर आलम, महेन्द्र पाल सिंह, डॉ सरोजा वैद्यनाथन, डॉ धर्मवीर, डॉ अंशु गुप्ता, ऊषा, अच्युत सामंत, सुधांशु, अरविन्द मोहन, विशाल सिंह, आरके सिन्हा, गीतकार रोहन कपूर को लोकनायक जयप्रकाश अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:

i) ई-निविदा सं: 2022/आईआरसीटीसी/एसईआर/पीआरएस रिवैम्प यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) रिवैम्प सुधार के लिए व्यापक आर्किटेक्चर सॉल्यूशन हेतु सलाहकार हायरिंग। निविदा-पूर्व बैठक (पीबी) 21.12.2022 को 1230 बजे। निविदाएं जमा करने की अंतिम तिथि 10.01.2023।

ii) खुली ई-निविदा सं: आईआरसीटीसी/आरएन/पालुर/लॉजिस्टिक्स/2022 रेल नीर प्लांट, पालुर के लिए रेल नीर पैकेज्ड पेयजल के परिवहन एवं सीएफए सेवाओं हेतु। ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 10.01.2023 को 1500 बजे तक।

iii) आईआरसीटीसी के द्वारा तीन वर्षों की अवधि के लिए पश्चिम जोन, पूर्व जोन, दक्षिण जोन एवं दक्षिण मध्य जोन हेतु भारत गौरव ट्रेन (एलएचबी रेक) के रिफर्बिशमेंट एवं व्यापक बैकएंड परिचालनों हेतु सेवा प्रदाता की नियुक्ति के लिए टूर परिचालन में स्थापित व्यवसाय रखने वाले प्रख्यात फर्मों से खुली ई-निविदाएं। वेबसाइट पर निविदा दस्तावेजों की उपलब्धता: 26.12.2022, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 17.01.2023।

iv) निविदा सं: जीईएम/2022/बी/2835153 एनजीईटी आईआरसीटीसी के लिए बीवाईओएल स्कीम के तहत ExaCC (एक्साडाटा क्लाउड/कस्टमर-IaaS) की अधिप्राप्ति हेतु (केवल पीएसी)। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 16.01.2023 को 1500 बजे तक।

विस्तृत विवरणों के लिए (i-iii) हेतु www.irctc.com एवं www.tenderwizard.com/IRCTC और (iv) के लिए जीईएम पोर्टल देखें तथा डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता (i-iii) हेतु www.tenderwizard.com/IRCTC और (iv) के लिए जीईएम पोर्टल देखें।

उपरोक्त विज्ञापन का कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट यदि जारी होगा, तो उसे केवल (i-iii) हेतु आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctc.com एवं www.tenderwizard.com/IRCTC और (iv) के लिए जीईएम पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा।

कार्यालय पता: 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी-148, बाराखम्बा रोड, कनाट प्लेस, नई दिल्ली-110001 फोन: 011-23311263-64, फैक्स: 011-23311259

# गुरुग्राम में शुरू हुए हरियाणा यूथ गेम्स में पहुंचे 1144 खिलाड़ी

## केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने किया खेलों का शुभारंभ

## राव इंद्रजीत सिंह स्वयं हैं शूटिंग के खिलाड़ी, जीत चुके हैं कई पदक

## हरियाणा यूथ गेम्स के तहत गुरुग्राम में होंगी जुडो, तीरंदाजी व फुटबॉल स्पर्धाएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में शुक्रवार को हरियाणा यूथ गेम्स का फुटबॉल को किक मारकर शुभारंभ करते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

**शुक्रवार** से यहां देवीलाल स्टेडियम में खेलो हरियाणा यूथ गेम्स का आगाज हुआ। हरियाणाभर से पहुंचे 1144 खिलाड़ी जूडो, तीरंदाजी और फुटबॉल में 18 दिसम्बर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रदेश में खेलो हरियाणा यूथ गेम्स 9 स्थानों पर आयोजित किए जा रहे हैं। इन खेलों का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने किया। राव इंद्रजीत सिंह स्वयं शूटिंग के एक अच्छे खिलाड़ी हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीते हैं।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ करने उपरांत केंद्रीय मंत्री ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा के गठन से लेकर आज तक हरियाणा की विभिन्न खेल स्पर्धाओं में सदैव अव्वल रहने की एक समृद्ध परंपरा रही है। हरियाणा यूथ गेम्स में 18 वर्ष तक की आयु के ही खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, इसलिए भविष्य में इस परंपरा को बरकरार रखने की जिम्मेदारी आप सभी युवा खिलाड़ियों के कंधों पर है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में खेल प्रतिभाओं की कमी नही है। आजादी से लेकर हरियाणा के गठन व उसके बाद वर्तमान समय तक प्रदेश के अनेक ऐसे दिग्गज खिलाड़ी उभरे हैं, जिनमें से कई खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं में हमें हमारी उम्मीदों के मुताबिक मेडल नहीं मिलते हैं। इसको दुरुस्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति है कि खेलों इंडिया के मार्फत देश के सभी प्रदेशों से अच्छे खिलाड़ी तैयार किए जाएं, ताकि आगामी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में हमारे खिलाड़ी और बेहतर प्रदर्शन करते हुए ज्यादा से ज्यादा पदक देश को दिला सकें। राव ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति पर कहा कि हमारे पड़ोसी देश अब सीधे तौर पर युद्ध ना लड़कर हमारे युवाओं को नशे का आदि बनाकर एक छद्म युद्ध लड़ रहे हैं। जिससे हम सभी को सामूहिक रूप से लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि इसे रोकने के लिए सरकार अपने स्तर पर सभी संभव प्रयास कर रही है लेकिन आमजन के सहयोग के बिना यह सम्भव नही है। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों को बढ़ावा देना जरूरी है।

**अगले 3 दिन तक पदक के लिए खेलेंगे खिलाड़ी** : खेलो हरियाणा यूथ गेम्स के तहत गुरुग्राम में आयोजित की जा रही जूडो, तीरंदाजी व फुटबाल के खेल में अगले तीन दिनों तक हरियाणा के सभी जिलों से आए 1144 खिलाड़ी पदक के लिए दम-खम भरेंगे। जूडो व तीरंदाजी से जुड़े सभी मुकाबले नेहरू स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त लड़कों के फुटबाल मैच खांडसा रोड स्थित डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किए जाएंगे। वहीं लड़कियों के मैच ताऊ देवी लाल स्टेडियम में करवाए जाएंगे।

# सीएम को पाती लिख गुरुग्राम में नया बस अड्डा बनाने की गुहार

## वर्तमान में कंडम घोषित हो चुका बस अड्डा वर्ष 1959 में बनाया गया था



नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के बस अड्डे की कंडम घोषित हो चुकी असुरक्षित इमारत को ध्यान में रखते हुए नया बस अड्डा बनवाने और तब तक अस्थायी इमारत बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पत्र लिखकर मांग की है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल को लिखे पत्र में नवीन गोयल ने कहा कि आपके मार्गदर्शन में हरियाणा की परिवहन सेवा देश की सर्वश्रेष्ठ सेवाओं में से एक है। यात्रियों को सुरक्षित, सकुशल, किफायती और विश्वसनीय परिवाहन सुविधा प्रदान करने के लिए हरियाणा सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार प्रदेशभर में यात्रियों को बेहतर आवागमन सेवाएं प्रदान कर रही हैं। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ प्रदेशभर के विभिन्न बस स्टैंड का नवीनीकरण किया जा रहा है। एयरपोर्ट की तर्ज पर अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ हरियाणा में बस स्टैंड को अब पोर्ट के रूप में पहचान दी जा रही है, ताकि यात्रियों को सुखद अनुभूति का अहसास हो। इस पत्र के माध्यम से आपको अवगत कराना चाहता हूं कि गुरुग्राम में महावीर चौक के पास बस अड्डे का पुराना भी वर्ष 1959 में बनाया गया था। 2015 में बस अड्डे की इमारत को लोक निर्माण विभाग ने असुरक्षित, कंडम घोषित कर दिया था। इसके बावजूद बस अड्डे की पुरानी इमारत को अब तक ना तो खाली किया गया है और ना ही तोड़ा गया है।

यात्री अपनी जान जोखिम में डालकर अभी भी यहां से बसें पकड़ते हैं। इस पुराने बस अड्डे पर रोजाना औसतन 50 हजार यात्री विभिन्न रूटों पर सफर के लिए बस पकड़ने आते हैं। यात्रियों के बैठने से लेकर पानी और शौचालय तक की यहां कोई व्यवस्था नहीं है।

# संक्षिप्त समाचार

## सोहना पंचायत समिति चेयरपर्सन पद का चुनाव 22 दिसम्बर को

**सोहना।** सोहना पंचायत समिति चेयरपर्सन पद का चुनाव 22 दिसम्बर को होगा। जिसके लिए प्रशासन ने अपनी तैयारी आरम्भ कर दी है। चुनाव में कुल 14 सदस्य हिस्सा लेंगे। जिसमें 6 महिलाएं शामिल हैं। बता दें कि सरकार ने चेयरपर्सन पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित किया है। खण्ड में पंचायती चुनाव समाप्त होने के बाद उम्मीदवार चेयरपर्सन बनने की दौड़ में शामिल होने लगे हैं। जिसके लिए उम्मीदवारों ने चुनावी बिसात बिछानी शुरू कर दी है। विजयी सदस्यों को अपने पक्ष में लाने के लिए जोरशोर से जुटे हुए हैं। सरकार ने सोहना पंचायत समिति का चेयरपर्सन पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित किया हुआ है। जिसको हथियाने के लिए महिला सदस्य जुटी हुई हैं। समिति में कुल 14 सदस्य हैं। जिनमें 6 महिलाएं भी शामिल हैं। पंचायत समिति चेयरपर्सन पद का चुनाव कराने के लिए प्रशासन ने 22 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक का समय निर्धारित किया है। स्थानीय प्रशासन 22 दिसम्बर को चुनाव कराने के लिए तैयारी में लगा है। ये चुनाव बीडीओ कार्यालय में होगा। ईवीएम मशीन से चुनाव कराया जाएगा।

**इनमें से किसी एक के सिर पर सजेगा ताज** : सोहना पंचायत समिति चेयरपर्सन पद का ताज किस महिला के सिर पर होगा। यह भविष्य के गर्भ में छुपा हुआ है। खण्ड में कुल 6 महिला सदस्य चुनी गई है। जिनमें वार्ड नम्बर 3 से पूजा, वार्ड नम्बर 5 से तारावती, वार्ड नम्बर 7 से रुचि शर्मा, वार्ड नम्बर 9 से संजू तोमर, वार्ड नम्बर 10 से पूजा भास्कर, वार्ड नम्बर 13 से आशा रानी शामिल हैं।

## सोहना बार एसो. : ललित बने प्रधान तो उपप्रधान बने उमेश



**सोहना।** सोहना बार एसोसिएशन चुनाव में ललित राघव ने अपने विरोधी उमेश यादव को 32 मतों से हराते हुए जीत हासिल की। उपप्रधान अंसूल गुप्ता ने 37 वोटों से जीत हासिल की। जबकि सचिव पद पर उमेश भारती तथा सहसचिव पर विनित कुमार ने अपने-अपने विरोधियों को हराया। शुक्रवार को हुआ बार एसोसिएशन के चुनाव में ललित राघव ने प्रधान पद की दौड़ में अमित यादव को 32 वोटों से हराते हुए जीत हासिल की। ललित राघव ने 230 वोट हासिल की। जिसके विरोध में अमित यादव को 198 मत मिले। उपप्रधान की दौड़ में भी दो ही प्रत्याशी थे। जिसमें अंसूल गुप्ता ने प्रवेश कुमार को 37 वोटों से हराया। अंसूल गुप्ता ने 230 मत हासिल किए। जबकि प्रवेश कुमार को 196 वोट मिली। सचिव पद पर उमेश भारती ने कौशल से 17 वोट अधिक लेते हुए जीत हासिल की। उमेश भाटी को 222 तथा कौशल को 205 वोट मिली। सहसचिव के पद पर तीन प्रत्याशी ने चुनाव लड़ा। जिसमें विनित ने अपने दोनों प्रत्याशियों को मत देते हुए 16 वोटों से जीत हासिल की। जबकि हितेश को 144 तथा अशोक को 124 वोट ही मिली। जीत हासिल करने वाले विनित को 160 वोट मिली। बार एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रधान ललित राघव ने कहा कि अधिवक्ताओं द्वारा जिस उम्मीद और आशा से उन्हें वोट दी है। वे अपने पूरे कार्यकाल में सर्वहित में कार्य करेंगे। यह जीत केवल उनके अकेले की नहीं है। यह जीत सोहना बार एसोसिएशन के प्रत्येक अधिवक्ता की है। बार एसोसिएशन की जो भी कमियां हैं। उन्हें पूरा कराने का भरसक प्रयास रहेगा। सबकी सहमति से कार्य होंगे।

## जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में नवीन यादव बने प्रधान

**गुरुग्राम।** जिला बार एसोसिएशन के संपन्न हुए चुनाव का देर सायं परिणाम घोषित कर दिया गया। मतदान होने के तुरंत बाद मतगणना भी शुरु कर दी गई थी। ईवीएम से मतदान कराया गया था। बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर नवीन यादव को विजेता घोषित किया गया, उन्हें 1518 मत हासिल हुए। उनके प्रतिद्वंदियों सूर्यमणि महेश्वरी 651, अनुराग 606, अरुण शर्मा 439, ईश्वर सिंह सांगवान को 60 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर जितेंद्र सैनी को 1227 मतों के साथ विजेता घोषित किया गया। उनके प्रतिद्वंदियों अंकुर कामरा को 727, अनूप सिंह यादव को 631, देवेंद्र यादव को 689 मत हासिल हुए। सचिव पद पर संदीप सहरावत विजयी घोषित किए गए, उन्हें 837 मत हासिल हुए। उनके प्रतिद्वंदियों देवेंद्र सिंह यादव 256, गगन सिंह 467, गुलशन कौशिक 684, प्रीतम चौहान 251 व सत्यनारायण राव को 809 को मत हासिल कर सके। इसी प्रकार संयुक्त सचिव पद पर योगेश भारद्वाज 1161 मतों के साथ विजयी रहे। उनके प्रतिद्वंदियों ऊषा हंस को 345, दीपिका खन्ना को 778 व दीपक तंवर को 377 मत, कृष्ण यादव को 613 मत ही प्राप्त कर सके। जैसे ही चुनाव परिणाम घोषित हुए, विजेताओं के समर्थकों व सहयोगियों ने मिठाईयां बांटकर जश्न मनाकर अपनी खुशी प्रकट की।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। गायल दंपत्ति को सोहना और गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल से रेफर किए जाने के बाद दिल्ली के एम्स अस्पताल में दाखिल कराया गया है। भोंडसी पुलिस ने हादसे में घायल महिला की शिकायत पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जिला पलवल का गांव रिबड़ थाना मिंडकौला निवासी पूजा पत्नी बिसन ने पुलिस को बताया कि उसके पति का दिल्ली के एम्स में ऑपरेशन होना है। जिसकी जांच कराने के बाद वे दोनों बुधवार को वापस अपने घर आ रहे थे। जब वे गुरूग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर गांव अलीपुर के पास पहुंचे थे। तभी पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उनकी बाइक असंतुलित हो सड़क पर गिर गई। जिससे दंपत्ति को गंभीर चोटें लगी। मार्ग पर चलने वालों ने उन्हें सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया।

# प्रदेश में ढांचागत विकास को मनोहर सरकार ने दी रफ्तार : सुधीर सिंगला



सेक्टर-43 क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

## मनोहर सरकार के विकास कार्यों का भी किया बखान

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने सेक्टर-43 इलाके में सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने हरियाणा सरकार द्वारा गुरुग्राम समेत प्रदेश में किए गए विकास कार्यों की भी चर्चा करते हुए सराहा। विधायक सुधीर सिंगला ने अपने संबोधन में कहा कि गुरुग्राम समेत हरियाणा में पिछले कुछ सालों में न केवल सड़कों का जाल बहुत तेजी के साथ बिछा है, बल्कि नेशनल व स्टेट हाईवे के अलावा जिलों को आपस में जोड़ने वाले लिंक मार्गों की हालत में भी खूब सुधार हुआ है। इससे प्रदेश के औद्योगिक विकास में बढ़ोतरी हुई। विश्व मानचित्र पर हरियाणा को अलग पहचान मिली है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पिछले सरकारों से आगे बढ़कर ढांचागत विकास में हरियाणा कई मध्यम व बड़े राज्यों को पीछे छोड़ने के लिए तैयार है। श्री सिंगला ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या के चलते जंगल कंकरीट और बड़ी-बड़ी बिल्डिंग में तबदील हो रहे हैं। हरियाणा सरकार ने आवास की चिंता करते हुए 10 लाख से भी अधिक लोगों को आशियाना उपलब्ध करवाने की योजना तैयार की है। सरकार लोगों को आशियाना देने के लिए पांच नए शहर बसाएगी। यह पांचों शहर कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस के दोनों तरफ बसेंगे। इन नए शहरों के बसने से स्लम से मुक्ति मिलेगी। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हरियाणा बनने के बाद अधिकतर राज्य सरकारों का फोकस खेती और किसानी को प्रोत्साहित करने पर रहा है, लेकिन पिछले दो दशक में राज्य सरकारों ने खेती व किसानी के साथ-साथ प्रदेश के ढांचागत विकास पर पूरा जोर दिया है। हिसार में प्रदेश के पहले एयरपोर्ट की भी नींव रखी गई। सात राज्यों के 11 प्रमुख शहरों के लिए यहां से सीधी उड़ान शुरू होगी। 2023 में एविएशन-हब काम करना शुरू कर देगा। गुरुग्राम में हेलीहब बनाने के लिए भी हरियाणा की ओर से केंद्र से सहयोग मांगा गया है। सड़क निर्माण के शुभारंभ अवसर पर अनिल यादव सरपंच, इलाके के भाजपा अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, सुमेर सिंह तंवर, मंडल भाजपा से अशोक डबास महामंत्री, स्वाति टंडन महामंत्री, बरखा शर्मा उपाध्यक्ष, भावना सचिव विजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष एसके जैन, यूएस परमार, आलोक अग्रवाल, बैजनाथ गोयल व अन्य मौजूद रहे।

# पुलिस नाका: सीमेंट की बजाय टायरों के बैरियर

## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए गुरुग्राम पुलिस की नई पहल

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में खेड़कीदौला टोल प्लाजा पर टायरों से बने जर्सी बैरियर का उद्घाटन करतीं सीपी कला रामचन्द्रन।

**सड़कों** को आमजन के लिए सुरक्षित बनाने तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस द्वारा शुक्रवार को खेड़की दौला टोल प्लाजा तथा ब्रिस्टल चौक की जेबरा क्रॉसिंग पर सीमेंट से बने जर्सी बैरियर हटाकर वहां रंगीन टायर से निर्मित बैरियर लगाए गए। इस ऐतिहासिक पहल का पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन ने अपने कर कमलों से खेड़की दौला टोल प्लाजा पर फायर बैरियर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीपी कला रामचंद्रन ने कहा कि इन रंगीन टायरों को लगाने का उद्देश्य है कि रात्रि के समय कम रोशनी अथवा कोहरे के समय यू-टर्न और डिवाइडर की पहचान करके वहां से गुजरने वाले लोगों को आसानी से हो सके। इससे जहां सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी, वहीं दूसरी ओर लोगों को डिवाइडर आदि पहचानने में पहले की अपेक्षा सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस का प्रयास है कि गुरुग्राम जिला की सड़कों को लोगों के लिए सुगम व सुरक्षित बनाया जाए। डीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत जिला में अलग-अलग स्थानों का सर्वे किया गया। पीएसएल कंपनी ने इस सुरक्षा अभियान में अपना सहयोग देते हुए रंगीन टायर्स उपलब्ध करवाए।

उन्होंने बताया कि गुरुग्राम पुलिस लगातार प्रयास कर रही है कि जिला में ब्लाइंड स्पॉट्स पर काम करते हुए उन्हें वहां से गुजरने वाले लोगों के लिए सुरक्षित बनाया जाए। इस दौरान खेड़कीदौला टोल प्लाजा पर डीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र सिंह, एसीपी ट्रैफिक अशोक कुमार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# दमदमा मोड़, बस स्टैंड चौक पर लगेंगी रेड लाइट्स



सोहना का दमदमा मोड़ चौक।

> “ **शहर** में यातायात व्यवस्था को सही करने के लिए नगर परिषद अधिकारियों का पत्र लिखते हुए रेड लाइट और जैबरा क्रोसिंग पट्टी लगाने के आदेश जारी कर दिए हैं। जिससे जाम से मुक्ति और सड़क हादसों से नागरिकों को निजात मिलेगी।
>
> **जितेन्द्र गर्ग**
> **( एसडीएम सोहना )**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** के दमदमा मोड़ और सामान्य बस स्टैंड के पास चौक को जाम मुक्त बनाया जाएगा। एसडीएम ने नगर परिषद को दोनों ही चौक पर रेड लाइट के साथ जैबरा क्रोसिंग पट्टियां खींचने के आदेश जारी कर किए हैं। जिससे दोनों चौक पर होने वाले हादसे कम हो सकें।

एलिवेटेड के साथ बना दमदमा मोड़ चौक तथा सामान्य बस स्टैंड के पास चौराहे पर होने वाले सड़क हादसों को कम किए जाएंगे। दोनों ही चौक पर आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। जिससे वाहन चालकों से लेकर पैदल निकलने वाले नागरिक चोटिल हो रहे हैं। सबसे ज्यादा सड़क हादसे दमदमा मोड़ चौक पर हो रहे है। जहां पर गुरुग्राम की तरफसे एलिवेटेड मार्ग से आने वाले वाहनों की गति तेज होती है।

वाहन चालक चौक को जल्दबाजी में पार करने के इरादे से वाहन की गति को कम नहीं करता है। वाहन की अधिक गति सड़क हादसा का कारण बनी हुई है। इस चौक पर दमदमा, बाजार और पुराने शहर की तरफ से आने वाले वाहनों की संख्या कम नहीं होती।

बस स्टैंड चौक पर बाजार आने व जाने वालों पैदल नागरिकों की भीड़ होती है। जिसके कारण चौक पर वाहनों का जाम लगता रहता है। रोजाना 300 से 350 स्कूल जाने वाले बच्चे इस चौक को पार करते है। लेकिन ट्रैफिक पुलिस कर्मी के न होने से स्कूल बच्चे कई पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से घायल हुए हैं।

**हजारों वाहन करते हैं पार** : गुरुग्राम-अलवर राष्ट्रीय मार्ग 248ए पर एक दिन में 2 से 3 हजार वाहन दौड़ते हैं। यहां से अलवर, जयपुर, आगरा, पलवल, भिवाड़ी, रेवाड़ी और केएमपी मार्ग पर जाने वाले वाहन दमदमा और बस स्टैंड चौक से गुजरते हैं। रात के समय में तो दोनों की चौक को पार करते समय जान हथेली पर रखना होता है, क्योंकि रात के समय में भारी वाहन चालक पूरी गति से दौड़ते हैं।

# डॉलेक्स एग्रोटेक का 2,438.80 लाख रुपये का आईपीओ

## एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**डोलेक्स** एग्रोटेक लिमिटेड, जो कैप्टिव पावर सह-उत्पादन क्षमताओं के साथ चीनी के निर्माण और व्यापार के व्यवसाय में जुडी है, अपना 2,438.80 लाख रुपये का आईपीओ लेकर आ रही है। निर्गम रुपये 10 के अंकित मूल्य और रुपये 35 प्रति शेयर के मूल्य के साथ 6,968,000 शेयरों का है, लॉट 4000 शेयर के होंगे। इसे रुपये 10 के 4,968,000 शेयरों (कुल मिलाकर रुपये 17.39 करोड़ तक) को फ्रेश इश्यू के लिए और ?10 के 2,000,000 शेयरों (रुपये 7.00 करोड़ तक) को ऑफर ऑन सेल (बिक्री के प्रस्ताव) के लिए विभाजित किया है।

इश्यू 15 दिसंबर को खुला और 20 दिसंबर 2022 को बंद होगा। इसे बाद में एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किया जाएगा। एक्सपर्ट ग्लोबल कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड इश्यू का लीड मैनेजर है और स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड इश्यू का रजिस्ट्रार है।

### इस इश्यू के ये हैं मुख्य उद्देश्य

1. कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए।
2. सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने के लिए।
3. इश्यू के खर्च को पूरा करने के लिए।

2013 में निगमित, डॉलेक्स एग्रोटेक लिमिटेड कैप्टिव पावर सह-उत्पादन क्षमताओं के साथ चीनी के निर्माण और व्यापार के व्यवसाय में लगी हुई है। कंपनी अपने उप-उत्पादों जैसे मोलासेस, प्रेस्ड और खोई का उत्पादन और बिक्री भी करती है। खोई का उपयोग बिजली पैदा करने के लिए किया जाता है। इसके अलावा, कंपनी तीन मेगावाट की कैप्टिव बिजली तक बिजली उत्पादन में लगी हुई है। कंपनी के उत्पाद पोर्टफोलियो में गुड़ पाउडर, चीनी, मोलासेस, खोई, प्रेस मड और फार्मा-ग्रेड चीनी शामिल हैं। किसानों से गन्ना उत्पादन लेने के लिए सरकार द्वारा कंपनी को 7600 हेक्टेयर क्षेत्र आवंटित किया गया है। यह खेती के विभिन्न चरणों में पर्याप्त प्रोत्साहन और सहायता प्रदान करता है, इस प्रकार इन किसानों की वफादारी सुनिश्चित करता है। वर्ष 2018 में, कंपनी ने मध्य प्रदेश में सह-उत्पादन क्षमताओं के साथ-साथ गन्ने से चीनी निर्माण का अपना परिचालन शुरू किया।

कंपनी का प्लांट 2500 TCD की पेराई क्षमता के साथ, मध्य प्रदेश के गांव एराई में स्थित है। इसे 200 किलो लीटर प्रति दिन की क्षमता वाले डिस्टिलरी प्लांट के लिए मंजूरी मिल गई है, जिसे वित्त वर्ष 2024 तक स्थापित करने का इरादा है। कंपनी चीनी और इथेनॉल पर सहायक सरकारी नीतियों के साथ उज्ज्वल संभावनाओं के लिए तैयार है। कंपनी ने वार्षिक आधार पर प्रभावशाली वित्तीय वृद्धि दर्ज की है। वित्त वर्ष 2022 में इसकी आय 7,962.58 लाख रुपये थी, जो वित्त वर्ष 2021 में 7748 ।.42 लाख रुपये और वित्त वर्ष 2020 में 2590.08 लाख रुपये थी। डोलेक्स एग्रोटेक लिमिटेड की स्थापना महमूद खान और मुन्नी बी खान ने 2013 में की थी और वे इस इश्यू के प्रवर्तक हैं।

# पैकर्स एंड मूवर्स के आंदोलन को नवीन गोयल का समर्थन



गुरुग्राम में पैकर्स एंड मूवर्स के धरने पर बोलते नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** पैकर्स एंड मूवर्स के क्षेत्र में उतरी रियल एस्टेट कंपनी नो ब्रोकर डॉट कॉम ने गुरुग्राम के पैकर्स एंड मूवर्स का काम प्रभावित किया है। इसके विरोध में अशोक विहार पैकर्स एंड मूवर्स एसोसिएशन उतरी है। धरनारत एसोसिएशन के अपनी मांगों को लेकर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल को आमंत्रित किया।

नवीन गोयल ने उनकी मांग का समर्थन करते हुए इसे जल्द ही परिवहन मंत्री तक पहुंचाने की बात कही। नवीन गोयल के साथ बाली पंडित, गगन गोयल मौजूद रहे। इससे पहले अपनी समस्या में पैकर्स एंड मूवर्स का काम करने वाले धरनारत अनिल दुहन, आनंद सहरावत, सोनू श्योराण, विकास जांगड़ा, शशि शर्मा, विजय शर्मा, सुरेश नलवा, रिसाल सिंह दहिया, कमल वर्मा, आशीष गोयल, सोनू मंडोली, सुनील कुमार, कुलविंद्र, मनजीत सिंह आदि ने नवीन गोयल को बताया कि नो ब्रोकर डॉट कॉम कंपनी पहले रियल एस्टेट के क्षेत्र में काम करती थी। अब यह कंपनी पैकर्स एंड मूवर्स के क्षेत्र में भी आ गई है। कंपनी के पास ना तो गाड़ियां हैं और ना ही मैन पावर है। कंपनी शहरों में काम करने वाले पैकर्स एंड मूवर्स के लोगों के माध्यम से सामान शिफ्ट करने का काम करती है। वह भी सामान्य से आधे रेट गिराकर। इस कारण पैकर्स एंड मूवर्स का काम काफी हद तक प्रभावित हो चुका है। मात्र 10 फीसदी काम रह गया है। औसतन हर पैकर, मूवर के साथ एक गाड़ी पर करीब 10 लोगों को रोजगार मिलता है। पिछले दो महीने में इस कंपनी के काम काफी कम हो गया है।

# अमेजन डॉट इन : ऑफर के साथ सर्दी का सामान खरीदें

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




**सर्दियों** का मौसम आ गया है। ऐसे में इस मौसम का भरपूर मजा उठाने के लिए जरूरी है कि खुद को गर्म रखने के लिए आपके पास सही होम एसेंशियल प्रोडक्ट हों। ऐसे में आप अमेजन डॉट इन पर शानदार ऑफर के साथ सर्दी के मौसम से जुड़े जरूरी सामान खरीद सकते हैं।

यहां आप गीजर, कंबल, कम्फर्टर्स, रूम हीटर, एयर प्यूरीफायर, थर्मल, फ्लास्क, ओवन, केटल्स, मच्छरदानी, ऑफिस चेयर, रिक्लाइनर, कम्फर्टर, बेड, कुकवेयर एवं डायनिंग, फर्नीचर आदि जैसे होम एवं किचन प्रोडक्ट सहित इस मौसम के से जुड़े जरूरी सामानों पर रोमांचक डील्स का मजा ले सकते हैं। ग्राहक यहां होम एंड फर्नीचर एंड ऑफ सीजन सेल में 70 फीचर तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। इसके साथ ही ग्राहक अमेजन डॉट इन पर 15 से 21 दिसंबर 2022 तक कंबल, सोफा, बेडशीट, गद्दे, कालीन और गलीचे, घर की सजावट के सामान, कार्यालय की कुर्सियां, स्टोरेज और ऑर्गेनाइजेशन सॉल्यूशन, लाइटिंग सॉल्यूशन आदि जैसे उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं। इसके साथ ही, द स्लीप कंपनी, सोलिमो, अमेजन बेसिक्स, स्पेसेस, ग्रीन सोल, रेमंड होम, नायसा, विप्रो, फिलिप्स, प्योर सोर्स इंडिया आदि जैसे कुछ बेहतरीन ब्रांडों पर बड़ी बचत कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, सर्दी के इस मौसम में प्रोडक्ट के विशाल कलेक्शन के साथ खरीदारी करें और एक आरामदायक मौसम का भरपूर मजा उठाएं। ग्राहक 17 से 19 दिसंबर 2022 तक विंटर अप्लायंसेज फेस्ट के दौरान होम एंड किचन स्टोर में रूम हीटर, गीजर, केटल्स, एयर प्यूरीफायर आदि जैसे उत्पादों पर 50त्न तक की छूट प्राप्त कर सकते हैं। लोकप्रिय ब्रांड जैसे क्रॉम्पटन, हैवेल्स, मिल्टन, उषा आदि आपको शुष्क सर्दियों के महीनों में गर्म और सक्रिय रहने में मदद करेंगे।

### विंटर अप्लायंसेस पर बेहतरीन ऑफर

- 40 फीसदी तक की छूट 7 गीजर्स
- केटल्स, फ्लास्क आदि के साथ सर्दियों में खुद का रखें गर्म
- 50 फीसदी तक की छूट 7 बारबेक्यू ग्रिल्स
- 50 फीसदी तक की छूट 7 एयर प्यूरिफायर
- 40 फीसदी तक की छूट 7 एयर प्यूरिफायर
- 40 फीसदी तक की छूट 7 हॉट वाटर डिस्पेंसर
- 60 फीसदी तक की छूट 7 लिंट रिमूवर

### किचन एप्लायंसेज पर बेहतरीन डील

- 60 फीसदी तक की छूट 7 बेकिंग एसेंशियल
- 40 फीसदी तक की छूट 7 मिक्सर ग्राइंडर
- 60 फीसदी तक की छूट 7 तवा, कढ़ाई और कुकर
- 50 फीसदी तक की छूट 7 आयरन
- 70 फीसदी तक की छूट 7 स्टोरेज बास्केट
- 70 फीसदी तक की छूट 7 LED बल्ब
- 70 फीसदी तक की छूट 7 टेबल और फ्लोर लैंप

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 17 दिसंबर, 2022



# समस्याएं लेकर विद्यार्थी पहुंच रहे हैं मित्रता क्लीनिक

कविता। फरीदाबाद

## आठ माह में आए 6563 विद्यार्थियों की समस्याओं का अनुक्रमा भाटी ने किया समाधान

**किशोरावस्था** में विद्यार्थियों के मन मे अपने शरीर में आ रहे बदलावों को लेकर बहुत सी परेशानियां घर कर जाती हैं। जिनको लेकर वे चिंताग्रस्त रहते हैं। इन परेशानियों को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत दूर किया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने जगह-जगह मित्रता व अर्श क्लीनिक खोले हुए हैं।

स्वास्थ्य विभाग की काउंसलर अनुक्रमा भाटी बच्चों की परेशानियों को दूर करने का प्रयास करती हैं। बीते आठ माह में जिले में 6563 विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान उन्होंने किया है। जिसमें मित्रता क्लीनिक में कुल 2144 बच्चे आए, जिसमें 1327 लड़कियां और 817 लड़के शामिल थे। वहीं उन्होंने आठ माह में 4419 बच्चों को विभिन्न स्कूलों में जाकर ग्रुप काउंसलिंग दी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को उन्होंने दयालपुर गांव में मौजूद सरकारी स्कूल के बच्चों को काउंसलिंग दी।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के तहत बादशाह खान अस्पताल की ओपीडी में चल रहे मित्रता क्लीनिक की काउंसलर विद्यार्थियों की समस्याएं दूर कर रही हैं। काउंसलर


दयालपुर गांव में स्थित सरकारी स्कूल में शुक्रवार को काउंसलिंग देते हुए काउंसलर अनुक्रमा भाटी।

अब बच्चों की परेशानियों को दूर करने के लिए स्कूलों में जा रही हैं। वहां से छात्र अपनी परेशानियों को लेकर मित्रता क्लीनिक में आ रहे हैं। काउंसलर अनुक्रमा भाटी ने बताया कि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के मन में किशोरावस्था में आ रहे शारीरिक बदलावों को लेकर चिंताए घर कर जाती है। लेकिन वह उन परेशानियों को दूसरों को न बता कर अंदर ही अंदर घुटन महसूस करते हैं।

वे उनकी परेशानियों को दूर करने का वह प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि अधिकतर विद्यार्थी किशोरावस्था में आ रहे बदलावों की समस्या के समाधान को लेकर आ रहे है।

उन्होंने बताया कि किशोरियों के मन में काफी सवाल थे। लेकिन वह बोलने में झिझक रही थी। जब छात्राओं को काउंसलिंग दी तो किशोरियों ने एक- एक करके सवाल पूछने शुरू कर दिए। इस दौरान उन्हें सफेद पानी की शिकायत संबंधित लड़कियां अधिक मिली। जिनका इलाज उन्होंने चिकित्सकों की देखरेख में शुरू करवा दिया।

**अप्रैल से नवंबर 2022 तक के आंकड़े**

| माह | लड़कियां | लड़के | कुल | आउटरिच |
|---|---|---|---|---|
| अप्रैल | 182 | 35 | 217 | 514 |
| मई | 188 | 69 | 257 | 676 |
| जून | 111 | 80 | 191 | 137 |
| जुलाई | 152 | 128 | 280 | 580 |
| अगस्त | 173 | 110 | 283 | 430 |
| सितम्बर | 162 | 147 | 309 | 927 |
| अक्टूबर | 176 | 115 | 291 | 487 |
| नवंबर | 183 | 133 | 316 | 668 |
| **कुल** | **1327** | **817** | **2144** | **4419** |

# अध्यापक के अभाव में स्कूल पर ताला जड़ बच्चों ने किया हाइवे जाम

## सराय स्कूल में अध्यापकों के 123 पद खाली होने से विद्यार्थियों का फूटा गुस्सा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


सरकारी स्कूल के बच्चे हाईवे को जाम करते हुए। एसडीएम और पार्षद के बीच होती बहस को शांत करवाते पुलिस अधिकारी।

**सराय** ख्वाजा स्थित सरकारी स्कूल के बच्चों ने अध्यापकों की कमी को देखते हुए गेट पर ताला जड़ कर नारेबाजी शुरू कर दी, लेकिन इसका असर न होने पर बच्चे एकत्रित होकर सराय ख्वाजा स्थित टोल रोड पर पहुंच गए। जहां उन्होंने आने व जाने वाले रास्तों को ब्लॉक कर दिया। जिससे लम्बा जाम लग गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चों को काफी समझाने का प्रयास किया। लेकिन उन्होंने अधिकारियों को मौके पर बुलाने को कहा। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी, एसडीएम, पार्षद और एसएचओ समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। वहां पार्षद ने जोर-जोर से अधिकारियों को कहा कि अध्यापकों के पद खाली हैं। यह बात एसडीएम को चुभ गई और दोनो के बीच बहसबाजी शुरू हो गई। जिस पर एसएचओ ने बीच में आते हुए पार्षद को शांत करवाते हुए मामला सुलझाया। वहीं अधिकारियों ने जल्द से जल्द अध्यापकों की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया तो विद्यार्थियों ने स्कूल का ताला खोला।

**रास्ता किया जाम :** सुबह करीब सात बजे स्कूल पहुंचे बच्चों ने गेट पर ताला जड़ कर नारेबाजी शुरू कर दी। प्रिंसीपल रविन्द्र मनचंदा ने पहुंचकर बच्चों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने। पार्षद भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने बच्चों को समझाया, लेकिन बच्चों ने आध्यपकों की संख्या बढ़ाने की मांग जारी रखी। जिसके बाद उन्होंने सड़क जाम कर दी। लेकिन जब उनकी मांग पूरी नहीं हुई और कोई अधिकारी नहीं पहुंचा, तो बच्चों ने सराय ख्वाजा स्थित टोल मार्ग जाम कर दिया। जिससे टोल रोड के दोनों रास्तों पर वाहनों का लम्बा जाम लग गया। जिस पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

**यह है स्थिति :** बच्चों ने बताया कि स्कूली में अध्यापकों की भारी कमी है। कॉमर्स और फिजिकल के एक भी टीचर नहीं है। करीब 123 पोस्ट खाली है, सात टीचर पहले गए थे, अब आठ कम हो गए। 15 टीचरों के चले जाने से पढ़ने में दिक्कते है। स्कूल के प्रिंसीपल रविन्द्र मनचंदा ने बताया कि स्कूल में 6800 बच्चे पढ़ते हैं। उनके पास 191 टीचरों में से 69 अध्यापक मौजूद हैं। डीईओ ने मुनेश चौधरी ने कहा है कि जल्द ही वह और अध्यापकों को यहां तैनात करेंगी।

# पीपीपी में बिल्कुल सुरक्षित है आमजन का डाटा : वी. उमाशंकर


सेक्टर 12 कन्वेशन हाल में आरडब्ल्यू और सामाजिक संस्थओं की प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते मुख्य मंत्री के प्रधान सचिव एवं प्रिसीपल सेक्रेटरी वी उमाशंकर।

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** के प्रधान सचिव वी उमा शंकर ने कहा कि परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में आमजन का डाटा बिल्कुल सुरक्षित है। पीपीपी के डाटा के प्राइम ओनर आप खुद हैं और सरकार इसके जरिए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं तथा अन्य जन सुविधाओं को आमजन तक तेजी से पहुंचाने के लिए इस्तेमाल करती है।

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव एवं क्रीड के प्रिंसिपल सेक्रेटरी वी उमा शंकर आज शुक्रवार को स्थानीय कैन्वैशन हाल में जिला फरीदाबाद की विभिन्न आरडब्ल्यूए तथा सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की परिवार पहचान पत्र बनाने और उनकी त्रुटियां दूर करने के लिए एक संगोष्ठी में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने लोगों से रूबरू होते हुए कहा कि परिवार पहचान पत्र सरकार की प्रिंसिपल टैक्नोलोजी है। यह हरियाणा वासियों की डिजिटल आईडैंटिटी है। आयुष्मान भारत, चिरायु हरियाणा योजना, बुढ़ापा, विधवा, दिव्यांगजन पेंशन सहित सरकार की अन्य जन सुविधाओं सहित तमाम विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पीपीपी के जरिये ही किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र में सेल्फ रजिस्ट्रेशन इनिशियल स्टेज पर नहीं कर सकते। पीपीपी में पंजीकरण वॉलंटरी है मैंडेटरी नहीं। परंतु सरकारी सर्विस लेने के लिए परिवार पहचान पत्र का इस्तेमाल होगा। इसलिए पीपीपी आमजन की सुविधा के लिए है।

# नगर निगम चुनाव के लिए तैयार रहें कार्यकर्ता : संजय भाटिया


सेक्टर 15 स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते करनाल के विधायक संजय भाटिया।

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल कमल पर भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में फरीदाबाद नगर निगम चुनाव प्रभारी करनाल से सांसद संजय भाटिया और संगठन महामंत्री रविन्द्र राजू ने संगठनात्मक विषयों पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

इस अवसर पर प्रदेश महासम्पर्क अभियान के प्रमुख संदीप जोशी, अनुशासन समिति की प्रदेश अध्यक्षा नीरा तोमर, विधायक सीमा त्रिखा, राजेश नागर, नरेन्द्र गुप्ता, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़,स्थानीय निकाय विभाग के प्रदेश सह संयोजक देवेन्द्र चौधरी, प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष सोहन पाल सिंह, पूर्व विधायक नगेन्द्र भडाना,जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल व आरएन सिंह, टिपरचंद शर्मा व जिला विस्तारक मनजीत सिंह जांगड़ा उपस्थित रहे। फरीदाबाद नगर निगम चुनाव प्रभारी संजय भाटिया ने बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि फरीदाबाद में भाजपा संगठन बहुत मजबूत है।

# बार एसो. के चुनाव में राजेश बैंसला का झंडा बुलंद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


प्रधान पद पर जीत के बाद राजेश बैंसला को कंधे पर बैठाकर बाहर लाते समर्थक।


राजेश बैंसला।


मोरध्वज केटी सिंह।

**जिला** बार एसोसिएशन के चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश बैंसला ने आखिरकार अपना झंडा बुलंद कर लिया है। बार अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे राजेश बैंसला ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी धर्मवीर डागर को 756 मतों से शिकस्त देने में सफलता हासिल की। शुक्रवार को सेक्टर 12 स्थित अदालत परिसर में जिला बार एसोसिएशन के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुए हैं। किसी भी तरह की अप्रिय घटना से निपटने के लिए चुनाव के दौरान भारी पुलिस बल का बंदोबस्त भी किया गया था। चुनाव परिणाम आने के बाद अदालत परिसर में खुशी का माहौल था। अधिवक्ताओं ने विजेताओं का फूल मालाओं से स्वागत किया।

जानकारी के मुताबिक जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में ईवीएम और बेलेट पेपर को लेकर घमासान हो रहा था, इसे लेकर बृहस्पतिवार को वकीलों ने प्रदर्शन भी किया था। जिसके बाद प्रशासन ने ईवीएम से चुनाव करवाने की अनुमति दी थी। शुक्रवार सुबह भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जिला बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए ईवीएम मशीनों के द्वारा मतदान शुरू हुआ।

दोपहर बाद मतदान पूरा होने के बाद मतगणना शुरू की गई। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ ने चुनाव परिणाम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बार के प्रधान चुने गए राजेश बैंसला ने 1248 मत हासिल किए। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्धंदी धर्मवीर डागर ने कड़ा मुकाबला करते हुए 492 मत लिये। वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए मोरध्वज केटी सिंह ने 909 मत लेकर प्रतिद्वंदी देवेंद्र सिंह गुलिया को 528 मतों से हराया। उपाध्यक्ष चुने गए संजय गुप्ता ने 918 मत लेकर अपने प्रतिद्वंदी सुरेश नागर को 667 मतों से हराया। महासचिव पद विजयी हुए ओम दत्त शर्मा ने 763 मत लेकर अपने प्रतिद्वंदी सतवीर शर्मा को 184 मतों से हराया। खजांची चुने गए पवन ने अपने प्रतिद्वंदी ज्योति को 191 मतों से हराया। संयुक्त सचिव चुने गए आशीष कौशिक ने 1279 मत लेकर अपने प्रतिद्वंदी तरुण अरोड़ा को 573 मतों से हराया। इसके अलावा सचिव चुने गए राहुल ने 759 मत लेकर अपने प्रतिद्वंदी सुरेश डागर को 287 मतों से पराजित किया। चुनाव परिणाम घोषित होते ही अदालत परिसर में जश्न का माहौल शुरू हो गया था।


ओमदत्त शर्मा।

# उपभोक्ताओं को सुविधा देना प्राथमिकता : बिजली मंत्री

## उद्योगपतियों, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों से रूबरू हुए बिजली मंत्री रणजीत सिंह

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


सेक्टर-12 कन्वेशन हाल में आयोजित बिजली उपभोक्ताओं की बैठक को संबोधित करते बिजली मंत्री रणजीत सिंह।

**बिजली** मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को समय पर बेहतरीन सुविधाएं देना हमारा लक्ष्य है। हरियाणा में बिजली की स्थिति में बेहतरीन सुधार भी हुआ है। हमें इस सुधार को और अधिक बेहतर करना है। उन्होंने कहा कि हम अपने उपभोक्ताओं की जरूरत पर दिनरात खड़े हैं।

अगर किसी उपभोक्ताओं को कोई समस्या है और वह संबंधित एसडीओ को फोन लगाता है और वह तीन बार फोन नहीं उठाता तो उसे नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा। यही एसडीओ अगर पांच बार किसी का फोन नहीं उठाता तो चार्जशीट करेंगे और फिर भी सुधार नहीं हुआ तो उसके बाद सस्पेंड करने तक की कार्रवाई की जा सकती है। बिजली मंत्री रणजीत सिंह शुक्रवार को सेक्टर-12 स्थित कन्वेंशन सेंटर में बिजली दरबार के दौरान जिला के प्रमुख उद्योगपतियों, औद्योगिक एसोसिएशनों व आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों से रूबरू थे। बिजली मंत्री ने कहा कि जब वह 1987 में मंत्री बने थे तो कानपुर, गाजियाबाद के बाद फरीदाबाद का बड़े औद्योगिक क्षेत्रों में नाम आता था। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि एक बार फिर से फरीदाबाद इस ऊंचाई को छुए। उन्होंने कहा कि इस विकास में आईटी के साथ-साथ बिजली का भी बड़ा योगदान है और हम इसके लिए उद्योगपतियों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि बिजली ऐसी सुविधा है जो 100 प्रतिशत लोगों को चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में बिजली वितरण और उपलब्धता में जबरदस्त सुधार हुआ है। पहले हम डिस्कॉम की सूची में 15-16 नंबर पर थे और आज हम 5-6 नंबर पर हैं। उन्होंने कहा कि हमने आज 24 घंटे बिजली देना का काम किया है और हम कौशिश कर रहे हैं कि गुजरात की तरह एक्सप्रेस फीडर उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि यह काम करने में अभी समय लगेगा लेकिम हम लगातार इस तरफ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज फरीदाबाद, गुरुग्राम व रेवाड़ी प्रदेश का सबसे बड़ा औद्योगिक हब है और यहां लगातार उद्योगों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जब भी कहीं बड़ा उद्योग आता है तो वहां बिजली की संभावनाएं सबसे पहले देखता है। किसानों को लेकर उन्होंने कहा कि मुख्य मंत्री मनोहर लाल के निर्देशानुसार अगले दो महीने तक उन्हें आठ की बजाए दस घंटे तक बिजली दी जाएगी। उन्होंने सभी उद्योगपतियों से समस्याएं भी जानी और उनके जवाब भी दिए।

इस दौरान मुख्य मंत्री के प्रधान सचिव व पीएस पावर वी उमाशंकर व दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एमडी पीसी मीणा ने क्रमश: सभी उद्योगपतियों द्वारा रखी शिकायतों व समस्याओं के जवाब दिए। वी उमांशकर ने एक उपभोक्ताओं के सवाल का जबाव देते हुए कहा कि जब उद्योगीकरण होता है तो वहां बिजली वितरण व्यवस्था सुदृढ़ करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि इसके लिए ट्रांसमिशन लाईनों की जरूरत होगी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए फिलहाल सिंगल पोल सिस्टम पर बड़ी लाईनों की व्यवस्था की जा रही है। आईएमटी में एसडीओ की लगातार सीटिंग को लेकर उन्होंने कहा कि सप्ताह में अब तीन दिन यहां एसडीओ की सीटिंग रहेगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा कौशल विकास निगम के जरिए हम जल्द जल्द इस समस्या का समाधान करेंगे।

# आंगनबाड़ी वर्कर करेंगी एचआईवी के प्रति जागरुक : डॉ. शीला भगत


एचआईवी की जानकारी देते अधिकारी व काउंसलर।

**फरीदाबाद।** शहर के नागरिक सिविल अस्पताल में एक माह तक चलाये जा रहे एचआईवी जागरुकता कार्यक्रम के तहत दो दिन आंगनबाड़ी वर्करों को जागरूक किया गया।

दो दिवसीय इस जागरुकता कार्यक्रम का शुभारंभ बृहस्पतिवार को सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता ने किया। वहीं शुक्रवार को डिप्टी सीएमओ डॉ. शीला भगत ने इसकी शुरूवात की। इस विषय में जानकारी देते हुए डॉ. शीला भगत ने बताया कि आंगनवाड़ी वर्करों को एचआईवी और टीबी जैसी संक्रमित बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। लगभग दो सौ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इस विषय में जानकारी दी जा रही है, ताकि वह शहर में मौजूद आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाली व उनके आस-पास रहने वाले महिला और पुरुषों को इन बीमारियों के प्रति जागरूक कर सके। इस मौके पर डिप्टी सिविल सर्जन डॉ शीला भगत, डॉ महेन्द्र गोयल, एचआईवी कोडिनेटर सुभाष गहलौत, एचआईवी काउंसलर प्रीति, राजकुमार, सतीश मुख्य रूप से मौजूद रहे। डॉ शीला भगत ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एचआईवी के फैलने के कारणों और बचाव के तरीकों के बारे में बताया।

# संक्षिप्त समाचार

## सीमा भारद्वाज को पार्टी में सक्रिय होने की दी बधाई


महिलाओं को पटका पहना कर बंधाई देते जिला अध्यक्ष।

**फरीदाबाद।** सेक्टर-75 बीपीटीपी आरडब्ल्यूए क्यू ब्लॉक की प्रधान व समाज सेविका सीमा भारद्वाज ने 20 शहरी व ग्रामीण महिलाओं को भाजपा कार्यालय ले जाकर पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए सक्रिय राजनीति में कदम रखा। पार्टी जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा और युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला ने सीमा भारद्वाज व अन्य को पटका पहनाकर पार्टी में अधिक सक्रिय होने पर बंधाई दी। वहीं प्रदेश प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा ने पार्टी की महिला उत्थान नीतियों की चर्चा करते हुए कहा कि सीमा भारद्वाज विद्यार्थी परिषद की महानगर अध्यक्षा व लम्बे समय से संगठन की कार्यकर्ता रही हैं। इनके आने से पार्टी में अधिक मजबूती आएगी।

## डीआर चौधरी बने टैक्स बार एसोसिएशन के प्रधान


चुनाव में जीत का जश्न मनाते हुए सदस्य।

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद जिला टैक्स बार एसोसिएशन के आज चुनाव सम्पन्न हुए। चुनाव अधिकारी नरेन्द्र सिंह की देख-रेख में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराया गया। मतदान प्रक्रिया सुबह नौ बजे से दो बजे तक चली। जिसमें प्रधान पद के उम्मीदवार के लिए 201 मत डाले गए। जिसमें से 123 मत डीआर.चौधरी को मिलें। जबकि ए.के. चौधरी को 77 वोट मिलें। सीनियर वाईस प्रैसीडेंट के लिए दीपक छाबड़ा को 107 दीपक छाबड़ा, जबकि हरेन्द्र सैनी को 93 मत प्राप्त हुए। इस मौके पर कुछ मत रिजेक्ट भी हुए। नरेन्द्र सिंह चुनाव अधिकारी ने डीआर चौधरी को प्रधान तथा दीपक छाबड़ा को सीनियर वाईस प्रैसीडेंट की घोषणा की। इसके अलावा वाईस प्रैसीडेंट के लिए राजेश गुप्ता, महासचिव राजेन्द्र शर्मा, ज्वाईंट सैकेट्री ब्रजमोहन सैनी, कोषाध्यक्ष विनीत त्यागी, लाईब्रेरियन हरेन्द्र फौगाट, एग्जीक्यूटिव मैम्बर अमित कुमार को पहले ही सर्वसम्मति से चुन लिया गया था। इस अवसर पर जीते हुए और चुने गए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संदीप सेठी, हुकम सिंह भाटी, एसएन त्यागी, केके मिश्रा, बलवीर सिंह, संजय डिन्डे, सुभाष भारद्वाज, महेश शर्मा, अजीत भाटी, कमल लखानी, खेम सिंह, अजय सिंह, अभिषेक, दीपक गेरा, सतेन्द्र यादव, अरविंद पटेल सहित अन्य टैक्स बार के अधिवक्ताओं ने माला पहना व मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

## सुनैना चौटाला और प्रकाश भारती ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक



**फरीदाबाद।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंदर चौहान की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सैक्टर-11 फरीदाबाद में पार्टी की जिला कार्यकारिणी फरीदाबाद इकाई की जरूरी मीटिंग बुलाई गई है। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रकाश भारती, पार्टी की महिला सैल की प्रधान महासचिव सुनैना चौटाला, पार्टी के युवा शाखा के प्रदेश अध्यक्ष भाई सुरजीत संधू, फरीदाबाद जिले के प्रभारी राज सिंह मोर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यकारी जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह तेवतिया फरीदाबाद ने जिला कार्यकारिणी मीटिंग में मंच संचालन करते हुए पार्टी की भविष्य की नीतियों से अवगत कराया। पार्टी मीटिंग में वरिष्ठ नेता रूपचंद लांबा, केसर डागर, महिला जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू, सुरेश मोर, युवा नेता अजय चौधरी, संजय तंवर, पोरस डागर, सत्यवीर धनखड आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## डीपीएस स्कूल में पुलिस की पाठशाला आयोजित



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देश के तहत कार्य करते हुए एसीपी विनोद कुमार तथा उनकी टीम ने ग्रेटर फरीदाबाद स्थित डीपीएस पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा, साइबर तथा महिला व बाल अपराध के प्रति जागरुक करते हुए अहम जानकारियां दी। इस अवसर पर एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के साथ इंस्पेक्टर नेहा राठी, ट्रैफिक ताऊ व टीम, डीपीएस स्कूल प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस द्वारा छात्रों को विभिन्न सामाजिक विषयों के बारे में जागरूक करने के लिए फरीदाबाद पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। शहर के स्कूल तथा कॉलेजों में छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार की नॉलेज वर्कशॉप आयोजित करके उन्हें सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम कर रही है 'भारत जोड़ो यात्रा'

**फरीदाबाद।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा निकाली जा रही 'भारत जोड़ो यात्रा' के फरीदाबाद आगमन को लेकर जिले के कांग्रेसियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। इसी कड़ी में तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर ने आज क्षेत्र के गांव चीरसी, मौजाबाद, मंझावली, घरौंड़ा, रामपुर, अल्लीपुर, महमूदपुर, ढहकौला, शाहबाद, ताजूपुर, बदरपुर आदि दर्जनों गांवों का दौरा करके लोगों को अधिक से अधिक भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान लोगों में भी राहुल गांधी की यात्रा को लेकर खासा उत्साह नजर आया और उन्होंने पूर्व विधायक ललित नागर को विश्वास दिलाया कि वह इस यात्रा में बढ़चढ़कर हिस्सा लेकर राहुल गांधी के विचारों को सुनेंगे। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा देशभर में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो यात्रा' को समाज की छत्तीस बिरादरी का समर्थन मिल रहा है और इस यात्रा में बढ़चढ़कर लोग शामिल हो रहे है।

## दुष्कर्म का आरोपी राजस्थान के सवाई माधोपुर से गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा द्वारा महिला विरुद्ध अपराधों में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता की टीम ने दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम गणपत लाल है जो राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के मलारना डूंगर गांव का रहने वाला है। 17 अक्टूबर 2022 को आरोपी के खिलाफ महिला थाना सेंट्रल में दुष्कर्म तथा मारपीट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें पीड़ित युवती ने आरोपी द्वारा उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ बार-बार दुष्कर्म करने तथा मारपीट करने की शिकायत दी थी। युवती की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसकी धरपकड़ के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया।

## महिला उत्पीड़न

### दयनीय स्थिति

**आंकड़ों** से महिला उत्पीड़न की दयनीय स्थिति स्पष्ट होती है। आंकड़ों के अनुसार, 2017 से 2021 के बीच भारत में हर दिन दहेज के कारण औसतन 20 महिलाओं की हत्या हुई। लेकिन आंकड़े ऐसा विषय हैं जिनकी हमेशा महान विचारकों व लेखकों ने निन्दा ही की है। बेंजामिन डिज़राइली ने लिखा था, 'तीन प्रकार के झूठ होते हैं, झूठ, सफेद झूठ और आंकड़े।' मार्क ट्वेन ने कहा था, 'तथ्य जिद्दी चीजें होते हैं, पर आंकड़ों में हेरफेर संभव है।' लेकिन आज बहुत से पत्रकार और बुद्धिजीवी आंकड़ों की ज्यादा चिन्ता नहीं करते हैं। हालांकि, सरकार आंकड़ों का प्रयोग करती रहती है। सरकार ने बुधवार को संसद में बताया कि भारत में औसतन बीस महिलायें रोज दहेज-हत्यारों का शिकार बनती हैं। 2017 से 2021 के बीच देश में 35,493 दहेज हत्यायें हुईं। सवाल है कि गरिमापूर्ण भारत का यशोगान करने और स्वयं को राष्ट्रभक्त कहने वाले लोग ऐसे भयानक आंकड़ों की कहां तक चिन्ता करते हैं? क्या उन्होंने ऐसी जघन्य हत्याओं के कारणों पर गौर किया है? क्या अपने पूर्वाग्रहों के कारण उनकी सोचने-समझने की क्षमता कुंद हो गई है? आज पुराने फिल्मी गाने की तर्ज पर पूछा जा सकता है, 'जिन्हें नाज़ है हिंद पर वो कहां हैं?' विडंबना है कि दहेज हत्याओं के मामले में उत्तर प्रदेश व बिहार सबसे ऊपर हैं। उत्तर प्रदेश में पिछले पांच साल में 11,874 दहेज हत्यायें हुईं। इसके बाद बिहार, मध्य प्रदेश, बंगाल व राजस्थान का स्थान है। वास्तव में उत्तर प्रदेश व बिहार भारत में कुल दहेज हत्याओं के 48 प्रतिशत के जिम्मेदार हैं। दूसरी ओर गुजरात, मिजोरम, हिमाचल प्रदेश, नगालैंड, सिक्किम, गोवा, केरल, तमिलनाडु, मेघालय व मणिपुर में पांच साल के समय में हर साल 50 से कम मामले सामने आए हैं।



आंकड़ों से स्पष्ट है कि एक ओर समृद्धि व साक्षरता तथा दूसरी ओर गरीबी व निरक्षरता में निकट संबंध है। आम तौर से हिंदीभाषी पट्टी या पहले 'बीमारू' कहे जाने वाले राज्यों में समुचित स्तर की सामाजिक जागरूकता नहीं पाई जाती है। यह आश्चर्यजनक भी नहीं है क्योंकि 19वीं शताब्दी में हुए सामाजिक-धार्मिक सुधारों का इस पट्टी में ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ा था। लेकिन हम इस तथ्य को अनदेखा नहीं कर सकते हैं कि दहेज व इसके कारण महिलाओं की हत्याओं की समस्या तुलनात्मक रूप से समृद्ध व साक्षर क्षेत्रों से भी सामने आई है। दहेज पर प्रतिबंध लगाने के कठोर कानून हैं, पर किसी सामाजिक बुराई को दूर करने के लिए कानूनों के प्रयोग की एक सीमा है। कानून ज्यादा से ज्यादा सामाजिक परिवर्तन की शक्ति बढ़ाने वाले हो सकते हैं, पर वे मुख्य संचालक शक्ति नहीं हो सकते हैं। सामाजिक परिवर्तन प्रेरित करने में कानूनों की प्रभावशीलता भी काफी सीमा तक गंभीर पुलिसिंग व सटीक न्याय प्रणाली पर निर्भर करती है। सभी जानते हैं कि पुलिस व न्याय प्रणाली में तत्काल व्यापक सुधारों की आवश्यकता है। पुलिसिंग व अदालतों की अक्षमताओं के कारण दहेज कानूनों का दुरुपयोग होता है। वैसे आमतौर पर माना जाता है कि दहेज कानून काफी कठोर हैं। ऐसे में समय की आवश्यकता व्यापक पुलिस व न्यायिक सुधार हैं, लेकिन समस्या यह है कि ऐसे सुधार राजनीतिक रूप से संवेदनशील तथा भावनात्मक मुद्दे बन सकते हैं। वैसे अनेक राजनेता अपने निहित व चुनावी स्वार्थों के लिए भावनात्मक मुद्दे भड़काने व जगहों के नाम बदलने जैसे काम करते रहे हैं। मंडल आयोग रिपोर्ट आने के बाद अनेक दलों की राजनीति ने जाति पर ध्यान केन्द्रित किया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने लिए एक नया काम तलाश लिया है। वे बिहारियों का नैतिक स्तर ऊपर उठाने के काम में लगे हैं। निश्चित रूप से जीवनस्तर ऊपर उठाने की तुलना में यह काम ज्यादा आसान है और इसके लिए शराबबंदी को एक साधन माना गया है। लेकिन महिलाओं को सुरक्षा देना व महिला उत्पीड़न को पूरी तरह समाप्त करना आसान काम नहीं है, इसलिए हमारे नेता इसके बारे में ज्यादा दिलचस्पी नहीं लेते हैं।

# भाषाई सिनेमा की छिपी प्रतिभायें

28वें कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में विरली भाषाओं के भारतीय सिनेमा खंड में कम प्रचलित भारतीय भाषाओं की अच्छी फिल्में सामने आईं।



**शांतनु गांगुली**
(लेखक फिल्म जगत से संबद्ध हैं)




**वर्ष** 2015 में शुरू हुए कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में विरल भारतीय भाषाओं में सिनेमा की यात्रा प्रदर्शित की गई है, जबकि पहले भारत में इस पर ज्यादा चर्चा नहीं होती थी। केआईआईएफएफ के सक्रिय सदस्य व वरिष्ठ फिल्मनिर्माता गौतम घोष ने हमेशा इसे प्रोत्साहित किया है और उन्होंने अब तक अनसुने भारत की आवाज सामने लाने में व्यापक पहल की है।

हमारे बचपन के दिनों में, लगभग 80 के दशकांत में हर रविवार शाम को क्षेत्रीय भाषाओं में बनी फिल्में दिखाई जाती थीं जिनमें असमिया, बंगाली, ओड़िया, तमिल, तेलगू, मलयालम, कन्नड़, मराठी शामिल हैं। ये फिल्में दूरदर्शन पर दिखाई जाती थीं जोउस समय उपलब्ध एकमात्र टीवी चैनल था। हालांकि, कभी-कभी उसमें कोंकड़ीं, बोडो, आदि भाषाओं की फिल्में भी शामिल होती थीं।

भाषा मुझे हमेशा से आकर्षित करती रही है और भारतीय भाषाओं में मौजूद विविधता आश्चर्यजनक है। साहित्य के अलावा स्थानीय लोकभाषाओं व कहावतों का आडियो-विजुअल फार्मेट में दस्तावेजीकरण भी महत्वपूर्ण है। इसलिए मेरा प्रयास रहा है कि सिनेमा के माध्यम से सभी भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान प्रकट किया जाए।

फिल्म फेस्टिवल क्यूरेशन या प्रोग्रामिंग को अपना पेशा चुनने के बाद मैंने पाया कि बहुत से फिल्मनिर्माता कम प्रचलित भारतीय भाषाओं में फिल्में बना रहे हैं। कुछ भाषायें केवल बहुत छोटे क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों में बोली जाती हैं। इनमें 'मिसिंग' व 'शेरडुकपान' जैसी भाषायें शामिल हैं जो अरुणाचल प्रदेश के कुछ कबीलाई लोगों द्वारा बोली जाती हैं। उत्तरपूर्व के फिल्मनिर्माता अनेक भाषाओं में छोटी व फीचर फिल्मों की लंबाई वाली फिल्में बना रहे हैं। इन भाषाओं में राभा, मिजो, खासी, गारो, नागामीज़ व दिमासा शामिल हैं जिन पर नियमित रूप से फिल्में बनाई गई हैं। भारत के दक्षिणी भाग में कर्नाटक में बायरी, कोंकड़ीं, टुलू, कोडवा व बंजारा भाषायें भी बोली जाती हैं। कन्नड़ के साथ ही केरल में पानिया, इरुलू व आदिवासी भाषायें बोली जाती हैं। लक्षद्वीप में बोली जाने वाली जासरी कम लोकप्रिय भारतीय भाषाओं का एक उदाहरण है।

उत्तर भारत में फिल्मनिर्माता विभिन्न बोलियों में फिल्में बना रहे हैं जिनमें हरियाणवी, राजस्थानी तथा उत्तराखंड की कुंमाऊनी, गढ़वाली, डोगरी, कश्मीरी, लद्दाखी, गद्दी व पहाड़ी, आदि शामिल हैं। पश्चिम बंगाल, झारखंड व छत्तीसगढ़ के कबीलाई हिस्सों से संथाली, कुरमाली, राजबंशी, छोटानागपुरी, छत्तीसगढ़ी, आदि भाषाओं में नियमित रूप से अच्छी फिल्में बनाई गई हैं। इन गुणवत्तापूर्ण फीचर फिल्मों के माध्यम से इन भाषाओं को बोलने वाले समुदायों की विभिन्न कथायें सामने लाने के साथ ही उनकी कला, संस्कृति, परंपराओं, कर्मकांडों तथा निश्चित रूप से भाषाओं व उनकी बोलियों को जीवित रखने तथा फलने-फूलने का अवसर देने के प्रयास सामने आते हैं।

> **भारत के लगभग अदृश्य रहने वाले इन भागों से अनेक बहुत अच्छी गुणवत्ता वाली फिल्में सामने आई हैं। लेकिन विडंबना है कि इन फिल्मों में से बहुत कम को ही उपयुक्त स्वीकार्यता मिली है। दुर्भाग्य से हमारी व्यवस्था इन अविश्वसनीय समझी जाने वाली रचनाओं को फिल्म प्रेमी दर्शकों तक पहुंचने में बाधा डालती है।**

भारत के लगभग अदृश्य रहने वाले इन भागों से अनेक बहुत अच्छी गुणवत्ता वाली फिल्में सामने आई हैं। लेकिन विडंबना है कि इन फिल्मों में से बहुत कम को ही उपयुक्त स्वीकार्यता मिली है। दुर्भाग्य से हमारी व्यवस्था इन अविश्वसनीय समझी जाने वाली रचनाओं को फिल्म प्रेमी दर्शकों तक पहुंचने में बाधा डालती है। इन लगभग अज्ञात भाषाओं व बोलियों के अनेक फिल्मनिर्माता तो यह भी नहीं जानते हैं कि फिल्म फेस्टिवल में उनके हिस्सा लेने की प्रक्रिया क्या है। दादा साहेब फाल्के को सिनेमाई इतिहास का प्रतीक पुरुष माना जाता है, पर भारतीय सिनेमा के इतिहास में 'तन्याबी फिर्ती' को स्थान क्यों नहीं मिला जो चकमा भाषा की पहली फिल्म है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी शुरुआत से ही इस दिशा में बहुत सहयोगी भूमिका निभाती रही हैं। उन्होंने केआईएफएफ के उद्घाटन सत्र में दर्शकों से प्रार्थना की कि वे 'अनहर्ड इंडिया' खंड में शामिल फिल्में अवश्य देखें। वरिष्ठ फिल्मनिर्माता महेश भट्ट ने खासतौर से अनहर्ड इंडिया खंड में दिखाई जाने वाली फिल्मों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि यह खंड इतना महत्वपूर्ण क्यों है। भट्ट ने मंच से कहा, 'हालांकि फीचर लंबाई वाली फिल्में विरल या एबओरिजिनल भारतीय भाषाओं में बनाई गई हैं। इनसे अपनी मातृभाषा, मातृबोली, साहित्य, संस्कृति व विरासत की रक्षा की जा सकती है।' कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के मंच पर अनेक सितारे मौजूद थे जिनमं प्रख्यात अभिताभ बच्चन से लेकर कमलहासन, शाहरुख खान तथा बंगाली सिनेमा उद्योग के अनेक स्टार शामिल थे।

'अनहर्ड इंडिया' के समूह में इस साल 28वें कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के विरल भाषा सिनेमा प्रखंड में तीन एबओरिजिनल भाषाओं-राजबंशी, कुरमाली व संथाली शामिल थीं। ये आतिथेय पश्चिम बंगाल की ओर से थीं। इसके अलावा अन्य भाषाओं में मैथिली, बयारी, संस्कृत व राभा भी शामिल थीं। राजबंशी फिल्म 'मानसै' का निर्देशन आशुतोष दास, कुरमाली फिल्म 'टुसू' का निर्देशन बिश्वजीत राय, संथाली फिल्म 'धरती लातेर रे होरो', यानी जमीन के नीचे कछुआ का निर्देशन शिशिर झा, मैथिली फिल्म 'लोटस बूम' का निर्देशन प्रतीक शर्मा तथा बायरी फिल्म 'धार्या' का निर्देशन आदित्य आर. चिरंजीवी ने किया है। संस्कृत फिल्म 'भगवद्जुकीयम' का निर्देशन वाडु विजयकृष्णन परमेश्वरन ने किया है। इस फिल्म फेस्टिवल मं उत्तरपूर्व से दिखाई जाने वाली एकमात्र फिल्म राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मनिर्माता हीरेन बोरा राभा की फिल्म 'नासीमाई', यानी प्रेमिका है।

विरल भाषाओं में बनी तीन फिल्मों में दीपंकर प्रकाश की राजस्थानी फिल्म नानीरा का चयन भारतीय भाषा प्रतियोगी खंड के लिए किया गया, जबकि कोडवा फिल्म 'प्रोमाले कोडागू' यानी अविश्वसनीय कुर्ग का निर्देशन कोटुकटिर्रा प्रकाश करियप्पा ने किया है तथा इसके प्रोड्यूसर यशोदा प्रकाश हैं। टुलू फिल्म 'मुन्नी' के निर्देशक इस्माइल मोडुशेड्डे व प्रोड्यूसर वेंकट गौड़ा हैं। इस फिल्म को सम्मानित एशियान चयनित नेटपैक अवार्ड खंड के लिए किया जा चुका है। कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 15 दिसंबर से 22 दिसंबर, 2022 तक चलेगा। इस लेख के लेखक शांतनु गांगुली फिल्मफेस्टिवल क्यूरेटर, फिल्मनिर्माता, प्रोड्यूसर तथा स्वतंत्र लेखक हैं। वे 28वें कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में 'अनहर्ड इंडिया: रेयर लैंग्वेज सिनेमा' खंड के क्यूरेटर हैं।

# भाजपा के लिए महत्वपूर्ण समान नागरिक संहिता



**शिवाजी सरकार**
(लेखक, जहाजरानी मंत्रालय में सलाहकार हैं)

**प्र**धानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी-भाजपा ने पिछले आठ साल में अभूतपूर्व ऊंचाइयां छुई हैं और भारतीय राजनीति पर उसका बढ़ता वर्चस्व स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। भाजपा ने विपक्ष के अनेक प्रयासों के बावजूद अपनी चुनावी सफलताओं का रिकार्ड बनाए रखा है। भाजपा ने देश के बहुसंख्य हिंदू मतदाताओं को अपने साथ जोड़ने में सफलता पाई है। गुजरात में 156 सीटों की रिकॉर्ड जीत के साथ भारतीय जनता पार्टी इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ी है। अब यह 2024 के लोकसभा चुनाव तक प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए अर्थव्यवस्था से परे जाने वाला बहुसंख्यक हिंदू जनता के सहयोग से तीव्र बदलाव हो सकता है।

ऐसा लगता है कि भारतीय जनता पार्टी अर्थशास्त्र और राजनीति की संकुचित परिधियों से परे जाना चाहती है। यह फरवरी 2023 में चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले एक खुली बहस के लिए एजेंडा तय कर रही है। भाजपा नौ राज्य विधानसभाओं और चार लोकसभा के चुनावों के साथ, होने वाले आगामी राष्ट्रीय चुनावों के लिए व्यवस्थित रूप से पिच तैयार करना शुरू कर रही है। इस प्रयास में उसका चौबीसों घंटे व सातों दिन लगातार काम करने वाला संगठन बहुत सहायक भूमिका अदा कर रहा है।

5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का आर्थिक जुमला वहां भी बना रहेगा क्योंकि यह गुजरात में भी एक ट्रिलियन के राज्य जीडीपी के लिए बरकरार था, हालांकि यह पार्टी को पसंद आने वाला मूड नहीं बना सका। इसके कारण इसके नेताओं को आश्चर्यजनक जीत के लिए अतिरिक्त - 50 किमी और 10 किमी की दूरी तक चलना पड़ा। मोदी के जादुई आकर्षण और 5 दिसंबर को दूसरे चरण में मतदान केंद्रों पर 16 लाख से अधिक लोगों को इकट्ठा करने की पार्टी की क्षमता ने भी अंततः काम किया। पार्टी की वित्तीय और जनशक्ति की ताकत ने विपक्षी दलों, विशेष रूप से कांग्रेस और आप का लगभग सफाया कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भाजपा के अन्य नेताओं ने गुजरात में लगातार आप की ओर से मुफ्त दी जाने वाली चीजों का खुला विरोध किया। लेकिन गुजरात की जनता ने आप या कांग्रेस के लोकलुभावन वादों के बजाय भाजपा के सतत विकास के वादों पर ज्यादा भरोसा किया और उसने 27 साल की सत्ता से पैदा नकारात्मक रुझानों को भी खारिज कर दिया। गुजरात चुनाव परिणाम शायद राजनीतिक विश्लेषकों की उम्मीद से भी आगे रहे।

शायद भाजपा की नजर में 2024 का चुनाव शायद एक बार फिर आर्थिक ब्लूप्रिंट पर नहीं लड़ा जा सकता। भारत भले ही छह फीसदी से अधिक की प्रगति के साथ बेहतर प्रदर्शन कर रहा हो, लेकिन यह मतदाताओं को लुभाने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता है। भाजपा प्रचार के कैफेटेरिया दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ती है। 2023 में नौ राज्यों में, उत्तर पूर्व में - मेघालय, नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा, दक्षिण में- कर्नाटक, तेलंगाना, मध्य में - छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और पश्चिम में- राजस्थान में स्थिति भिन्न होगी। अप्रैल 2024 में लोकसभा चुनावों के साथ आंध्र, अरुणाचल, ओडिशा और सिक्किम में चुनाव होने की संभावना है। भाजपा के चुनाव आयोजक जानते हैं कि विवाद वोट बटोरने वाले होते हैं। यह पुनः ध्रुवीकरण, जनसंख्या या प्रत्येक राज्य में अद्वितीय पैक्स के साथ विभाजन का दांव खेल सकती है। यह अब लगभग पूरे देश में एक लहर पैदा करने के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर केंद्रित है। पर्सनल लॉ के मुद्दे पर चर्चा लगभग सभी भारतीयों का ध्यान आकर्षित करती है। वृहद आयात का एक छोटा सा नमूना शुक्रवार, 9 दिसंबर को राज्यसभा में भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा द्वारा एक निजी सदस्य विधेयक पेश करने के साथ देखा गया। उन्होंने समान नागरिक संहिता को तैयार करने और लागू करने के लिए पैनल की मांग की। यह मुद्दा सदन को विभाजित कर देता है। अपेक्षानुरूप कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, सीपीआई-एम, सीपीआई, आईयूएमएल, एमडीएमके, समाजवादी पार्टी और राजद ने हंगामे के बीच कड़ा विरोध दर्ज कराया। अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने मत विभाजन की मांग की और प्रस्ताव के पक्ष में 63 और विरोध में 23 मत पड़े।

भाजपा अपने चुनाव प्रचार अभियान को धार देने के लिए यूसीसी को जनसंख्या नियंत्रण नीति से अलंकृत करने पर विचार कर रही है। अगर बीजेपी सभी राज्यों में यूपीए-कांग्रेस द्वारा शुरू की गई दस साल पुरानी नई कारों को खत्म करने पर ध्यान केंद्रित करती है, तो यह कई करोड़ लोगों व परिवारों के दिलों को प्रभावित करेगी। यह एक गेम चेंजर हो सकता है क्योंकि स्विट्जरलैंड ने अनुचित तकनीकी बिजली खपत वाले इलेक्ट्रिक वाहनों -ईवी को हटाने के लिए पहला कदम उठाया है। यूपी, हरियाणा, उत्तराखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, पंजाब और कई अन्य राज्यों के किसानों के अंदर कारों व ट्रैक्टरों को जबरन रद्दी में बदलने के खिलाफ गुस्सा देखा जा रहा है। लेकिन भाजपा अच्छी तरह जानती है कि देश के आर्थिक विकास हेतु उठाए जाने वाले कदमों से आम जनता को इतना नाराज होने से बचाया जाए कि भाजपा को उसका नकारात्मक चुनावी नतीजा भुगतना पड़े।

एक बार फिर मुफ्त भोजन हो या न हो, आदिवासियों और वंचित समूहों के लिए कई अन्य कार्यक्रमों के साथ-साथ मुफ्त भोजन के डोल को लोकसभा चुनाव तक विस्तार मिलने की संभावना है। इस कार्यक्रम को चरणों में मई 2024 तक बढ़ाए जाने की संभावना है। अल्पसंख्यकों को प्रधानमंत्री आवास योजना आवासों के आवंटन, ईडब्ल्यूएस कोटे में नौकरी, धार्मिक विद्यालयों, मदरसों और कुछ अन्य कार्यक्रमों के आवंटन में विशेष सहायता दी जानी है। यह ध्यान रखना दिलचस्प है कि पिछड़े अल्पसंख्यक समुदाय धीरे-धीरे हिंदू पार्टी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। गुजरात के कइ मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में भाजपा की विजय से अनुमान लगाया जा रहा है कि शायद मुसलमानों के एक बड़े हिस्से ने भाजपा को वोट दिया है। हालांकि, मुसलमान व खासकर गुजरात के मुसलमानों का हिस्सा भाजपा को वोट देता रहा है, पर अब इसेऔर गतिशील बनाने का प्रयास किया जा रहा है। आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार द्वारा विभिन्न धर्मों के अल्पसंख्यक समूहों के बीच सूक्ष्म प्रचार ने लोगों को आकर्षित किया है।

उत्तर पूर्व, तेलंगाना, आंध्र और कर्नाटक में अल्पसंख्यक संप्रदाय के निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा अगले एक साल तक लगातार संपर्क किया जाएगा ताकि उन्हें भाजपा को वोट देने का लालच दिया जा सके। यह विभिन्न चर्चों के संपर्क में है। प्रत्येक राज्य के लिए तैयार किए गए विभिन्न कार्यक्रमों का उद्देश्य भगवा पार्टी के प्रति जनता के मूड को बदलना है। कल्याण और लोकप्रिय छवि पर ध्यान केंद्रित करने वाले प्रत्येक राज्य के लिए दृष्टिकोण, पैकेजिंग और तरीके विशेष हैं। स्थानीय धार्मिक प्रतीकों को भी कई तरह से पेश किया जाएगा। अरुणाचल में, डोनी-पोलो, सूर्य-चंद्र मंदिर, पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मोदी ने कुछ समय पहले डोनी-पोलो एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। नागालैंड विविध है और इसी तरह इस क्षेत्र के अन्य राज्य भी हैं। आरएसएस के एक नेता का कहना है कि संघ दशकों से पूर्वोत्तर के आदिवासी समूहों की सेवा कर रहा था।

आर्थिक मुद्दों से परे जाने और 2047 या स्वतंत्रता की शताब्दी तक अपने शासन को बनाए रखने के लिए मिश्रित भावनाओं के साथ चुनाव जीतने, जोड़ने और विभाजित करने के लिए मतदाताओं की कल्पना पर कब्जा करने के लिए भलाईपूर्ण अभियान का मुद्दा तैयार किया गया है। इस प्रकार भाजपा देश की आर्थिक प्रगति को संस्कृति व सभ्यता की प्रगति के साथ जोड़ कर एक ऐसा विमर्श तैयार करना चाहती है जिसका मुकाबला कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियां न कर सकें। गुजरात की विजय ने भाजपा का उत्साह बढ़ा दिया है और उसने दक्षिण भारत के अनेक राज्यों के साथ पूरे देश में अपने प्रचार और संगठन विस्तार का काम शुरू कर दिया है। भाजपा की रणनीति में समान नागरिक संहिता जैसे भावनात्मक मुद्दों का महत्व आर्थिक उपलब्धियों व राजनयिक उपलब्धियों की तुलना में कम नहीं है।

## आप की बात

### आनलाइन व्यापार

**पिछले** कुछ वर्षों से हमारे देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में नकली दवाइयों का कारोबार फलफूल रहा है। खतरनाक नतीजों के बावजूद यह इस समय मुनाफे का कारोबार है। डब्लूएचओ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में कोरोनावायरस के नाम पर दवाइया बड़े पैमाने पर बिक रही है। कोविड 19 के समय से ऑनलाइन के माध्यम से नकली दवाइयों को बेचने का भी अच्छा मार्केट मिल गया। क्योंकि इसमें न बिल का पता होता है न ही बैच का नंबर सही होने की गारंटी होती है ऊपर से इन दवाओं के साइड इफेक्ट होने का खतरा भी रहता है। दवाओं की अगर उपभोक्ता आनलाइन शॉपिंग करते हैं तो पूरी सावधानी बरतनी होगी। नकली दवाओं पर नकेल कसने के लिए भारत सरकार को पुख्ता नियम बनाने चाहिए। इन दवाओं में गड़बड़ी पाई जाने पर निर्माता और मार्केटिंग दोनों कंपनियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। इससे देश में बेची जाने वाली दवाओं की क्वालिटी में सुधार आएगा और फार्मा कंपनियों को मरीजों को दवा बेचे जाने से पहले उसकी गुणवत्ता की सीधी निगरानी के लिए प्रोत्साहित करेगा। राज्यों के बॉर्डर पर मुस्तैदी से चेकिंग अभियान चलाया जाना चाहिए जिससे मौत का यह कारोबार खतम किया जा सके।

**दीपा अधिकारी,** नैनीताल

### महिला सुरक्षा

**दस वर्ष पहले** 16 दिसंबर, 2012 को देश की राजधानी दिल्ली में हुए निर्भया कांड ने पूरे देश को झकझोर दिया था, इस अपराध के विरुद्ध पूरे देश के आक्रोश ने एक आंदोलन का रूप भी लिया, देश के हर कोने में विरोध प्रदर्शन एवं कैंडल मार्च भी निकले और एक उम्मीद जगी कि समाज जाग्रत हो रहा है, परन्तु 10 वर्ष बाद भी जैसा बदलाव वांछित था वो नहीं हो पाया और जनता को श्रद्धा मर्डर केस और अभी द्वारका इलाके में एसिड अटैक ने पुनः विचलित कर दिया। यदि बीते दस वर्षों की समीक्षा की जाए तो स्थिति जस की तस ही है हालांकि कई नए कानून बने परन्तु महिलाओं के विरुद्ध अपराध नहीं रुके। मनोवैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ इसका कारण दूषित मानसिकता को मानते हैं, कुछ विचारकों के अनुसार समाज का नैतिक पतन इसका कारण है। असल वजह कुछ भी हो परन्तु अंततोगत्वा अपराध नहीं रुक रहे, जो कि सभ्य समाज के लिए चिंता का विषय है, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार और शासन के साथ समाज की भी अहम् जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी को युद्ध स्तर पर प्रयास करने चाहिए। महिला सुरक्षा के लिए महिलाओं का हर क्षेत्र में सशक्तीकरण जरूरी है।

**मनोज**, मेरठ

### विफल शराबबंदी

**शराबबंदी** के बाद भी बिहार में जहरीली शराब बनी, बिकी और उसे पीने से 39 लोग मर गए। तब शराबबंदी का मतलब क्या रहा? इस पर भी जब विधानसभा में विपक्षीय हंगामा हुआ तो पहले मुख्यमंत्री नितीशकुमार उन पर नाराज हुए फिर बोले "जो पियेगा वो मरेगा" हालांकि शराब जहरीली थी, तब स्वाभाविक है कि उसे जो पियेगा वो मरेगा ही। पर क्या ये सही जवाब है? जब प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी है तब भी वहां शराब, फिर चाहे वो अवैध ही क्यों न हो, आखिर क्यों बन रही है और क्यों बिक रही है ? मतलब साफ़ है शासन-प्रशासन की ढिलाई या लापरवाही। मुख्यमंत्री कहते हैं कि "जो पियेगा वो मरेगा" याने क्योंकि शराब जहरीली थी। बिहार के प्रदेश वासियों के मामले में ही नहीं बल्कि जिन-जिन प्रदेशों में "शराब बंदी" है, जनहित में सरकार को यदि "पूर्ण शराबबंदी" कायम रखना है तो उसे सख्ती से वैध-अवैध शराब न तो वहां आये, न बने न बिके, इसके लिए वहां पूर्ण पाबंदी का पालन होना चाहिए ताकि बेमौत कोई मारा ना जा सके और न ही किसी का घर बर्बाद हो सके।

**महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**राहुल गांधी** सौभाग्यशाली हैं कि उनके माता-पिता ने उनको अपनी इच्छा से काम करने दिया।

– **जयराम रमेश**
कांग्रेस नेता



**हमने** सामाजिक समस्याओं को बहुत लंबे समय तक टाला है। उनको दूर करने के लिए नैतिक साहस की जरूरत है।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**कालेश्वरम** सिंचाई परियोजना घोटाले के चलते केसीआर देश के सबसे बड़े डकैत हैं।

– **वाई.एस. शर्मिला**
वाईएसआर तेलंगाना पार्टी प्रमुख

# यूपी को देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में करना है स्थापित

## मुख्यमंत्री ने नवचयनित वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

### ● निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया के लिए सभी ने मुख्यमंत्री के प्रति व्यक्त किया आभार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश को देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित किया जाना है। इसके लिए हमें उन सेक्टर्स को चिन्हित करना होगाए जहां सबसे अच्छी सम्भावनाएं हैं। प्रदेश में सबसे अधिक सम्भावना का क्षेत्र स्वाभाविक रूप से कृषि है। अगर हम थोड़ा प्रयास कर लेंए तो आगामी कुछ वर्षों में कृषि क्षेत्र की क्षमता को तीन गुना बढ़ा सकते हैं। उत्तर प्रदेश देश ही नहींए बल्कि दुनिया का पेट भरने की क्षमता रखता है। इन सम्भावनाओं पर कार्य करने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को लोक भवन सभागार में निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा अधीनस्थ कृषि सेवा (वर्ग-1) के लिए चयनित 431 वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने 11 नवचयनित वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को इस चयन की प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर नवचयनित वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों ने निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में मिशन रोजगार के अन्तर्गत नव चयनित वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों को बधाई देते हुए कहा कि आपके पास अच्छी डिग्री के साथ-साथ अच्छा अनुभव भी है। उनकी प्रतिभा व अनुभव का लाभ राज्य के अन्नदाता किसानों को दिलाने के लिए आज 431 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण का कार्य हो रहा है। प्रदेश में 6 कृषि विश्वविद्यालय स्थित हैं। इनके माध्यम से देश व प्रदेश को अच्छे कृषि स्नातक मिल रहे हैं। यह संस्थान अन्नदाता किसानों के सहयोग के लिए अच्छी प्रशिक्षित टीम को उन तक पहुंचा रहे हैं। प्रदेश में भारत सरकार के सहयोग से 89 कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित हैं। किसानों के प्रशिक्षण, उन्हें नई तकनीक के बारे में जानकारी देने तथा समय पर प्रमाणित बीज की उपलब्धता की दिशा में कृषि विज्ञान केन्द्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सरफेस वॉटर की कमी नहीं है लेकिन पहले उसका उचित नियोजन नहीं होता था। खेतों में उस जल को पहुंचाने के लिए सुविधाएं नहीं थी। राज्य में वर्षों से लम्बित सिंचाई परियोजनाओं को पूर्ण कराया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्रता के अनुसार प्रदेश के विभिन्न किसानों को मिले, इसमें वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों की बड़ी भूमिका हो सकती है। उन्हें तकनीक उपलब्ध कराने में आप सहायक हो सकते हैं। हमें समय के अनुरूप चलना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा बिना भेदभाव के ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों के चयन की प्रक्रिया पूरी हुई है। आपके कार्यक्षेत्र का निर्धारण भी पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है। शासन की अपेक्षा है कि आप भी ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ कृषि क्षेत्र में विकास की रफ्तार को डबल डिजिट में पहुंचाकर प्रदेश के विकास में अपना योगदान देंगे। अन्दाता किसानों के साथ बेहतरीन संवाद बनाकर उन्हें इस व्यवस्था से जोड़े रखने के लिए आपको सदैव तत्पर रहना होगा।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि विगत साढ़े पांच वर्षों में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरन्तर चतुर्दिक विकास की दिशा में अग्रसर हुआ है।

# जापानी कंपनियों के साथ 15 हजार करोड़ रुपए का एमओयू हस्ताक्षरित



### ● सिस्मेक्स कंपनी यूपी में मेडिकल डिवाइस पाक स्थापित करने की इच्छुक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जापान** में रोड-शो करने गए उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल एवं प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम को जापान की जानी मानी कंपनियों से टोकियो में 15 हजार करोड़ रुपए के समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर संपादित कराए गए। इसके अलावा जापान की प्रमुख औद्योगिक घरानों से उत्तर प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री की मौजूदगी में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार निसेनकेन के ताकेसी एंडो क्वालिटी ईवैल्यूएशन सेंटर टोकियो लैबोरेटरी ने गौतमबुद्ध नगर में 10 हजार करोड़ रुपए की लागत से टेक्सटाइल पार्क की स्थापना करेगी। इसके लिए 100 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। इस परियोजना के स्थापित होने से 10 हजार लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। इसके अलावा वन वर्ल्ड कारपोरेशन टोकियो जापान के आकीहिको यामाशिरो की ओर से गौतमबुद्धनगर में कचरा प्रबंधन सुविधा के लिए 5000 करोड़ रुपए के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस परियोजना के लिए 50 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी तथा स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इसके अलावा जयवीर सिंह एवं आशीष पटेल ने मितसुई एंड कंपनी के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर टोमोआकी मैटसुमोटो से एनआईएएल के साथ ज्वाइन्ट वेंचर में एअर कारगो सुविधा के प्रस्ताव पर विस्तार से सार्थक बातचीत हुई।

इसके अलावा दोनों मंत्रियों की टीम ने पंकज गर्ग सीईओ व मानाशिमाडा (सलाहकार) और रीको रीकोतकाशी (सेल्स एंड मार्केटिंग) से ऊर्जा के क्षेत्र में नवाचार पर विस्तार से बातचीत हुई। वार्ता के दौरान नवीनतम तकनीकी आईस बैटरी सिस्टम से उप्र को कैसे लाभान्वित किया जा सकता है, इस विषय पर विस्तार से चर्चा की गई।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह एवं प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने टोकियो जापान की प्रमुख कम्पनियों से विचार विमर्श करते हुए उन्हें फरवरी, 2023 में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। मंत्रियों ने कहा कि बदले परिवेश में उप्र निवेश के लिए सर्वाधिक उपयुक्त स्थल है। उप्र में बेहतर कनेक्टिविटी, उच्चकोटि की कानून व्यवस्था एवं अत्याधुनिक अवस्थापना सुविधाओं के साथ निवेश के अनुकूल परिस्थितियां मौजूद हैं।

## पीएसी का स्थापना दिवस आज, सीएम योगी होंगे मुख्य अतिथि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पीएसी का स्थापना दिवस समारोह 17 दिसंबर को मनाया जाएगा। इसका आयोजन महानगर स्थित 35वीं पीएसी मुख्यालय में सुबह दस बजे से होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। पीएसी मुख्यालय के मुताबिक मुख्यमंत्री समारोह में एक घंटे से अधिक समय तक मौजूद रहेंगे। उनके सामने पीएसी के बैंड, कमांडोज व कुश्ती का प्रदर्शन भी होगा। मुख्यमंत्री समारोह को संबोधित करने से पहले उत्कृष्ट पीएसी जवानों को पुरस्कृत भी करेंगे। इस मौके पर डीजीपी डॉ. डीएस चौहान और एडीजी पीएसी डॉ. केएस प्रताप कुमार भी अपने विचार व्यक्त करेंगे। समारोह में सीआरपीएफ, एसएसबी और पीएसी के बैंड का प्रेजेंटेशन होगा। इसके अलावा अच्छा काम करने वाले पीएसी कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा और कमांडो करतब दिखाएंगे। मुख्यमंत्री इस मौके पर लगने वाली सुरक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे।

## आंख मूंद लेने से सूरज का प्रकाश अंधेरे में नहीं बदल जाताः नंदी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से ट्वीट कर योगी सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों के विदेश दौरे और निवेश लाने के प्रयासों पर सवाल उठाया है। जिसका उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने ट्वीट के जरिए ही करारा जवाब दिया है। अखिलेश यादव ने आज सुबह औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी और लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद के साथ विदेश दौरे पर गए एसीएस नवनीत सहगल की फ ोटो पोस्ट करते हुए ट्वीट में लिखा था कि ष्दिखावटी निवेश से उप्र का विकास नहीं होगा, कागज पर छपी मोमबत्ती दिखाने से उजाला नहीं होता। अखिलेश यादव के इस ट्वीट का जवाब देते हुए औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी न ट्वीट पर रीट्वीट करते हुए लिखा कि, अखिलेश जी आंख मूंद लेने से सूरज का प्रकाश अंधेरे में नहीं बदल जाता है। दुनिया भर के उद्यमी और निवेशक प्रदेश की आर्थिक तरक्की के साझीदार बनने को उत्साहित हैं। विश्व की प्रतिष्ठित कम्पनियाँ जीआइएस 2023 में प्रतिभाग और बड़े पैमाने पर निवेश का कमिटमेंट के माध्यम से कर रही हैं। प्रधानमंत्री की ग्लोबल सोच और माननीय मुख्यमंत्री की मुहिम को अभूतपूर्व वैश्विक समर्थन मिल रहा है। आपके नाकारने से प्रदेश की समृद्धि, खुशहाली और प्रगति की रोशनी तनिक भी मद्धम होने वाली नहीं है।

# तीस जिलों में चलने वाली एकात्म यात्रा का आज मथुरा से होगा शुभारंभ

### ● पंडित दीन दयाल उपाध्याय के एकात्म मानर्व दर्शन का किया जाएगा प्रचार-प्रसार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

17 दिसंबर 2022 से 25 दिसंबर 2022 तक चलने वाली एकात्म यात्रा का शुभारंभ आज मथुरा से होगा। यह यात्रा नोएडा, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, अयोध्या, बस्ती, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, काशी, प्रयागराज, चित्रकूट, बांदा, झांसी, बिठूर, उन्नाव से लखनऊ तक प्रदेश के 30 जिलों से गुजरेगी। यात्रा के दौरान 18 विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में एकात्म संवाद एवं यात्रा के विभिन्न पड़ाव स्थलों पर एकात्म संवाद, एकात्म चर्चा, ग्रामीण एकात्म संवाद, विचार गोष्ठी, चाय पर चर्चा और सामाजिक सांस्कृतिक संवाद के माध्यम से पंडित दीन दयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही साथ राम राज्य की अवधारणा के माध्यम से जन-जन में सामाजिक समरसता व कुटुंब प्रबोधन को पुनर्स्थापित करने का प्रयास करेगी। इस यात्रा के माध्यम से प्रदेश की 6 करोड़ 14 लाख जनता के बीच यात्रा के उद्देश्य का चिन्तन प्रवाह होगा। इस एकात्म यात्रा के प्रणेता एवं संयोजक सत्येंद एवं डॉ. विवेक तांगड़ी का मानना है की समाज में जब भी परिवर्तन आया है यात्रा, उसका माध्यम बनी है। ऐतिहासिक रूप से देखा जाए तो प्रभु श्री राम की वन-पथ गमन यात्रा हो, सिद्धार्थ की बुद्ध की यात्रा हो या फिर महात्मा गांधी की चम्पारण यात्रा से ही समाज में परिवर्तन आया। उन्होंने बताया की यह यात्रा लगभग 2500 किमी का मार्ग तय करेगी। एकात्म यात्रा के दौरान देश एवं प्रदेश के कई प्रतिष्ठित चिंतक, लेखक, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता एवं संत समाज इस यात्रा के साक्षी बनेंगे। भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए समाज के अंतिम व्यक्ति को भारत की आर्थिक नीतियों से जोड़ना आवश्यक है तभी ये संकल्पना संभव होगी। इस यात्रा के माध्यम से प्रखर राष्ट्रवाद एवं हमारी सनातनी संस्कृति के संवर्धन का एवं समाज में समग्र रूप से हो रहे नैतिक पतन को जन जागरण के माध्यम से जाग्रत करने का प्रयास होगा।

## किसानों को तकनीक से जोड़ना जरूरीः शाही



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि आत्मा (एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी) योजना की मदद से किसान और कृषि वैज्ञानिक एक दूसरे से रूबरू हो रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक किसानों को वैज्ञानिक ढंग से खेती करने का प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक खेती को अपनाकर कम खर्च में अच्छी पैदावार की जा सकती है। इसके लिए किसानों को तकनीक से जोड़ना जरूरी है। कृषि मंत्री न बताया कि कृषि क्षेत्र में आ रही नवीन तकनीकों से किसानों को जोड़ना आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एंड टेक्नोलॉजी (एनएमईटी) के अंतर्गत सबमिशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन (एसएमएएम) योजना के अंतर्गत सबमिशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन (एसएमएएम) के तहत वित्तीय वर्ष 202223 में राज्यांश के रूप में 19 करोड़ 42 लाख 21 हजार का वित्तीय अनुमोदन प्रदान किया।

## अब पुलिस कमिश्नरेट के अफसर एडीजी कानून-व्यवस्था को करेंगे रिपोर्ट

**लखनऊ।** अब सभी पुलिस कमिश्नरेट एडीजी कानून व्यवस्था को रिपोर्ट करेंगे। किसी भी घटना, दुर्घटना या कानून व्यवस्था की स्थिति में कमिश्नरेट के अफ्सरों को तत्काल एडीजी कानून व्यवस्था को बताना होगा। अभी तक पुलिस कमिश्नरेट में तैनात पुलिस आयुक्त सीधे डीजीपी को रिपोर्ट करते थे। नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। वर्तमान में प्रदेश सात पुलिस कमिश्नरेट हैं। इनमें से आगरा, प्रयागराज, गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद में आईजी रैंक के पुलिस कमिश्नर तैनात हैं जबकि लखनऊ, कानपुर व वाराणसी में एडीजी रैंक के पुलिस कमिश्नर हैं। प्रदेश के एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार वर्ष 1990 बैच के आईपीएस हैं जबकि एडीजी रैंक के तीनों पुलिस कमिश्नर उनके जूनियर हैं। कानपुर के पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड वर्ष 1991, लखनऊ के पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर वर्ष 1993 और वाराणसी के पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन वर्ष 1995 बैच के आईपीएस हैं।

## भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर यूपी कांग्रेस ने राहुल गांधी को दी बधाई

**लखनऊ।** कन्याकुमार से कश्मीर तक चलाई जा रही भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेसजनों की ओर से राहुल गांधी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। 100 दिनों में यात्रा कई राज्यों से होते राजस्थान में प्रवेश कर चुकी है और लगभग 2500 किलोमीटर का सफ र तय कर चुकी है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य यह संदेश देना है कि भारत 'समाजवाद' है, भारत 'समान अवसर' है। भारत 'हर हाथ को काम, हर भूखे पेट को भोजन' है। 'भारत किसान मजदूर की शान' है, भारत 'वंचितों शोषितों के लिए नए रास्ते खोलने का अभियान' है। भारत 'सहिष्णुता सद्भाव' है। भारत एक गौरवशाली सामाजिक व सांस्कृतिक विरासत है। भारत धर्म के आचरण की आजादी है। भारत विविधता में एकता है। इन संदेशों को राहुल गांधी ने देशवासियों के बीच जाकर स्वयं महसूस किया है और देशवासियों को भी महसूस कराने का सफल प्रयास किया है।

# न इलाज मिल रहा न दवा, सरकारी अस्पतालों में जाने से डरने लगा है आम आदमीः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। अस्पतालों में अराजकता की स्थिति है। न इलाज मिल रहा है और न दवा। मरीजों और तीमारदारों के साथ अभद्रता आम बात हो गई है। सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों पर मंत्री की छापेमारी का कहीं कोई असर पड़ना ही नहीं था। आम आदमी अब सरकारी अस्पतालों में जाने से डरने लगा है।

अखिलेश ने बताया कि महसी विधायक अपनी भाभी को दिल का दौरा पड़ने पर बहराइच मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए गए थे। वहां एक घंटे तक स्वास्थ्य कर्मी इंजेक्शन तक नहीं लगा सके। काफी मशक्कत के बाद बाहर से किसी को बुलाकर इंजेक्शन लगवाया गया, तब जाकर इलाज करवाया जा सका। जब सत्ता दल के विधायक की सुनवाई नहीं हो रही है तो आम आदमी का क्या होगा। उन्होंने कहा कि बलरामपुर के जिला महिला अस्पताल में स्टाफ नर्स और डॉक्टरों की लापरवाही से एक नवजात की जान चली गई। कारण सिर्फइतना था कि नवजात का पिता स्टाफ नर्स को प्रसव के नाम पर 2600 रुपए नहीं दे सका था। कुशीनगर में घरवाले मरीज को ठेला पर ले जाने के लिए मजबूर हुए। अस्पतालों और एंबुलेंस की व्यवस्था चौपट है। उन्नाव में एक बेटा अपनी मां का शव ठेला पर ले गया। गोंडा के जिला महिला अस्पताल में एम्बुलेंस में प्रसव के बाद भी तीमारदार से दो हजार रुपए वसूल लिए गए। सपा अध्यक्ष ने कहा कि राजधानी लखनऊ के केजीएमयू में इलाज पाना बहुत मुश्किल है। बड़े डॉक्टर ड्यूटी पर नहीं रहते। रेजीडेंट्स के सहारे व्यवस्था चल रही है। लारी कार्डियोलॉजी में दिल के गंभीर मरीजों को भी इलाज नहीं मिल पा रहा है। ज्यादातर बाहर से ही दवाइयां मंगाई जा रही है।

### बदायूं के पूर्व विधायक आबिद रजा सपा में शामिल

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष शुक्रवार को बदायूं के पूर्व विधायक आबिद रजा समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने समाजवादी पार्टी के नेतृत्व के प्रति आस्था जताते हुए समाजवादी पार्टी की मजबूती के लिए काम करने का संकल्प व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलीम शेरवानी तथा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल भी मौजूद रहे।

## डॉ. नीरज गुप्ता बने यूपी पशुधन विकास परिषद के सीईओ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश शासन ने यूपी पशुधन विकास परिषद में मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद पर संविदा के आधार पर नियुक्त के लिए कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में गठित चयन समिति की संस्तुति के आधार पर डॉ. नीरज गुप्ता को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष के लिए नियुक्ति प्रदान की है। इस अवधि को अधिकारी के प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है एवं असंतोषजनक प्रदर्शन की दशा में नियुक्ति को निर्धारित अवधि के पूर्व भी 30 दिन के नोटिस पर समाप्त किया जा सकता है। इस संबंध में डॉ. रजनीश दुबे अपर मुख्य सचिव एवं अध्यक्ष उप्र पशुधन विकास परिषद द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।

# जीवन कौशल का विकास वर्तमान समय की महती आवश्यकताः संदीप सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि शिक्षकों द्वारा इस प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को विभिन्न विषयों, कला और संगीत में निपुण बनाने के लिए बेहतर प्रयास किया जा रहा है। कला एवं संगीत के माध्यम से बच्चों की सृजनात्मक क्षमता के विकास एवं विद्यालय के वातावरण को रूचिकर बनाने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे बच्चे सहज रूप से सीख सकें।

यह बातें मंत्री ने शुक्रवार को राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों हेतु कला एवं संगीत संदर्भदाता प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 से 17 दिसम्बर, 2022 तक लखनऊ स्थित उद्यमिता विकास संस्थान, सरोजनीनगर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अनुशंसाओं में कला एवं संगीत के जीवन से जुड़ाव पर बल दिया और इसके माध्यम से विद्यालय में आनन्ददायी वातावरण के सृजन की बात कही। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने प्रतिभागी शिक्षकों द्वारा तैयार किये गये भारत की विभिन्न लोक कलाओं आदि पर आधारित पोस्टर, माटी कला की सामग्री, क्राफ्ट आदि का अवलोकन किया तथा इसकी सराहना की। एससीईआरटी के इस अभिनव प्रयोग हेतु मंत्री द्वारा डॉ. अंजना गोयल, निदेशक, एससीईआरटी और उनकी टीम की सराहना की गयी। उन्होंने यह भी कहा कि विशेष अभियान के रूप में सभी डायट्स में आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है, जिससे डायट्स बेहतर तरीके से प्रशिक्षण संचालित कर सकें। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता संवर्द्धन हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर विद्यालय स्तर पर आयोजित करने की बात कही।

इस अवसर पर 'जीवन कौशल दर्पण' प्रशिक्षण मॉड्यूल का विमोचन कराया गया। उन्होंने कहा कि जीवन कौशल का विकास वर्तमान समय की महती आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी जीवन कौशलों के विकास पर विशेष जोर देने की बात कहती है। इस मॉड्यूल में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा चिन्हित 10 जीवन कौशलों (समस्या समाधान, समालोचनात्मक चिंतन, सम्प्रेषण कौशल, निर्णय लेना, सृजनात्मक चिंतन, पारस्परिक सम्बन्ध कौशल, स्व-जागरूकता, चिंतन एवं समानुभूति, तनाव प्रबन्धन, भावना प्रबन्धन) के विकास हेतु विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का समावेश किया गया है। यह मॉड्यूल शिक्षकों तथा उनके माध्यम से बच्चों में अपेक्षित जीवन कौशलों का विकास करने में सहायक होगा। इस माड्यूल के आधार पर प्रथम चरण में 28000 शिक्षकों को जीवन कौशल का प्रशिक्षण दिया जायेगा। अग्रेतर चरणबद्ध रुप से शेष शिक्षकों का प्रशिक्षण कराया जायेगा। मंत्री ने इस अवसर पर एससीईआरटी, उप0, लखनऊ द्वारा पूर्व प्राथमिक शिक्षकों/आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों के क्षमता संवर्धन हेतु विकसित पाठ्यक्रम 'उदय' का भी विमोचन किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में पूर्व प्राथमिक शिक्षा पर विशेष बल दिया। भावी शिक्षा की आधारशिला के रुप मे पूर्व प्राथमिक शिक्षा के ढांचे को मजबूत बनाने की बात कही गयी है। इस आधारभूत ढांचे को तैयार करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों/पूर्व प्राथमिक शिक्षकों के क्षमता सवर्द्धन हेतु पाठ्यक्रम विकास की बात भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कही गयी है। इसके दृष्टिगत इस पाठ्यक्रम में पूर्व प्राथमिक शिक्षा के आयाम, स्वास्थ्य देखभाल एवं बच्चों में पोषण, पूर्व प्राथमिक शिक्षा के मनोवैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य, बच्चों में आधारभूत गणितीय/ विश्लेषणात्मक सम्प्रत्ययों का विकास, बच्चों में आधारभूत भाषायी सम्प्रत्ययों का विकास, सीखने-सिखाने की विभिन्न विधियाँ तथा सीखने-सिखाने के वातावरण का सृजन आदि मुख्य विषयों को रखा गया है। यह प्रशिक्षण मॉड्यूल पूर्व प्राथमिक शिक्षकों/आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को पूर्व प्राथमिक स्तर के बच्चों की शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाने में सहायता प्रदान करेगा। मंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में तैयार किये गये जीवन कौशल प्रशिक्षण मॉडयूल एवं उदय मॉड्यूल के विकास हेतु निदेशक, एससीईआरटी, उप्र, लखनऊ तथा उनकी टीम को बधाई दी।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के पहले यूपी आएगा नीदरलैंड सरकार का प्रतिनिधिमंडल

### ● उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने निवेश के लिए नीदरलैंड सरकार साथ की वार्ता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उच्च शिक्षा एवं आईटी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के साथ नीदरलैंड गए प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में प्रतिभाग करने व उत्तर प्रदेश में निवेश करने के संबंध में नीदरलैंड सरकार के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। उन्होंने नीदरलैंड के भारत के साथ फ ारेन इकोनामिक रिलेशन को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। द्विपक्षी वार्ता में उपमुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और डेयरी व अन्य क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाओं व सरकार द्वारा निवेश के लिए उत्तर प्रदेश के उचित माहौल व अन्य विशिष्ट विशेषताओं की जानकारी दी और इन क्षेत्रों में निवेश के लिए सहयोग व साझेदारी के लिए आमंत्रित किया। उपमुख्यमंत्री ने वार्ता के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश भौगोलिक एवं सांस्कृतिक विविधताओं से समृद्ध प्रदेश है।

खाद्य प्रसंस्करण कृषि और उद्योग के बीच की कड़ी है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद का लगभग 10 प्रतिशत फ लों एवं सब्जियों के लिए न्यूनतम 2 प्रतिशत एवं दुग्ध के लिए अधिकतम 35 प्रतिशत से अधिक है। उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण पर तृतीय स्तर 6 प्रतिशत है। प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में आईटी सेक्टर के बाद सबसे ज्यादा रोजगार की संभावनाएं भी विद्यमान है। इन उद्योगों के विकास से न केवल खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का विकास होगा बल्कि अन्य संबंधित उद्योगों एवं सेवा क्षेत्र का भी विकास होता है। फ लों एवं सब्जियों का खाद्य प्रसंस्करण स्तर को बढ़ाने की नितांत आवश्यकता है। जिससे प्रदेश से अधिकाधिक निर्यात स्तर के उत्पाद तैयार कराकर निर्यात कराया जा सकता है। बताया गया कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल और अनुरोध पर उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 से पहले नीदरलैंड ने अपनी सरकार के प्रतिनिधिमंडल को उत्तर प्रदेश भेजने की सहमति दी और यहां पर निवेश की संभावनाओं को तलाशा जाएगा तथा निवेश की परियोजनाओं की योजना बनाने के लिए प्रतिनिधिमंडल यहां का भ्रमण करेगा और उसके बाद आयोजित होने वाली समिति में भी भाग लेगा। उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रतिनिधिमंडल के साथ सिग्नीफ ाई लाइटिंग एप्लीकेशन सेंटर आइंहोवन का भी दौरा किया गया और प्रकाश व्यवस्था अनुप्रयोग के क्षेत्र में यूपी मे निवेश के लिए सिग्नीफाई कंपनी को समिट में प्रतिभाग करने के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के साथ वर्ल्ड हार्टीसेन्टर का भ्रमण किया और सेन्टर के व्यवसाय विकास निदेशक देश रामनाथ से भेंट कर निवेश के सम्बन्ध में वार्ता की।

## पाक विदेश मंत्री के अमर्यादित बयान के खिलाफ भाजपा आज करेगी प्रदर्शन

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टों द्वारा दिए गए अमर्यादित बयान की तीखे शब्दों में निंदा की है। पार्टी पाकिस्तानी विदेश मंत्री के शर्मनाक बयान के खिलाफ कल 17 दिसम्बर को पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर जोरदार धरना प्रदर्शन करेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में राजधानी लखनऊ में दोपहर 12 बजे पार्टी कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत की पहचान एक सशक्त राष्ट्र के रूप में बनी है। वहीं पाकिस्तान और अराजकता एक दूसरे के पूरक बन गए है। हर मोर्चे पर विफ ल पाकिस्तान के विदेश मंत्री का बयान उनकी हताशा और निराशा को दर्शाता है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने हमारे प्रधानमंत्री को लेकर जिस तरह का वक्तव्य दिया है उसकी जितनी भी निंदा की जाए उतना कम है।

हरगांव के करमसेपुर में हुआ सुभाषपा का सदस्यता अभियान...

# सीतापुर के करमसेपुर में चलाया अरविन्द राजभर ने अभियान

- समीक्षा बैठक में अरविन्द राजभर ने कार्यकर्ताओं में भरा जोष
- सैकड़ो कार्यकर्ताओं पार्टी में जोड़ने का दिया लक्ष्य



संवाददाता। सीतापुर

**सुभाषपा पार्टी** को मजबूत बनाने के लिए खुद अरविन्द राजभर लोगो के बीच जाने लगे है, कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक कर संगठन को मजबूत बनाने लगे है। सीतापुर की हरगांव विधानसभा के करमसेपुर में आयोजित सदस्यता अभियान व समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रमुख अरविन्द राजभर ने कार्यकर्ताओं में जोष भरा तथा पार्टी में भारी संख्या में लोगो को जोड़ने की बात कही। उन्होंने होने वाले नगर निकाय चुनाव व आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। सीतापुर प्रभारी पार्टी प्रवक्ता इजहाल अली ने भी पार्टी को मजबूत बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं से सैकड़ो सदस्य जोड़े जाने का आवाहन किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कुलदीप रावत, कमलेष कुमार सिंह यादव, दिलीप भारती, अमित भार्गव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा ने सैनिकों के पराक्रम को किया याद

संवाददाता। सीतापुर

**भाजपा कार्यकर्ताओं** ने भारतीय सैनिकों के पराक्रम को याद किया। पार्टी के कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ता एकत्र हुए। बता दें कि वर्ष 1971 की जंग में पाकिस्तान पर मिली जीत के दिन 16 दिसंबर को हर साल विजय दिवस के तौर पर मनाया जाता है। जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि जब भी पड़ोसी मुल्क ने भारतीय सीमा को लांघने की कोशिश की, उन्हें हार का सामना करना पड़ा। पड़ोसी मुल्क के सैनिकों का सामना भारतीय वीरों से हुआ। वह चाहे हाल में 09 दिसंबर 2022 को अरुणाचल के तवांग सेक्टर के यांग्त्से में एलएसी पर अतिक्रमण करने पर भारतीय सैनिकों का चीन के सैनिकों को खदेड़ना हो या 1971 में पाकिस्तान की सेना का धूल चटाना हो। भारतीय वीरों की शौर्य गाथा का इतिहास बहुत उपलब्धि पूर्ण रहा है।

## जीएसटी के बाद विद्युत विजिलेंस ने चलाया चेकिंग अभियान

**सीतापुर।** दुकानदारों में जीएसटी अधिकारियों के आने का खौफअभी तक दूर नहीं हुआ है। जबकि शासन स्तर से चेकिंग पर रोक लगाई जा चुकी है। फ्रि भी दुकानदार डरे और सहमे हुए है। दरअसल षुक्रवार को मछरेहटा कस्बे में विद्युत विभाग की विजिलेंस टीम ने जैसे ही कदम रखा वैसे ही समस्त मछरेहटा के दुकानो के सटर गिरने लगे। कस्बे के दुकानदारों को लगा कि जीएसटी की टीम आ गई। विजिलेंस टीम ने नन्द किशोर पुत्र मौजीराम, शुभम ब्रेकरी, एयरटेल टावर पर मीटर व लोड कनेक्शन जांचा। उसके बाद सभी दुकानें बंद होने की वजह से ग्रामीण क्षेत्र में चले गए। कुछ घन्टें बाद मछरेहटा कस्बे में वापस टीम पहुंची। लेकिन सभी दुकानें होटल ,किराना, मेडिकल स्टोर बंद होने की वजह से वापस ही लौटाना पडा। एसडीओ मछरेहटा शैलेंद्र कुमार वर्मा से ने बताया कि विजिलेंस टीम संदना चली गई।

## जैन समाज के प्रसिद्ध मंदिरों को पर्यटन घोषित किए जाने की उठाई मांग

**सीतापुर।** भारत सरकार द्वारा जैनियों के प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखर को पर्यटन क्षेत्र घोषित किये जाने पर जैन समाज के लोगों ने विरोध व्यक्त किया है। शुक्रवार को सम्मेद शिखर पहुचकर विरोध प्रदर्शन किया और रोष व्यक्त करते हुए सरकार के इस .त्य की आलोचना की। उनका कहना है कि सम्मेद शिखर जैनियों का पवित्र धर्म स्थल है। पर्यटन स्थल घोषित करने से वहां लोग सैर सपाटा करने आएंगे, जिससे आवागमन बढ़ेगा लोग पर्यटन करने के साथ मांस मदिरा इत्यादि का सेवन करेंगे। जिससे तीर्थ स्थल की पवित्रता भंग होगी। बिसवां से आए हुए श्रावको ने प्रदर्शन करते हुए सरकार से इस आदेश को वापस लेने की मांग की है। इस मौके पर राजकुमार जैन, मुकेश जैन, कमल जैन, मधु जैन, संतोष जैन, सुनील जैन, अंजू जैन रोहित गरिमा जैन, अकलंक जैन, नीलम जैन, विमल जैन के अलावा तमाम मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### बरेली के आरक्षी ने गोल्ड मेडल और ट्राफी जीत कर बरेली का नाम रोशन किया



**बरेली।** सीमा सुरक्षा बल की टेकनपुर ग्वालियर स्थित अकैडमी में केंद्रीय पुलिस बलों और विभिन्न राज्यों की पुलिस टीमों ने 41 वी अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता में भाग लिया 14. नवंबर से 26. नवंबर तक 41वीं अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी चौम्पियनशिप एवं माउण्डेड पुलिस ड्यूटी मीट - 2022 का शुभारम्भ सीमा सुरक्षा बल बीएसएफअकादमी टेकनपुर, ग्वालियर मध्यप्रदेश में किया गया ।। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से जनपद बरेली में नियुक्त आरक्षी एम.पी. हिमांशु कुमार द्वारा दक्ष नाम के अश्व के साथ प्रतियोगिता में शो जम्पिंग ट्रेनीस् में गोल्ड मेडलध्ट्राफी जीती गयी है।शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अखिलेश कुमार चौरसिया द्वारा पुलिस कार्यालय में आरक्षी एम.पी. हिमांशु कुमार को गोल्ड मेडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस अधीक्षक अपराध, क्षेत्राधिकारी अपराध भगवती प्रसाद टीम कोच जनपद मौजूद रहें ।

### बस ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, एक की मौत, कई घायल

**बरेली।** तेजी से आ रही एक बस ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी जिससे एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई और 2 लोग घायल हो गए घटना के बाद लोगों ने बस को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और बस को कब्जे में लेकर उसके चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी । शाही थाने के गांव फरीदपुर निवासी मोहम्मद अहमद पुत्र दुल्नन अहमद की आज सुबह शाही थाने से लगभग 100 मीटर दूर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि मोहम्मद अहमद बिहार में रहकर फेरी लगाकर साड़ियां बेचता था और कल शाम को घर वापस लौटने के लिए ट्रेन से चला था उसकी ट्रेन आज सुबह तड़के रेलवे जंक्शन पर पहुंची थी और वह एक ई रिक्शा में बैठकर अपने घर जाने लगा उसके साथ दो अन्य लोग भी ई रिक्शा पर बैठे थे लेकिन शाही थाना के कुछ पहले ही रिक्शा को एक बस ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोहम्मद अहमद की मौके पर ही मौत हो गई 2 अन्य लोग घायल हो गए स्थानीय लोगों ने बस का पीछा किया तब बस चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक के घरवालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त कर ली घायलों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत पति घायल

**बरेली।** पति के साथ मोटरसाइकिल पर घर लौट रही एक महिला की आज सुबह तड़के सड़क दुर्घटना में मौत हो गई उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया दो बच्चे बाल-बाल बच गये पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया । इज्जत नगर थाना क्षेत्र में आलोक नगर इलाके में हवाई अड्डे के सामने आज सुबह तड़के हुई सड़क दुर्घटना में कस्बा व थाना बहेड़ी निवासी 26 वर्षीय कमलेश पत्नी सत्य प्रकाश की मौत हो गई उसके दो बच्चे बाल-बाल बच गये दुर्घटना में सत्य प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया पोस्टमार्टम हाउस पर मृतका के परिजनों ने बताया कि कमलेश कल शाम को बरेली निवासी अपने एक रिश्तेदार के घर प्रीतिभोज में शामिल होने गई थी जहां से आज सुबह दोनों बच्चे और पति के साथ मोटरसाइकिल पर घर वापस लौटी थी लेकिन आलोक नगर हवाई अड्डे के सामने उनकी बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार चार लोग जमीन पर गिर पड़े लेकिन कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों ने दुर्घटना के बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी जबकि टक्कर मारने वाला ट्रक मौके से फरार हो गया सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक कमलेश की मौत हो चुकी थी सत्य प्रकाश को निजी अस्पताल में भर्ती कराने के बाद घटना की सूचना घटना के शिकार लोगों के घर वालों को दी जो मौके पर पहुंचे।

## महिला के खाते से एक लाख रुपए उड़ाए

**बरेली।** एक ठग ने मोबाइल फोन के माध्यम से एक महिला के खाते से एक लाख रुपए उड़ा लिए महिला ने एसएसपी से शिकायत की तब पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर रकम उड़ाने वाले को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी कैंट थाना क्षेत्र के गांव ठीरिया निजावत खां निवासी मोहम्मद आसिफकी बेटी अलीशा के खाते से एक ठग ने एक लाख रुपए उड़ा लिए अलीशा के अनुसार 6 दिसंबर को उसके मोबाइल फोन पर ठग ने फोन किया और कहा कि उसके पिता ने उसके खाते में एक लाख रुपए डालने के लिए कहा है उसने अलीशा से कहा कि वह उसे एक लिंक भेज रहा है और इसी लिंक के माध्यम से वह उसके खाते में रकम डालेगा अलीशा ने उसके भेजे गए लिंक को जैसे ही खोला उसके खाते से एक लाख की रकम कट गई इससे उसके होश उड़ गए उसने पहले घटना की जानकारी अपने पिता मोहम्मद आसिफ को दी पुलिस से शिकायत की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## साइंटिफिक कांफ्रेंस से खुद को अपडेट करेंगे मेडिकल फिजिसिस्ट

**बरेली।** रेडिएशन ओंकोलाजी में पूर्व, वर्तमान और भविष्य की तकनीक थीम पर एसोसिएशन आफ मेडिकल फिजिसिस्ट आफइंडिया, नार्दन चौप्टर की दो दिवसीय 15वीं वार्षिक साइंटिफिक कांफ्रेंस आज और 18 दिसंबर को एसआरएमएस मेडिकल कालेज में आयोजित की जा रही है। आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर स्थित रेडिएशन ओंकोलाजी विभाग द्वारा आयोजित इस साइंटिफिक कांफ्रेंस में उत्तर भारत के नौ राज्यों के मेडिकल फिजिसिस्ट शामिल हो रहे हैं। यह जानकारी साइंटिफिक कांफ्रेंस के आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी व एसआरएमएस मेडिकल कालेज के वरिष्ठ मेडिकल फिजिसिस्ट जितेंद्र निगम ने दी। उन्होंने कहा कि डाक्टरों द्वारा कैंसर के उपचार और टेक्नीशियन द्वारा उसके ट्रीटमेंट डिलिवरी के बीच मरीज के जल्द से जल्द स्वस्थ होने के लिए प्लानिंग महत्वपूर्ण होती है। इसी से मरीज को उचित मशीन द्वारा, उचित स्थान और उचित मात्रा से दवाई दी जाती है। यह काम मेडिकल फिजिसिस्ट का होता है। जितेंद्र ने कहा कि कैंसर के मरीजों के उपचार विधियों, तकनीकी और उपकरणों में तेजी से बदलाव आ रहा है। मेडिकल फिजिसिस्ट को इससे अपडेट कराने के लिए एसआरएमएस मेडिकल कालेज में दो दिवसीय साइंटिफिक कांफ्रेंस आयोजित की जा रही है। दो दिवसीय कांफ्रेंस में नौ सत्रों में मेडिकल फिजिसिस्ट और कैंसर विशेषज्ञों को कैंसर मरीजों के उपचार विधियों, तकनीकी और उपकरणों में बदलाव की जानकारी दी जाएगी। उद्घाटन समारोह के साथ पहले दिन शनिवार को पांच साइंटिफिक सत्रों होंगे। जबकि दूसरे दिन रविवार को चार सत्र आयोजित किए जाएंगे। देश के नामचीन कैंसर विशेषज्ञ और मेडिकल फिजिसिस्ट साइंटिफिक सत्रों में मरीजों की केस हिस्ट्री के साथ शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। उद्घाटन सत्र शनिवार दोपहर 12 बजे होगा।

# मनरेगा के रुपये भेजने के बाद धमका रहे पीड़ित को ग्राम प्रधान

- बिना काम किए खाते में भेजा रूपया, निकालने को लेकर दे रहा धमकी, पीड़ित ने सीडीओ को प्रार्थना पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार कसमंडा ब्लाक की ग्राम पंचायत पताराकंला का है मामला

संवाददाता। सीतापुर

**एक तरफ** योगी सरकार भ्रष्टाचार को लेकर नकेल कस रही है तो वहीं दूसरी तरफ सीतापुर के एक ग्राम पंचायत के प्रधान मनरेगा में भ्रष्टाचार करते नहीं डर रहे है। इसका खुलासा खुद डीएम कार्यालय पहुंचकर कसमंडा ब्लाक की ग्राम पंचायत पताराकला के पीड़ित अयोध्या प्रसाद ने किया है। उन्होंने सीडीओ को पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनके यहां के ग्राम प्रधान नफीस ने उनके खाते में 87 सौ रूपया मनरेगा का भेज दिया है उसके बाद वह उनको धमकाकर रूपये निकालने की बात कह रहा है। पैसे न देने पर धमकी देते हुए मारने-पीटने की भी बात कर रहा है। पीड़ित ने सीडीओ अक्षत वर्मा को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## नेशनल क्वालिटी मॉनिटर की संयुक्त टीम ने निर्माणाधीन कार्य की जांच

**सीतापुर।** केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के नेशनल क्वालिटी मॉनिटर की संयुक्त टीम ने निर्माणाधीन कार्य की गहनता से जांच की। इस मार्ग के निर्माण में मानकों की अनदेखी पर सीतापुर भाजपा सांसद ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेष सांसद को पत्र लिखा था। पत्र में सांसद ने कहा है कि सीतापुर संसदीय क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र सेवता में तंबौर रेउसा मार्ग ईरापुर सुतौली मार्ग निर्माणाधीन है। यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनवाई जा रही है। करीब दस करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है। दस किलोमीटर लंबी दूरी की सड़क पर पत्थर उखड़ा पड़ा है, जिससे आम जनमानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क निर्माण कार्य में जो पत्थर डाला जा रहा है, उसमें नदी की बालू और मिट्टी मिलाई जा रही है। आबादी भाग में भी सड़क के किनारे तालाब की तरह गड्ढा बना दिया गया। सड़क पर बन रही पुलिया निर्माण कार्य में पीली ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है। भाजपा सांसद राजेश वर्मा ने विभिन्न बिंदुओं पर जांच कराए जाने की मांग की है।

## छात्र और छात्राओं ने राष्ट्रीय आविष्कार विज्ञान एक्सपोजर का किया भ्रमण



**मोहम्मदी खीरी।** खंड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह के नेतृत्व में मोहम्मदी विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय के छात्र.छात्राओं का राष्ट्रीय आविष्कारए विज्ञान एक्स्पोज़र भ्रमण लखनऊ में कराया गया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय के बच्चे शामिल हुएए परिषदीय विद्यालय के भ्रमण में छात्र और छात्राओं को साइमैक्स थिएटरए थ्री डी प्रेक्षागृह एअंडर वाटरए औद्योगिक क्रांति, अंतरिक्ष प्रदर्शनी, साइंस गैलरी सहित अन्य प्रदर्शनी को भी बच्चों को दिखाया गया तथा वहां के अधिकारियों ने बच्चों को विस्तृत रूप से इन सब के बारे में समझाया। वही बच्चों को शिक्षा विभाग की ओर से घूमने और समझने का मौका मिला। इस भ्रमण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खंड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह, लेखाकार अतीक अहमद, एआरपी मारुफ अहमद, ज्योति चौधरी, प्रिया पांडे, फरीद खान सहित अन्य अध्यापक गण मौजूद है।

## स्वास्थ्य केंद्रों पर मनाया गया निक्षय दिवस, संभावित मरीजों को जांच और परामर्श की मिली सुविधा

**लखीमपुर खीरी।** समय से जांच और पूर्ण इलाज से क्षय रोग पूरी तरह सेठीक हो सकता है द्य टीबी की जांच और इलाज की सुविधा सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध हैद्य टीबी मरीज को इलाज के दौरान पौष्टिक भोजन का सेवन करना भीबहुत जरूरी होता है द्य इसी को ध्यान में रखते हुए इलाज के दौरान क्षय रोगियों को निक्षय पोषण योजना के तहत हर माह 500 रुपये सीधे बैंक खाते में भेजे जाते हैं द्य यह बातें उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लालजी नेमोतीपुर स्थित जिला अस्पताल में निक्षय दिवस की शुरुआत करते हुए कहीं। निक्षय दिवस का आयोजन जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर किया गया। उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि इसके साथ ही निक्षय मित्रों द्वारा क्षय रोगियों को गोद भी लिया जा रहा है, जिसके माध्यम से उन्हें पोषण सामग्री तथा भावनात्मक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता का कहना है कि हर माह की 15 तारीख को निक्षय दिवस मनाया जायेगा, इसकी तैयारियों को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उन्होंनेसमीक्षा बैठक की थी।

प्रधानमंत्री ने टीबी को वर्ष2025 तक देश से समाप्त करने का लक्ष्य तय किया है। विश्व में कुलटीबी रोगियों में20 प्रतिशत रोगी भारत में ही हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री के लक्ष्य को पूरा करने के लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाकर रोगियों की शीघ्र पहचान करने और इलाज मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में निक्षय दिवस की शुरुआत की गयी है। कार्यक्रम की उच्चाधिकारियों द्वारा समीक्षा भी की जा रही है।

निक्षय दिवस पर मिलने वाली सुविधाओं का प्रचार.प्रसार भी किया जा रहा है। इसके लिए आशा कार्यकर्तागांव में भ्रमण कर लोगों को जानकारी दे रही हैं। निक्षय दिवस पर टीबी मरीजों की छूटी हुई जांचए जैसे डायबिटीज, एचआईवी/एड्स, ब्लड प्रेशर आदि की जांच कराकर पोर्टल पर फीड किया गया। इसके अलावा टीबी के मरीजों के खातों को भी पोर्टल पर फीड किया गया है। ऐसे रोगियों को दवाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिन्हें चिन्हित तो कर लिया गया है।

## यूपीएस मिदनिया के बच्चों ने किया लखनऊ का शैक्षिक भ्रमण



**निघासन-खीरी।** राष्ट्रीय विज्ञान एवं अविष्कार अभियान के तहत यूपीएस मिदनिया के बच्चों को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ का शैक्षिक भ्रमण कराया गया।

गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बेसिक शिक्षा विभाग के बच्चों के लिए लखनऊ शहर या किताबों में या सिर्फ ख्वाबो में ही समाहित हैए लेकिन समय धीरे धीरे बदल रहा है अब बेसिक शिक्षा विभाग भी बच्चों को लखनऊ जैसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत वाले नगरों का भ्रमण कराने लगा हैए उत्साह से परिपूर्ण बच्चों ने वहां आंचलिक विज्ञान नगरी और चिड़ियाघर देखा और जो किताबों में देखा और पढ़ा था उसे प्रत्यक्ष रूप से निहारा। शिक्षिका गीतांजलि बताती हैं कि कुछ दिन पूर्व ही उन्होंने अध्यापन कार्य के समय बच्चों को लखनऊ स्थित आंचलिक विज्ञान नगरी एवं संग्रहालय के बारे में जानकारी प्रदान की थी।

## डीएम ने की इंदिरा मनोरंजन पार्क के कायाकल्प कामों की समीक्षा, दिए निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**इन** दिनों शहर के निकट एक मात्र पिकनिक स्पॉट इंदिरा मनोरंजन वन की खूबसूरती निखारने काम चल रहा है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने इंदिरा मनोरंजन पार्क के सुदृढ़ीकरणए सौंदयीकरण के लिए चल रहे कार्य की गहन समीक्षा की संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने कार्यदायी संस्था से इंदिरा मनोरंजन वन में चल रहे सुदृढ़ीकरण, सौंदयीकरण एवं कायाकल्प के काम की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने वन में प्रस्तावित कामों के सापेक्ष अब तक पूर्ण किए गए कार्यो की जानकारी ली एवं अवशेष कार्यो को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# पेज एक का शेष

### मोदी के...

सर्वत्र सराहना हो रही है, दूसरी ओर पाकिस्तान को छोटे से छोटा देश आंखें दिखा रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध में पाकिस्तान के छात्र तो तिरंगे के सहारे सुरक्षित निकल पाए थे, ये तो सबने देखा है। भाजपा ने कहा, भुट्टो ने मोदी के खिलाफ जिस तरह के निंदनीय और अभद्र शब्दों का प्रयोग किया है, उसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। उसने कहा, क्या बिलावल भुट्टो की इतनी हैसियत है कि वह हमारे प्रधानमंत्री के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी करे। बिलावल भुट्टो की गिरी हुई इस हरकत ने विश्व पटल पर पाकिस्तान की कलंक गाथा में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। इससे पहले, केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा नेताओं ने भी भुट्टो की आलोचना करते हुए कहा कि पड़ोसी देश के विदेश मंत्री नैतिक, बौद्धिक और आर्थिक रूप से दिवालिया देश का प्रतिनिधित्व करते हैं और आतंकवाद को समर्थन देने के कारण, उसकी (पाकिस्तान की) कोई विश्वसनीयता नहीं है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि भुट्टो की यह टिप्पणी इस दिन भारत से मिली हार पर पाकिस्तान के दर्द का नतीजा हो सकती है। उनका इशारा 1971 के युद्ध में आज ही के दिन पाकिस्तान पर हुई भारत की जीत की ओर था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी विदेश मंत्री का बयान बहुत ही घृणित और शर्मनाक है।

### पाकिस्तान आतंकवाद...

उम्मीद नहीं कर सकते कि वे केवल आपके पड़ोसियों को डसेंगे। अंतत: वे सांप उसे आंगन में रखने वालों को भी डसेंगे। जयशंकर ने कहा, ... दुनिया आज उन्हें (पाकिस्तान को) आतंकवाद के केंद्र की तरह देखती है। मुझे पता है कि हम ढाई साल से कोविड-19 (वैश्विक महामारी) से जूझ रहे हैं और इस कारण यादें थोड़ी धुंधली हो गई हैं, लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि दुनिया यह भूली नहीं है कि आतंकवाद की जड़ कहां है और क्षेत्र में तथा क्षेत्र के बाहर तमाम गतिविधियों पर किसकी छाप नजर आती है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की गलतफहमी में जीने से पहले उन्हें खुद को यह बात याद दिलानी चाहिए। गौरतलब है कि पाकिस्तान ने एक डोजियर साझा करते हुए मुंबई आतंकवादी हमले के सरगना हाफिज सईद के लाहौर स्थित घर के बाहर पिछले साल 23 जून को हुए विस्फोट में भारत की संलिप्तता का आरोप लगाया था। एक पाकिस्तानी पत्रकार ने जयशंकर से पूछा कि दक्षिण एशिया कब तक यह मानता रहेगा कि नई दिल्ली, काबुल और पाकिस्तान से ही आतंकवाद फैलता है। इसके जवाब में विदेश मंत्री ने कहा, जब आप कहते हैं कि हम ऐसा कब तक करेंगे... तो आप जानते हैं, आप गलत मंत्री से यह सवाल कर रहे हैं.. क्योंकि पाकिस्तान के मंत्री ही आपको बता सकते हैं कि पाकिस्तान कब तक आतंकवाद को बढ़ावा देना चाहता है।

### पुतिन वार्ता...

एवं साजो सामान जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। इसमें कहा गया, रूसी-भारतीय विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के सिद्धांतों पर विकसित हो रहे द्विपक्षीय सहयोग के उच्च स्तर पर संतोष व्यक्त करते हुए, दोनों नेताओं ने परस्पर निवेश, ऊर्जा, कृषि, परिवहन और साजो सामान जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक बातचीत की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इसमें कहा गया है कि मोदी और पुतिन ने अंतरराष्ट्रीय संगठनों के ढांचे के तहत नजदीकी समन्वय जारी रखने के महत्व को रेखांकित किया, जिसमें जी20 और शंघाई सहयोग संगठन में भारत की अध्यक्षता भी शामिल है। इसमें कहा गया, नरेंद्र मोदी के अनुरोध पर, व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन को लेकर रूस के रुख का बुनियादी आकलन पेश किया। अधिकारियों ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच टेलीफोन पर बातचीत ऐसे दिन हुई जिस दिन रूसी सेना ने पूरे यूक्रेन में कम से कम 60 मिसाइल दागी, जिससे कीव सहित कम से कम चार शहरों में विस्फोट होने की जानकारी मिली है। पश्चिमी देशों में बढ़ती बेचैनी के बावजूद भारत रूस से कच्चे तेल की खरीद में तेजी ला रहा है।

### सुकेश ने...

और जेल में संरक्षण के लिए 10 करोड़ रुपए उसने दिए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, चंद्रशेखर ने तत्कालीन महानिदेशक (जेल) संदीप गोयल को 12.50 करोड़ रुपए देने का भी दावा किया है। सूत्रों ने बताया कि उसने दावा किया है कि 2017 में आरके पुरम के एक होटल में उसके द्वारा आयोजित पार्टी में केजरीवाल, जैन और कैलाश गहलोत भी आए थे। सूत्रों ने कहा कि चंद्रशेखर ने समिति से यह भी कहा कि उसके पास कुल रकम और इसके लेन-देन का स्थान और समय से संबंधित जैन से व्हाट्सऐप पर हुई बातचीत के संदेश सुरक्षित हैं और जांच एजेंसियों के मांगने पर वह इसे साक्ष्य के तौर पर उपलब्ध कराएगा। उसने सारी आप सरकार के एक और मंत्री गहलोत के असोला स्थित फार्म पर दिलवाई थी। रकम चार दिन के अंदर तीन से चार किस्तों में दी थी। रकम देने के बाद उसने जैन और केजरीवाल से फोन पर इसकी पुष्टि भी की थी। सूत्रों ने बताया कि चंद्रशेखर ने यह भी दावा किया है कि उसने जैन के फोन से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से बातचीत की थी और इस दौरान रकम के लेन-देन की पुष्टि की थी। अपने बयान में सुकेश ने यह भी कहा कि जैन द्वारा उसका परिचय उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से भी कराया गया। उसके बाद से वह फोन पर सिसोदिया से कई बार बात कर चुका है।

### पांचवीं कक्षा...

सूचना पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची तो देखा कि वहां काफी संख्या में लोग जमा हैं। पुलिस अधिकारियों ने भीड़ को समझा बुझाकर शांत कराया और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद बच्ची को अस्पताल ले जाया गया। आरोपों के मुताबिक शिक्षिका ने पहले छात्रा को कागज काटनेवाली कैंची से मारा। फिर उसे कक्षा की पहली मंजिल से नीचे फेंक दिया।

### एमसीडी उठाएगी...

छात्रा को तुरंत बाड़ा राव हिंदू राव अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सीटी स्कैन समेत सभी जरूरी जांच किए हैं। सभी जांच रिपोर्ट सामान्य पाई गई हैं। पीड़िता की हालत स्थिर है। बच्ची को बेहतर इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया है। उसके इलाज का सारा खर्च एमसीडी वहन करेगी।

### मेस्सी पर...

हैं। इसके साथ ही वह इस दौर के महानतम खिलाड़ियों के मुकाबले में क्रिस्टियानो रोनाल्डो को मीलों पीछे छोड़ देंगे जो अभी तक विश्व कप नहीं जीत सके हैं। 37 वर्ष के रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गई और विश्व कप जीतने का उनका सपना अधूरा ही रह गया। अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने कहा, जब भी हम उसे खेलते देखते हैं तो वह हमें खास महसूस कराता है। उन्होंने कहा, उसमें कुछ तो है कि लोग उसे पसंद करते हैं।

### व्यक्तिगत स्वतंत्रता...

अंतरात्मा की नहीं सुनते, तो हम यहां किसलिए हैं? न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की पीठ ने कहा, उच्चतम न्यायालय के लिए कोई भी मामला छोटा नहीं होता। अगर हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों में कार्वाई नहीं करते हैं और राहत नहीं देते हैं, तो हम यहां क्या कर रहे हैं? पीठ ने कहा, व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार संविधान में प्रदत्त एक विशेष और अपरिहार्य अधिकार है। पीठ ने कहा, अगर हम व्यक्ति स्वतंत्रता से जुड़े मामलों में कार्वाई नहीं करते हैं तो हम अनुच्छेद-136 (राहत देने के लिए संविधान में प्रदत्त विशेष शक्तियां) का उल्लंघन करेंगे। उसने कहा कि मामले के तथ्य शीर्ष अदालत को प्रत्एक नागरिक को मिले जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार के रक्षक के रूप में अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करने का एक और मौका, एक स्पष्ट मौका प्रदान करते हैं। पीठ ने कहा, अगर न्यायालय ऐसा नहीं करेगा तो एक नागरिक की स्वतंत्रता समाप्त हो जाएगी। नागरिकों की शिकायतों से जुड़े छोटे, नियमित मामलों में इस अदालत के हस्तक्षेप से न्यायशास्त्रीय और संवैधानिक मुद्दों से संबंधित पहलू उभरकर सामने आते हैं। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता इकराम को राहत देते हुए यह टिप्पणी की।

### कांग्रेस की...

हिमाचल प्रदेश के नवनिर्वाचित विधायक सुबह यात्रा के एक लंबी दूरी तय करने के बाद इसमें शामिल हुए। शुक्रवार को भारत जोड़ो यात्रा के तहत 23 किलोमीटर की दूरी तय की गई। इस दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी कुछ देर राहुल के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते नजर आए। पदयात्रियों के साथ कदमताल करते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के सी वेणुगोपाल ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि इसके माध्यम से देश के आम लोगों से जुड़े मुद्दों को उजागर किया गया है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी की छवि को खराब करने की भारतीय जनता पार्टी की कोशिश पर भी हमने पानी फेर दिया है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) ने इस बात पर भी जोर दिया कि यात्रा का संदेश 26 जनवरी से पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले एक अन्य अभियान के माध्यम से फैलाया जाएगा। कन्याकुमारी से सात सितंबर को शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा अब तक आठ राज्यों-तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान से गुजर चुकी है। अठाईस सौ किलोमीटर से अधिक की यात्रा कर चुके राहुल अपने समर्थकों के साथ-साथ आलोचकों का भी ध्यान आकर्षित करने में कामयाब रहे हैं।

### युद्ध की...

1962 का भारत नहीं है। गांधी की ओर से यह आलोचना ऐसे समय की गई, जब आज दिन में पहले थलसेना की पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आर पी कलिता ने कहा कि देश की उत्तरी सीमा से सटे सीमा क्षेत्रों में स्थिरता है और वहां भारतीय सशस्त्र बलों का मजबूत नियंत्रण है। उन्होंने कहा, हम सभी परिस्थितियों और आकस्मिक चीजों से निपटने के लिए तैयार हैं। गांधी ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर जयपुर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर पर भी निशाना साधा और कहा कि वह टिप्पणियां करते रहते हैं, लेकिन उन्हें अपनी समझ को गहरा करने की जरूरत है।

# ट्रक की टक्कर से बिक्रम सवार आधा दर्जन सवारियां घायल

संवाददाता। घाटमपुर



**शुक्रवार** शांम जहानाबाद रोड पर सवारियाँ बैठा कर घाटमपुर आ रही एक बिक्रम में पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी, टक्कर के बाद सड़क पर पलटने के बाद खड्ड में जा गिरी, सवारियों की चीख पुकार सुन राहगीरों और और आसपास खेतों में काम करने वालों ने घायलों को नकिला और पुलिस को सूचना दी, घायलों को इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

बताया जाता है कि जहानाबाद रोड पर चलने वाला उक्त बिक्रम टैम्पों जहानाबाद से सवारी बैठा कर घाटमपुर आ रहा था और जैसे ही थाना सजेती के गांव भदवारा व कैथा चौराहे के बीच बम्बी के पास पंहुचा कि तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी,घायलों नके मुताबिक टकार लगने के बाद बिक्रम सड़क पर पलटने के बाद लुढ़क कर सड़क किनारे खड्ड में जा गिरा। बाद में घायलों को स्वास्थ्य बिभाग की एम्बूलेन्सों से लाकर सीएचसी में भर्ती कराय गया जहाँ

● जहानाबाद रोड पर गांव भदवारा बम्बी के पास हुआ हादसा





अमौली फ़तेहपुर निवासी मुकेश ( 38 ) पुत्र सुखलाल तथा एक अन्य सवारी को प्राथमिक उपचार के बाद उर्सला कानपुर रिफर कर दिया गया जबकि मोहम्मदपुर ( घाटमपुर ) निवासी धर्मेन्द्र और उसकी पत्नी नीलम तथा पुत्र शानू ( 7 ) व पुत्री अनुष्का ( 4 ) के अलवा भदवारा-सजेती निवासी काशिम ( 20 ) पुत्र मासूक, भदवारा के ही सुखलाल का प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने घर जाने को कहा। उधर शुक्रवार की शाम ही परास-बरीपाल सर्म्पक मार्ग पर बाइक अनियंत्रित होकर खड्ड में गिर जाने से सजेती थाने के गांव गुरैयनपुर निवासी अखिलेश ( 26 ) राजनरायन घायल हो गया जिसे परिजन इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे हैलट कानपुर रिफर कर दिया गया।

## पिकअप-बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, दूसरा घायल

**फ़तेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मिटौरा रोड मवइया गांव के समीप शुक्रवार की देर शाम पिकअप की बाइक की भिड़ंत में जहाँ एक की मौके पर मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी हालत गंभीर होने पर कानपुर के लिये रेफर कर दिया। टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। मौके में पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के चक बिरौली गांव निवासी राजेश्वर उर्फ़ राजू मौर्या का 20 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार अपने रिश्तेदार अंकित पुत्र रामप्रकाश निवासी अकिला का पुरवा थाना सुल्तानपुर घोष के साथ बाइक द्वारा निमंत्रण से देर शाम वापस आ रहे थे। तभी ही बाइक मवईया गांव के पास पहुंची तभी सामने से आ रही पिकअप से भिड़न्त हो गई। टक्कर होते ही दोनों वाहनों में आग लग गई तथा घटनास्थल पर सौरभ कुमार की मौत हो गई। वही अंकिम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहॉ इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुये कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिये रेफर कर दिया।

## पिकअप के पलटने से किसान की दर्दनाक मौत, 13 लोग घायल



**फर्रुखाबाद।** फ़तेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में बरेली-इटावा हाईवे पर एक पिकअप के अचानक अनियंत्रित होकर पलटने से उसमें सवार वृद्ध किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि मैनपुरी जिले के एलाऊ थाना क्षेत्र के ग्राम किशोरपुर का निवासी चंद्रप्रकाश उम्र करीब 62 वर्ष, शाहजहाँपुर जिले के थाना एवं कस्बा अल्लाहगंज एक पिकअप में बीज वाली मूंगफली का लादन करके, अपने घर मैनपुरी वापस लौट रहा था। इस पिकअप में चालक रामअवतार सहित 13 अन्य लोग सवार थे। यह तेज रफ्तार वाली पिकअप गुरुवार देर रात में, जब फ़तेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में सेंट्रल जेल पुलिस चौकी समीपवर्ती गांव बिजाधर के समीप से गुजर रही थी तभी उसी समय पिकअप के अचानक अनियंत्रित होकर सड़क समीपवर्ती खंड्ड में गिरकर पलट गई। इस सड़क हादसे में सभी घायलों को चिकित्सा उपचार के लिए फर्रुखाबाद के डॉक्टर राममनोहर लोहिया अस्पताल में भेजा गया। यहां वृद्ध किसान चंद्रप्रकाश की दर्दनाक मौत हो गई, इसके साथ ही तेजपाल, ओम सिंह, आनंद, नंदू, सुधीर,सनोज, धीरेंद्र, शिवराम आदि गंभीर रूप से घायल 13 लोगों का उपचार शुरू किया गया।

## पीएम आवास की सही रिपोर्ट न भेजने वालों के खिलाफ दर्ज कराये रिपोर्टः डीएम

● समीक्षा बैठक में डीएम ने दी गुणवत्तापरक विकास करने की नसीहत

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में नगर पालिका /नगर पंचायत एवं डूंडा के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों तथा रैन बसेरा, अलाव की व्यवस्था के संबंध में पाक्षिक समीक्षा बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में हुई।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उन्होंने कहा कि अपनी एजेंसी की कार्य शैली सुधार कराएं।उन्होंने यह भी कहा कि रिपोर्ट सही नहीं भेजते हैं तो 1/2 के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि विस्तारित क्षेत्र में सभी एसडीएम फर्म मगाकर रेंडम चेक करें जो पात्र हैं उन्हीं को प्रधानमंत्री आवास योजना दिया जाए अपात्र हो तो उनके खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि नगर के विस्तारित क्षेत्र में कैंप लगाकर देख ले कोई अपात्र छूटने न पाए। पीएम स्वनिधि के अंतर्गत उन्होंने कहा कि बेडरों का द्वितीय स्टॉलमेंट में अधिक से अधिक कराएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कहा कि आप लोग वेंडरों से बात करें उन्होंने कहा कि 60 प्रतिशत पात्र व 40 प्रतिशत अपात्र की जांच कराएं। डिजिटल पेमेंट के अंतर्गत उन्होंने कहा कि नगर पंचायतें को क्यूआर कोड ठेलो पर लगाना चाहिए। कहा कि कहीं भी नहीं देखने को मिलता है उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी वह बस स्टॉप पर अभियान चलाकर सुनिश्चित कराएं। राष्ट्रीय शहरी योजना मिशन के अंतर्गत उन्होंने उपर जिला अधिकारी न्यायिक कर्वी रामजन्म यादव से कहा कि पात्र अपात्र का फॉर्म चेक कराकर उसे पोर्टल पर अपलोड कराएं। कायाकल्प के अंतर्गत हैंड पंप, ट्यूबेल, कोठी तालाब, ट्रैफिक चौराहा, नाला निर्माण अंत्येष्टि स्थल,एम आर एफ सेंटर आदि की समीक्षा हुई। रानीपुर भट्ट के तालाब के भीटे बने मकान को उन्होंने कहा कि आप लोग जल्द से जल्द हटवाए।

## क्विक न्यूज

### छात्रा का शव नीम के पेड़ से लटकता मिला

**घाटमपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गजनेर-राहा संर्म्पक मार्ग पर स्थित एक ईट भटठे के पास नीम के पेंड़ से एक छात्रा का शव मिला, छात्रा की पहिचान थाना सजेती क्षेत्र के गांव कुरसेड़ा के मजरा दुर्गागंज निवासी सुरेन्द्र संखवार की पुत्री गोल्डी ( 18 ) के रुप में हुई है, पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्ट के लिये भेजा है। पजिनानों के मुताविक गोल्डी गुरुवार की शांम घर से निकली थी और आज उसका शव लटका मिला। थाना अध्यक्ष सजेती ने बताया कि पोस्ट मार्टर्म की रिपोर्ट मिलने के बाद जॉच कर कार्यवाही की जायेगी।

### दहेज हत्या में मृतका के पति को 10 साल की कैद

**चित्रकूट।** दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने मृतका के पति को दस वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। 20 हजार रुपए के जुर्माना से भी दंडित किया है। शुक्रवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपालदास ने बताया कि बांदा जिले के पैलानी थाने के पिपरहरी गांव के निवासी बलराम सिंह ने कर्वी कोतवाली में खोह गांव के निवासी शत्रुघन सिंह पुत्र राजू सिंह सेंगर के विरूद्व दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तहरीर में बलराम सिंह ने बताया था कि उसने पुत्री पूनम की शादी खोह निवासी शत्रुघन सिंह के साथ दो जून 2017 को की थी। शादी में हैसियत से ज्यादा दान दहेज दिया था, किन्तु ससुरालीजन दहेज से संतुष्ट नहीं थे। चारपहिया गाड़ी की मांग कर रहे थे। गाड़ी की मांग को लेकर शादी के कुछ दिन बाद ही पूनम का मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न शुरू हो गया था। पूनम को लिवाने जाने को खोह आने पर ससुरालीजन उसे जलाकर मार देने की धमकी भी देते थे। शादी केएक साल बाद चार जून 2018 को दोपहर में उसके दामाद शत्रुघन ने ससुराली जनों के साथ बेटी पूनम को पीटा और जला दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान 22/23 जून 2018 को उसकी मौत हो गई।

### बिस्कुट एजेंसी में चोरों ने लगाई सेंध, लाखों की रकम की पार

**उरई (जालौन)।** बीती रात्रि सदर कोतवाली पुलिस को चकमा देकर चोरों ने शहर के मोहल्ला तुलसी नगर स्थित आशिक चौराहे पर परी इंटर प्राइजेज बिस्कुट एजेंसी में चोरों ने सेंध लगा दी। जहां से चोर गोलक में रखे करीब एक लाख रुपए नगद समेटकर रफूचक्कर हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों में अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गयी। लेकिन पुलिस ने फौरी औपचारिकता का निर्वहन कर कार्यवाही करने का आश्वासन एजेंसी मालिक को दिया। मिली जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला तुलसी नगर निवासी मीनू गुप्ता की घर से कुछ ही दूरी पर स्थित आशिक चौराहे पर परी इंटरप्राइजेज के नाम से बिस्किट की एजेंसी है। बताया गया है कि जिसे वह रोज की तरह गुरुवार को बन्द कर घर चला गया। तभी उस पर निशाना साधे बैठे चोरों ने देर रात को धावा बोल दिया। इसके बाद चोरों ने एजेंसी के गुल्लक में रखे करीब एक लाख रुपए निकाल लिए। इतना ही नहीं घटना को अंजाम देने के बाद चोर एजेंसी में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी निकाल कर अपने साथ ले गए।

### ठंड लगने से किसान की मौत

**कुठौंद (जालौन)।** थाना क्षेत्र के ग्राम हदरुख मे खेत पर काम कर रहे किसान की सर्दी की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम हदरुख निवासी नरसिंह नारायण शुक्ला 56 वर्ष पुत्र स्वर्गीय कैलाश नारायण शुक्ला एक किसान था। बताया गया है कि वह अपने खेत पर पानी लगा रहा था। तभी सर्दी लगने से उसकी हालत बिगड़ गई। जिससे वह अचेत होकर वहीं गिर गया। खेत में पड़े किसान को अचेत अवस्था में पड़ा देख पास के खेतों में मोजूद किसान मौके पर पहुंच गए। मोजूद लोगों ने घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। घटना की खबर मिलते ही पुलिस परिजनों में कोहराम मच गया, और रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। मोजूद लोगों की मदद से परिजन उसे अचेत अवस्था में उठाकर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### धार्मिक भावना भड़काने के आरोप में ग्राम पंचायत अधिकारी सस्पेंड

**हमीरपुर।** मौदहा ब्लाक के खंडेह के ग्राम पंचायत अधिकारी को काम में शिथिलता बरतने व धार्मिक भावनाओं को भड़काने पर जांच के उपरांत निलंबित कर कर डीपीआरओ कार्यालय से संबद्ध कर लिया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र प्रकाश ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारी ओमप्रकाश प्रजापति के पास खंडेह,गुरदहा,छिमौली पाटनपुर चार गांवों का चार्ज था,आरोप है कि वह गौवंश के संरक्षण में घोर लापरवाही के साथ साथ वित्त आयोग से कराये गये कार्यों का उपभोग प्रमाण पत्र नही जमा किये यही नही शासकीय योजनाओं में कोई रुचि नही ली,धार्मिक भावनाओं का ठेस पहुचाने का काम किया लिहाजा जांच में सभी दोष सिद्ध हो गये है। ग्राम पंचायत अधिकारी को कल देर रात निलंबित कर उनको डीपीआरओ दफ्तर से अटैच कर लिया गया है जांच एडीओ पंचायत राठ को सौपी गयी है।

### ठंड से किसान की उपचार के दौरान मृत्यु

**कुरारा।** खेत मे पानी लगाने के दौरान सर्दी लगने पर एक किसान हालत खराब हो गई स्वजन अस्पताल लेकर पहुचे जहां उसकी मौत हो गई। थाना क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर निवासी किसान गुलबदन प्रजापति (50) बीते दो दिनों से खेत मे ही रहकर फसल में पानी लगा रहे थे शुक्रवार सुबह उनकी अचानक तबियत बिगड़ी और उन्हें अत्यधिक सर्दी लगने लगी जिससे वो कांपने लगे हम लोग एम्बूलेंस के माध्यम से उन्हें कुरारा अस्पताल लेकर गए जहां प्राथमिक उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृतक के दो लड़के है। स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### ट्रैक्टर से दबकर युवक की मृत्यु

**राठ (हमीरपुर)।** मिट्टी से भरा ट्रैक्टर ट्राली पलटने से चालक की दबकर मृत्यु हो गयी। कोतवाली क्षेत्र के नवैनी गांव निवासी महेश अहिरवार का 17 वर्षीय पुत्र दीपक मजदूरी पर ट्रैक्टर चलाता था। शुक्रवार को दीपक गांव के महेंद्र राजपूत के ट्रैक्टर से मिटटी ढो रहा था। दोपहर को गांव से मिटटी भरकर राठ ला रहा था। गांव के बाहर अचानक असंतुलित होने ट्रैक्टर पलट गया। जिससे चालक दीपक दब गया। वहां आसपास मौजूद लोगों ने दीपक को बाहर निकाल सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक दीपक के पिता ने बताया कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। उसका इकलौता बेटा ट्रैक्टर चलाता था। युवक की मौत पर मां मुन्नी का रोरोकर बुरा हाल है।

### किरणोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**खागा/फतेहपुर।** नगर के कमला बालिका इंटर कॉलेज में वार्षिक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता किरणोत्सव 2022 का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य रूप से विज्ञान मॉडल, भाषण, नुक्कड़ नाटक, एकल व युगल नृत्य, गायन, मेहंदी, वाल पेंटिंग और फैशन शो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्राओं के सिलेबस अध्ययन के अलावा चतुर्मुखी विकास के लिए यह वार्षिक प्रतियोगिता आयोजित की जाती है जिसमे छात्राओं की उत्साहजनक प्रतिभगिता होती है। प्रतियोगिताओं के निर्याणक मंडल में पुरातन छात्राओं ज्योति शुक्ला, ग़ाज़ियाबाद, मीनाक्षी मिश्रा, बैंगलोर और इन्दु दीक्षित, कानपुर द्वारा योगदान दिया गया।

## रेल मंत्री से मिलकर सांसद ने की दिल्ली से चित्रकूट तक वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की मांग

**चित्रकूट।** बुंदेलखंड के कददावर राजनेता बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने शुक्रवार को दिल्ली में केंद्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर संसदीय क्षेत्र की रेलवे से सम्बंधित समस्याओं की जानकारी देते हुए यात्री सुविधाओं में विस्तार की मांग की।

केंद्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मिलकर बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने झाँसी-मानिकपुर रेल लाइन, बाँदा-कानपुर रेल लाइन का दोहरीकरण कार्य जल्द से जल्द पूरा कराने,संसदीय क्षेत्र के अतर्रा रेलवे स्टेशन में प्रयागराज-अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस का ठहराव किया जाने, बरगढ़ रेलवे स्टेशन में बुंदेलखंड एक्सप्रेस एवं सारनाथ एक्सप्रेस का ठहराव किये जाने, खुरहंड रेलवे स्टेशन में बुंदेलखंड एवं चित्रकूट एक्सप्रेस का ठहराव किये जाने,दिल्ली से झाँसी होते हुए बाँदा , चित्रकूट , मानिकपुर प्रयागराज तक वंन्दे भारत



एक्सप्रेस ट्रेन चलाये जाने की मांग की। सांसद श्री पटेल ने कहा कि बुंदेलखंड का चहुमुखी विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में है।उन्होने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के चालू हो जाने के बाद जल्द ही चित्रकूट एयरपोर्ट की शुरूआत हो जायेगी।जिससे भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के पर्यटन विकास को नई उडान मिलेगी। उन्होने कहा कि संसदीय क्षेत्र बांदा-चित्रकूट को बेहतर रेल परिवहन सेवा से जोडने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है।

## पुलिस मुठभेड़ में अंतरजनपदीय लूटपाट गिरोह के चार लुटेरे बदमाश गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** पुलिस ने मुठभेड़ के बाद अंतर्जनपदीय लूटपाट गिरोह के चार सशस्त्र लुटेरे बदमाशों को गिरफ्तार किया जबकि इनका एक साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। यह जानकारी शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने दी। उन्होंने बताया कि फतेहगढ़ कोतवाली के मोहल्ला जाफरी निवासिनी गीता पत्नी बबलू का 13 दिसंबर 2022 को गला दबाकर दिनदहाड़े अज्ञात लुटेरे बदमाश सोने की चैन लूट ले गएथे। इसलूटपाट का पर्दाफाश करने के लिए तीन पुलिस टीमें गठित की गई। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर 48 घंटे के अंदर ही, फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार, सर्विलांस प्रभारी उपनिरीक्षक जगदीश भाटी ने अपने दलबल के साथ 15/16 की रात्रि में करीब 12:30 बजे फतेहगढ़ रखा तिराहा के समीप डकैतीकी योजना बना रहे बदमाशों की घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस मुठभेड़ के बाद नई दिल्ली गोविंद बिहार करावल गली नंबर-8 निवासी राजन शाक्य एवं फर्रुखाबाद जिले के फतेहगढ़ कोतवाली के मोहल्ला ग्वालटोली निवासी राजू मिश्रा व इसी मोहल्ले के निवासी धर्मेंद्र राठौर एवं बाकरगंज निवासी आकाश बाथम चार लुटेरे बदमाशों को गिरफ्तार किया गया जबकि इनका एक साथी मुठभेड़ में पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने पकड़े गए लुटेरे बदमाशों के पास से फतेहगढ़ मोहल्ला जाफरी निवासिनी गीता की लूटी गई सोने की चैन एवं दो अवैध 315 बोर तमंचा, दो अवैध चाकू कुछ कारतूस आदि सामान बरामद किया गया।

## सीडीओ ने प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

संवाददाता। कानपुर देहात

**आयुक्त** के गोद लिए विद्यालय का मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने शुक्रवार को विकासखंड क्षेत्र सरवनखेड़ा के स्योंदा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कियाए निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने संविलियन प्राथमिक विद्यालय में नगर पंचायत रनियां एवं सीएसआर द्वारा कराए गए कायाकल्प के तहत कक्षाओं, किचन एवं शौचालय, रंगाई, पुताई, पेंटिंग टाईलीकरण का जायजा लिया एवं उन्होंने विद्यालय परिसर में साफसफाई एवं विद्यालय परिसर के मैदान में ओपन जिमए झूले आदि लगाए जाने हेतु उपस्थित नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी रनिया को निर्देशित किया, उन्होंने कहा कि एस्टीमेट तैयार कर विद्यालय में कार्यो को कराना सुनिश्चित कराएं। वही नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी ने बताया कि विद्यालय परिसर में ही संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में भी कायाकल्प कराए जाने हेतु कार्रवाई कर ली गई है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि इसमें रंगाई, पुताई, पेंटिंग, टाईलिग आदि अच्छी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें किसी प्रकार की लापरवाही ना होने पाये। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालय में चल रही कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से शिक्षा के संबंध में जानकारी ली। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों के शिक्षा में उसी प्रकार की लापरवाही ना होए उन्हें समय से मध्यान भोजन उपलब्ध कराएंए मध्यान भोजन में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखेंए इसमें कोई लापरवाही नहीं की जाएए वही उपस्थिति कक्षा छरू की छात्रा अनुष्का ने मुख्य विकास अधिकारी से वार्ता की तथा मिशन शक्ति के तहत संचालित हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दीए इस पर विकास अधिकारी ने छात्रा की प्रशंसा की तथा सभी को अच्छे से शिक्षा ग्रहण करने हेतु प्रेरित कियाए विद्यालय में सभी शिक्षक उपस्थित मिले। इस मौके पर जिला ग्राम्य विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादवए अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रनिया शालनी आदि उपस्थित रहे।

## युवती सहित दो ने लगाई फांसी

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत युवती सहित दो लोगों ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार कस्बा चॉदपुर निवासी महेश निषाद की 22 वर्षीय पत्नी सत्यावती नीम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वही सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतका की शादी 2 वर्ष पूर्व हुई थी इसी थाना क्षेत्र गांव की रहने वाली थी। वही पड़ोसी ने बताया कि मृतका मायके में ज्यादातर रहती थी। ससुराल बहुत कम आती थी। 8 दिसम्बर को वह मायके से ससुराल आई और घटना को अंजाम दे दिया। इसी प्रकार खखरेरू थाना क्षेत्र के मकसूदनपुर गांव निवासी रामकिशोर का 22 वर्षीय राधेश्याम ने गांव से बाहर खेत में पेड़ में रस्सी का फंदा डाल फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उधर घटना की सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक राधेश्याम का बड़ा भाई सीताराम ने बताया कि कल वह शाम को घर से खाना खाकर निकला था और वापस नही लौटा। काफी देर बीत जाने के बाद परिजनों ने उसी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नही लगा। आज सुबह गांव वाले शौचक्रिया के लिये जा रहे थे तभी गांव के बाद पेड़ से युवक का शव लटका देख हडकम्प मच गया तभी जानकारी मिलने पर परिजन मौके में पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। वही बताया जा रहा है कि मृतक का गांव में ही किसी लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

## दहेज हत्या में पति को 10, सास व ससुर को 8-8 वर्ष का कारावास

**फतेहपुर।** दहेज हत्या के एक मामले में शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार पांडेय की अदालत ने दोषी पति को 10 साल की और सास व ससुर को आठ-आठ वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वहीं सभी दोषियों पर 13 हजार रुपए बतौर जुर्माना अदा करने का आदेश दिया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषियों को अतिरिक्त सजा भी भुगतनी पड़ेगी।

सहायक शासकीय अधिवक्ता रहस बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि बकेवर थाना क्षेत्र के पधारा गांव निवासी रंजीत सिंह ने अपनी बेटी रीता सिंह की शादी 18 फरवरी 2014 थाना क्षेत्र के अकबराबाद बांका निवासी जितेंद्र सिंह के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुराली जन अतिरिक्त दहेज में कार की मांग करने लगे मांग पूरी न होने पर रीता के साथ मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने लगे। 25 जनवरी 2015 को दहेज लोभी पति, सास शांति देवी व ससुर विजय बहादुर सिंह ने मिलकर रीना को जिंदा जला दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने गंभीर हालत में रीना को कानपुर के हैलट में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां 26 जनवरी 2015 को उसकी मौत हो गई। जिसकी रिपोर्ट मृतका के पिता ने स्थानीय थाने में दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने मामले में आरोप पत्र दाखिल करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की अंतिम सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने सात गवाहों को अदालत के समक्ष पेश किया। गवाहों और साक्ष्यों को सुनने के बाद मामले में न्यायाधीश पति सास और ससुर को दोषी करार देते हुए यह फैसला सुनाया है।

## बंधक पांच दलित युवकों को पुलिस ने कराया मुक्त

● नगर पंचायत अध्यक्ष के रिश्तेदार का मोबाइल चोरी का मामला



**कमालगंज/फर्रुखाबाद।** थाना कमालगंज पुलिस ने बीती रात क्षेत्र के एक शीतग्रह में लोहे की जंजीर से बांधे गए अनुसूचित जनजाति के पांच युवकों को मुक्त कराने में सफलता हासिल की है, पुलिस केस कामयाबी को लेकर पुलिस अधीक्षक ने थाना पुलिस की पीठ थपथपाई है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज पुलिस मोबाइल चोरी की घटना के मामले में ग्राम माहरुपुर निवासी अजय गिहार पुत्र राम आसरे,कोतवाली फर्रुखाबाद के ग्राम लकूला निवासी लल्ला गिहार पुत्र जयपाल, राहुल गिहार पुत्र ब्रह्मानंद, कोतवाली फतेहगढ़ के नेकपुर चौरासी निवासी अमर गिहार पुत्र राजकुमार तथा जनपद कन्नौज सराय प्रयाग निवासी लाखन पुत्र राजकुमार से पूछताछ कर रही है। वहीं लकूला निवासी ठेकेदार अभिषेक गिहार इन पांचों युवकों को वेटर का काम कराने के लिए बीते दिन कमालगंज स्थित प्रेमपुष्प गेस्ट हाउस ले गया था,गेस्ट हाउस में मोनू लस्सी वाले की शादी का कार्यक्रम था। मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी व्यापारी नितेश माहेश्वरी बीती रात पत्नी के साथ दावत खाने गए थे, कि उनकी पत्नी ने दावत खाते समय अपना मोबाइल फोन वेटर के पास रख दिया था, फोन गायब हो जाने पर नीतेश ने वेटरों से फोन के बारे में व्यापक पूछताछ की। वेटरों ने नितेश को बताया कि हम लोगों ने मोबाइल फोन नहीं देखा,सभी युवकों की तलाशी लिए जाने पर भी उनके पास मोबाइल फोन नहीं मिला,नितेश मध्यरात के समय नौकर नितिन के सहयोग से पांचो वेटरों को अपनी कार से ग्राम भटपुरा गुमटी स्थित माहेश्वरी कोल्ड स्टोरेज ले आया। पांचों युवकों को शीतग्रह के बरामदे में पिलर से लोहे की जंजीर में बांध का ताला लगा दिया,सभी युवक रात भर भूखे प्यासे ठंड में तड़पते रहे,शीतग्रह मालिक ने उनके साथ जानवरों जैसा सलूक किया है। जानकारी मिलने पर अजय के परिजनों ने थाना पुलिस को सूचना देकर युवकों को मुक्त कराए जाने की गुहार लगाई, इधर मामले को लेकर इंस्पेक्टर चंद्रिका प्रसाद, उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार व नागेंद्र आदि पुलिस कर्मियों के साथ शुक्रवार की दोपहर कोल्ड स्टोरेज पहुंचे तथा कोल्ड में लोहे की जंजीर से बधे पांचों युवकों को मुक्त कराकर थाने ले गई।

## ओवरलोडिंग, अवैध खनन बर्दाश्त नहीं: प्रमोद झां

● बालू घाट संचालकों की बैठक संपन्न

**राजापुर (चित्रकूट)।** राजापुर तहसील के विशाल सभागार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में घाट संचालकों के साथ एक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जिले के खनिज अधिकारी, परिवहन विभाग के पीटीओ व बरुआ-तीरमऊ घाट तथा तीरधुमाई गंगू बालू घाटों के संचालक मौजूद रहे। जिसमें शासनादेश के अनुसार घाटों के संचालन पर वृहद चर्चा की गई। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश सरकार के खनिज विभाग द्वारा बरुआ-तीरमऊ तथा तीरधुमाई गंगू के बालू घाटों का संचालन प्रारम्भ हो जाने के कारण उपजिलाधिकारी प्रमोद झाँ की अध्यक्षता में जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह व परिवहन विभाग के पीटीओ सन्तोष कुमार तिवारी की मौजूदगी में बालू घाट संचालकों को मानक व रवन्ना के अनुरूप बालू की लोडिंग परिवहन कराने के सख्त निर्देश दिए गए।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी प्रमोद झाँ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा है कि ओवरलोड व अवैध खनन पर विशेष अंकुश लगाया जाए। इसी क्रम में घाट संचालकों के साथ एक बैठक की गई है और हिदायत देते हुए कहा है कि घाट में धर्मकांटा, सीसीटीवी कैमरे व मानक के अनुरूप रवन्ना की निकासी की जाए तथा किसी भी हालत में ओवरलोडिंग न कराई जाए। यदि किसी भी घाट में ओवरलोडिंग की शिकायत मिली तो घाट संचालक के साथ-साथ ओवरलोड परिवहन करने वाले ट्रक-ट्रैक्टरों पर कड़े कदम उठाते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।इसके अलावा शासन के मंशानुरूप ही घाट संचालन करें तथा आवंटित क्षेत्रफल में ही खनन कराया जाए। यदि आवंटित क्षेत्रफल के बाहर खनन पाया गया तो पट्टा धारक के विरुद्ध पट्टा निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

## वाटर रिचार्जिंग के नाम पर खानापूरी होने की पोल खुली

# जल स्तर नीचे गिरने से तीन ब्लाकों के पचपन राजकीय नलकूप बंद

विनोद शुक्ला। हमीरपुर

**जिले** में जल स्तर अचानक नीचे गिरने से तीन ब्लाकों के पचपन राजकीय नलकूप बंद हो गये है, जिससे किसानों के सामने पीक सीजन में सिचाई का संकट उत्पन्न हो गया है। वाटर रिचार्जिंग में कुप्रबंधन खुल कर सामने आ गया है।

जानकारी के मुताबिक जिले में वाटर रिचार्जिंग के नाम पर लाखों रुपये खर्च होते है जिसमे तालाब,चेकडैम निर्माण,रुफ वाटर हार्वस्टिंग,खेत तालाब योजना आदि शामिल है मगर जिले में हर साल जल स्तर नीचे जा रहा है,इधर जिले में जमकर बरसात होने के बाद भी दिसम्बर माह में कम से कम एक मीटर जल स्तर सुमेरपुर, मौदहा, कुरारा ब्लाक में नीचे चला गया है जिसमे सुमेरपुर ब्लाक मे टेढ़ा, पारा, इगोहटा, अतरैया, विदोखर, कुम्हऊपुर, उजनेडी, स्वासा, भौनिया, शौखर, देवगांव, सिमनौड़ी, पत्यौरा दरियापुर समेत 24 नलकूप बंद हो गये है,इसी प्रकार मौदहा ब्लाक में अरतरा में पाच नलकूप

सिचाई का संकट बढ़ा



,बम्हरौली अतरार,तिरहा हार में दो,आादि नौ राजकीय नलकूप बंद हो गये है। इसी प्रकार कुरारा ब्लाक में ग्राम पारा टेढ़ा, जखेला, बेदा, झलोखर, पतारा में तीन डामर, कुसौलीपुरवा में दो, कनौटा, कुडौरा, गुजेटा, गुलाबगंज, समेत 21 राजकीय नलकूप बंद है,मौदहा ब्लाक के सहायक अभियंता रामसेवक चौधरी ने बताया कि बरसात तो पर्याप्त मात्रा में होती है मगर उसजल को रोकने का कोई प्रबंधन नही किया जाता है जिससे वाटर रिचार्जिंग नही हो पाती है जल स्तर नीचे गिरने का सिलसिला दस सालों से लगातार हो रहा है यह समस्या भयानक होती जा रही है। कुरारा ब्लाक के सहायक अभियंता शुभम पांडेय ने बताया कि इस ब्लाक में चेकडैम भी निर्माण किये गये है। तालाब भी बने है मगर जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। सभी बंद नलकूपों में जीआई पाइप पहले ही बढा दिये गये मगर अब नलकूपों मे पाइप बढाने की कोई गुजाइंश नही है जिससे सिचाई की समस्या आ रही है,क्योकि हरेक गांव में दो या तीन राजकीय नलकूप स्थापित है इसलिये सिचाई का काम चल रहा है मगर जल स्तर नीचे जाने की समस्या बहुत ही चिंताजनक है। किसानों का कहना है कि जो भी तालाब बनाये गये है उनमें अधिकांश खाली रहते है पानी न भरने के कारण जल स्तर नीचे नही जा पाता है जिससे यह समस्या और बढती जा रही है। विभाग ने जल स्तर गिरने की समस्या को शासन को अवगत करा दिया है। इधर प्रायवेट नलकूप भी धोखा देना शुरु कर दिया है। जिससे किसानों के चेहरे में हवाईया उडना शुरु हो गयी है। जिले में 559 राजकीय नलकूप स्थापित है,जिसमें पचपन जल स्तर से व करीब साठ नलकूप यांत्रिक व विद्युत दोष से बंद है। नलकूप के अभियंताओं का कहना है कि विजली विभाग नलकूपों के ट्रासंफार्मर समय से नही आपूर्ति कर पा रहा है जिससे सिचाई की समस्या और जटिल होती जा रहीहै। इस मामले को भी उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

### सांसद ने राज्यसभा में जल स्तर गिरने पर की चर्चा

**हमीरपुर।** आज राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने राज्यसभा में शून्य काल में गिरते जल स्तर पर चर्चा करते हुये सरकार से मांग की है कि नदियों की सिल्ट सफाई व नदियो के जोड़ने के साथ साथ गिरते जल स्तर पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि सिल्ट सफाई न होने से नदिया लुप्त होती जा रही है। उन्होने कहा कि यदि सभी नदिया आपस में जोड़ दी जायेगी तो नदियों का जल सागर में न जाकर जल जमीन के नीचे जायेगा जिससे जल स्तर गिरने की जो समस्या आ रही है उसे रोका जा सकेगा।

# यूक्रेन में अगला निशाना हो सकती हैं अमेरिकी रक्षा प्रणालियां: रूस

एपी। कीव

**रूस के** विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को चेतावनी दी कि यदि अमेरिका यूक्रेन को अत्याधुनिक वायु रक्षा प्रणालियां मुहैया कराता है, तो वे प्रणालियां और उसे चलाने वाले लोग रूसी सेना का निशाना बनेंगे। इस बीच, यूरोपीय संघ (ईयू) ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को लेकर रूस पर बृहस्पतिवार को नए प्रतिबंध लागू करने की घोषणा की। इन प्रतिबंधों की विस्तृत जानकारी अभी मुहैया नहीं कराई गई है। इन्हें 27 देशों के संगठन के राजदूतों के बीच बैठक के दौरान कई दिन चली वार्ता के बाद मंजूरी दी गई।

ईयू परिषद की अध्यक्षता कर रहे चेक गणराज्य ने कहा कि लिखित प्रतिक्रिया के बाद रूस पर लगाए जाने वाले और प्रतिबंधों की शुक्रवार को पुष्टि की जाएगी। इसके बाद संघ के कानूनी रिकॉर्ड में इन्हें प्रकाशित किया जाएगा। ईयू की कार्यकारी शाखा यूरोपीय आयोग ने रूस पर यात्रा प्रतिबंध लगाने और 200 से अधिक और रूसी अधिकारियों की संपत्ति को फ्रीज करने का पिछले सप्ताह प्रस्ताव रखा था। इस बीच, रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोवा ने कहा कि अमेरिका यूक्रेन को हथियार मुहैया कराके और उसके बलों को प्रशिक्षण देकर युद्ध में प्रभावी रूप से एक पक्ष बन गया है। उन्होंने कहा कि यदि कीव को सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली पैट्रियॉट मुहैया कराने की अमेरिकी योजना से जुड़ी खबरें सही साबित होती हैं, तो यह अमेरिका की ओर से उकसाने वाला एक और कदम होगा और युद्ध में उसकी संलिप्तता को बढ़ाएगा, जिसके उसे कठोर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। जाखारोवा ने कहा, पैट्रियॉट सहित यूक्रेन को मुहैया कराई गई कोई भी हथियार प्रणाली और उसके बलों को दी जाने वाली हर प्रकार की मदद रूसी सशस्त्र बलों के लिए प्राथमिकता वाला वैध लक्ष्य रही है और रहेगी। रूस की इस चेतावनी के बारे में पूछे जाने पर अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता एयर फोर्स जनरल पैट राइडर ने कहा कि रूस की टिप्पणियां यह निर्धारित नहीं कर सकतीं कि अमेरिका यूक्रेन को क्या सुरक्षा सहायता मुहैया कराएगा। राइडर ने कहा, मुझे यह अजीब लगता है कि अपने पड़ोसी देश पर अवैध तरीके से और अकारण हमला करके निर्दोष असैन्य नागरिकों की हत्या करने और असैन्य ढांचों को नुकसान पहुंचाने वाले देश के अधिकारी आम लोगों का जीवन बचाने के मकसद से इस्तेमाल की जाने वाली रक्षा प्रणाली के लिए उकसावे जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। अमेरिका ने यूक्रेनी बलों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण में भी विस्तार करने की घोषणा की है। राइडर ने कहा कि अमेरिका हर महीने करीब 500 यूक्रेनी बलों को प्रशिक्षण देने की अपेक्षा रखता है और वह ऐसा जनवरी में शुरू करेगा। अमेरिका करीब 3,100 यूक्रेनी बलों को पहले ही प्रशिक्षण दे चुका है। अमेरिकी अधिकारियों ने मंगलवार को कहा था कि अमेरिका यूक्रेन को पैट्रियॉट मिसाइल की खेप भेजने की मंजूरी देने की तैयारी कर रहा है। रूसी हमलों का मुकाबला करने के लिए अधिक उन्नत हथियार मुहैया कराने के यूक्रेनी नेताओं के एक अनुरोध पर अमेरिका ने यह सहमति जताई है।

## भारत और नेपाल की सेनाओं ने संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया

भाषा। काठमांडू

**भारत और** नेपाल ने शुक्रवार को 16वां संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास शुरू किया, जिसमें आतंकवाद रोधी सैन्य कौशल के साथ-साथ आपदा प्रबंधन से संबंधित जंगल युद्ध में सैद्धांतिक और व्यावहारिक अनुभव साझा किए जाएंगे। नेपाल-भारत सीमा के पास लुंबिनी जोन के रूपनदेही जिले के सालझंडी में हो रहे 'सूर्य किरण' सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए, भारतीय सेना का एक दल बुधवार को नेपाल पहुंचा था। नेपाल सेना द्वारा जारी एक प्रेस बयान में कहा गया है कि संयुक्त सैन्य अभ्यास में आपदा प्रबंधन और आतंकवाद रोधी प्रथाओं के तहत राहत कार्य एवं चिकित्सा उपचार शामिल है।

नेपाल की सेना के अधिकारी बिमा कुमार बागले संयुक्त सैन्य अभ्यास में नेपाल के 334 सदस्यीय दल का नेतृत्व कर रहे हैं जबकि भारतीय सेना के कर्नल हिमांशु बहुगुणा 334 सदस्यीय दल का नेतृत्व कर रहे हैं। यह सैन्य अभ्यास 29 दिसंबर तक चलेगा। सूर्य किरण अभ्यास प्रतिवर्ष नेपाल और भारत में आयोजित किया जाता है। संयुक्त अभ्यास का 15वां संस्करण भारत के पिथौरागढ़ में आयोजित किया गया था। नेपाल के सैन्य मुख्यालय के अनुसार, संयुक्त अभ्यास के दौरान सैनिक विद्रोह और आतंकवाद-रोधी सैन्य कौशल और आपदा प्रबंधन से संबंधित जंगल युद्ध के सैद्धांतिक ज्ञान का अभ्यास करेंगे। दोनों देशों के सैन्यकर्मी एक-दूसरे के सैद्धांतिक, व्यावहारिक और विशेष अनुभवों को भी साझा करेंगे। भारत के लिए नेपाल इस क्षेत्र में समग्र रणनीतिक हितों के संदर्भ में महत्वपूर्ण है और दोनों देशों के नेता अक्सर सदियों पुराने रोटी-बेटी संबंध का उल्लेख करते हैं। भारत और नेपाल 1,850 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं और यह सीमा भारत के पांच राज्यों - सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ लगती है।

## क्विक न्यूज

### फ्रांस में अपार्टमेंट में आग लगने से पांच बच्चों समेत 10 लोगों की मौत

**वौल्क्स-एन-वेलिन (फ्रांस)।** फ्रांस के लियोन शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक अपार्टमेंट में शुक्रवार को आग लगने से पांच बच्चों समेत 10 लोगों की झुलसकर मौत हो गई। फ्रांसीसी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारण की जांच की जा रही है। रोन क्षेत्र के प्रशासक ने कहा कि वौल्क्स-एन-वेलिन के इस छोटे उपनगर में आग लगने की घटना में 14 लोग घायल हुए हैं जिनमें चार की हालत गंभीर है। आग पर काबू पाने के लिए करीब 170 दमकलकर्मियों को भेजा गया है। आग तड़के करीब तीन बजे लगी थी। आग पर काबू पा लिया गया है। एसोसिएटेड प्रेस के पत्रकार ने घटनास्थल पर देखा कि दमकल की कई गाड़ियां वहां मौजूद थी और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। वौल्क्स-एन-वेलिन 43,000 लोगों की आबादी वाला कस्बा है जो रोन क्षेत्र के गरीब इलाकों में से एक है। फ्रांस के आंतरिक मंत्री गेराल्ड दारमैनिन ने भीषण आग की घटना को एक झटका करार दिया है। उन्होंने कहा कि वह कुछ समय में शहर का दौरा करेंगे। वौल्क्स-एन-वेलिन, पेरिस से 470 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में है। अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच रविवार को होने वाले फाइनल मैच को लेकर सुरक्षा योजना पेश करने के लिए दारमैनिन शुक्रवार को ल्योन की यात्रा पर थे। वौल्क्स-एन-वेलिन की यात्रा के दौरान दारमैनिन के साथ गृह मंत्री ओलिवियर क्लेन भी होंगे।

### लंदन में कंसर्ट स्थल पर भीड़ में कुचलकर कई लोग घायल

**लंदन (एपी)।** ब्रिटेन की राजधानी में एक कंसर्ट स्थल पर शुक्रवार को भीड़ में कुचलकर कई लोग घायल हो गए, जिनमें चार की हालत गंभीर बताई जाती है। पुलिस ने कहा कि नाइजीरियाई गायक असेक की संगीत प्रस्तुति के दौरान ओ2 ब्रिक्सटन अकादमी में घुसने की कोशिश कर रहे लोगों की भीड़ में फंसे आठ लोगों को अस्पतालों में ले जाया गया, तथा दो अन्य घायलों का घटनास्थल पर ही इलाज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार की रात तब हुई जब बड़ी संख्या में लोगों ने बिना टिकट कार्यक्रम स्थल पर जाने की कोशिश की। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और अस्पताल में भर्ती कराए गए लोगों में से चार की हालत गंभीर है।

### तुर्की में पुलिस वाहन को निशाना बनाकर किए गए बम हमले में नौ लोग घायल

**अंकारा (एपी)।** तुर्की में शुक्रवार को एक राजमार्ग पर बम विस्फोट की चपेट में एक बख्तरबंद पुलिस वाहन के आ जाने से उसमें सवार सभी नौ लोग घायल हो गए। सरकारी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गृहमंत्री सुलेयमान सोयलू ने बताया कि देश के दक्षिणपूर्व भाग के कुर्दिश बहुल दियारबाकिर शहर के समीप यह बम हमला किया गया और इस सिलसिले में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। दियारबाकिर के गर्वनर कार्यालय के अनुसार पशु बाजार के समीप खड़े एक वाहन के अंदर यह बम लगाया गया था और रिमोट कंट्रोल से उसमें विस्फोट कराया गया। सोयलू ने बताया कि आठ पुलिस अधिकारियों एवं एक आम नागरिक को एहतियात के तौर पर अस्पताल ले जाया गया। किसी ने भी इस हमले की जिम्मेदारी नही ली है लेकिन सोयलू ने कहा कि यह कुर्दिश आतंकवादियों की हरकत हो सकती है। उन्होंने कहा कि संदिग्धों में एक का भाई कुर्दिश आतंकवादियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ में मारा गया था। अतीत में इस क्षेत्र में ऐसे हमलों के पीछे कुर्दिश आतंकवादियों का हाथ रहा है। इस्लामिक और वामपंथी चरमपंथियों ने भी देश में बम हमले किए है।

### मलेशिया में पर्यटक शिविर स्थल पर भूस्खलन, 16 लोगों की मौत और 17 अन्य लापता

**कुआलांलपुर (एपी)।** मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर के बाहरी इलाके में एक पर्यटक शिविर स्थल पर बृहस्पतिवार देर रात हुए भूस्खलन में 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिला पुलिस प्रमुख सुफियन अब्दुल्ला ने बताया कि कुआलालंपुर से करीब 50 किलोमीटर दूर मध्य सेलांगोर के बतांग काली में एक कैंपसाइट पर भूस्खलन हुआ। ऐसा माना जा रहा है कि घटना के समय वहां करीब 94 लोग मौजूद थे। कैंपसाइट ऐसे स्थान को कहते हैं, जहां लोग समय बिताने के लिए तंबू लगाकर रहते है। स्थानीय लोगों के बीच ऐसे स्थान काफी लोकप्रिय हैं। सुफियन ने बताया कि मृतक संख्या बढ़कर 16 हो गई, जिसमें पांच साल का एक बच्चा भी शामिल है। घटना में घायल हुए सात लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बचावकर्मी करीब 17 लोगों की तलाश में जुटे है। उन्होंने बताया कि अन्य 53 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है।

## एरिक गार्सेटी भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में सेवाएं देने के लिए उपयुक्त : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने बृहस्पतिवार को कहा कि लॉस एंजिलिस के पूर्व मेयर एरिक गार्सेटी भारत में अमेरिका के राजदूत के रूप में सेवाएं देने के लिए उपयुक्त हैं। व्हाइट हाउस का यह बयान अमेरिका के प्रभावशाली सीनेटर चक ग्रैसले द्वारा गार्सेटी के नामांकन का विरोध किए जाने के कुछ दिनों बाद आया है। ग्रैसले ने एक स्टाफ सदस्य द्वारा गार्सेटी पर लगाए गए यौन शोषण के आरोपों के मद्देनजर उन्हें भारत में अमेरिका के अगले राजदूत के रूप में नामित किए जाने का विरोध किया था। उन्होंने अमेरिकी सीनेट में कहा था, मैं भारत में अमेरिका के राजदूत के रूप में एरिक गार्सेटी के नामांकन पर कड़ा विरोध दर्ज कराना चाहूंगा। मैं लॉस एंजिलिस के मेयर कार्यालय में उनके कार्यकाल में बड़े पैमाने पर लगे यौन उत्पीड़न और नस्लवाद के गंभीर आरोपों के कारण गार्सेटी के खिलाफ मतदान करने के लिए मजबूर हूं।

## रूस ने यूक्रेन पर एक और बड़ा मिसाइल हमला किया

एपी। कीव

**यूक्रेन के** प्राधिकारियों ने शुक्रवार को अपने कम से कम तीन शहरों से धमाकों की खबरें मिलने की जानकारी दी। उन्होंने दावा किया कि रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा प्रतिष्ठानों और बुनियादी ढांचों पर एक और बड़ा मिसाइल हमला किया है। प्राधिकारियों ने सोशल मीडिया पर बताया कि राजधानी कीव, दक्षिणी क्रीवीय रिह और उत्तर-पूर्वी खार्कीव शहर में धमाके की खबरें हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में रूसी मिसाइल हमलों के प्रति आगाह करने वाले अलार्म बजाए गए हैं। रूस ने मध्य अक्टूबर से यूक्रेन के ऊर्जा प्रतिष्ठानों और बुनियादी ढांचों पर कई बड़े मिसाइल हमले किए हैं।

खार्कीव के मेयर इहोर तेरेकोव ने सोशल मीडिया ऐप टेलीग्राम पर बताया कि शहर की बिजली गुल हो गई है। खार्कीव के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह साइनीहुबोव ने कहा कि शहर के अहम बुनियादी ढांचों को निशाना बनाकर तीन हमले किए गए हैं।राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी काइरिलो तिमोशेन्को ने क्रीवीय रिह में एक आवासीय इमारत पर हमले की जानकारी दी। उन्होंने टेलीग्राम पर बताया, मलबे के नीचे लोग दबे हो सकते हैं। आपात कर्मी मौके पर हैं। कीव के मएर विताली क्लित्सचेस्को ने उत्तर-पूर्वी देसनियांस्की और पश्चिमी होलोसिविस्की जिले में धमाके होने की बात कही। उन्होंने नागरिकों से बम रोधी शिविरों में शरण लेने की अपील भी की। क्लित्सचेस्को ने टेलीग्राम पर लिखा, राजधानी पर हमले जारी हैं। उन्होंने बताया कि राजधानी में सबवे सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं, क्योंकि नागरिक हमलों से बचने के लिए भूमिगत स्टेशनों में शरण लेने के लिए उमड़ पड़े हैं।

## शांतिरक्षकों के खिलाफ अपराधों के प्रति जवाबदेही बढ़ाने के लिए भारत ने ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स लॉन्च किया

भाषा। संयुक्त राष्ट्र



**भारत ने** शांतिरक्षकों के खिलाफ होने वाले अपराधों के प्रति जवाबदेही बढ़ाने के लिए ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स पहल शुरू की है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने घोषणा की है कि नई दिल्ली के पास जल्द एक ऐसा डेटाबेस होगा, जिस पर शांतिरक्षकों के खिलाफ होने वाले सभी अपराधों को दर्ज किया जाएगा। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अपनी अध्यक्षता के दौरान बृहस्पतिवार को ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स टू प्रमोट अकाउंटेबिलिटी फॉर क्राइम्स अगेंस्ट पीसकीपर्स पहल शुरू की थी। भारत, बांग्लादेश, मिस्र, फ्रांस, मोरक्को और नेपाल इस समूह के सह-अध्यक्ष हैं। ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स की शुरुआत के मौके पर दिए संबोधन में जयशंकर ने कहा, संयुक्त राष्ट्र का शांति अभियान आज पहले की तुलना में कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया है। शांति अभियान अब ज्यादा अस्पष्ट और जटिल वातावरण में भी चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, आज के शांतिरक्षकों पर सिर्फ शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि उन पर बेहद अशांत और अस्थिर क्षेत्रों में कड़ा अभियान चलाने का दारोमदार भी है। सशस्त्र समूहों, आतंकवादियों और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध गिरोहों की संलिप्तता ने शांतिरक्षकों के काम पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। जयशंकर ने कहा कि ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2589 के प्रावधानों को लागू करने की दिशा में सदस्य देशों, खासकर पुलिस और सशस्त्र बल प्रदान करने वाले देशों की राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतिनिधित्व करता है। यूएनएससी का प्रस्ताव 2589 पिछले साल अगस्त में भारत की अध्यक्षता में अपनाया गया था। इसमें वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों की मेजबानी करने वाले या अतीत में ऐसा कर चुके सदस्य देशों से आह्वान किया गया था कि वे संयुक्त राष्ट्र के कर्मियों की हत्या या अपहरण करने वालों और उनके खिलाफ हिंसा को अंजाम देने वालों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए सभी उचित उपाय करें।प्रस्ताव में सदस्य देशों से ऐसे कृत्यों की जांच करने के लिए और इनके साजिशकर्ताओं के खिलाफ अपने राष्ट्रीय कानून के तहत मुकदमा चलाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का भी आह्वान किया गया था।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.91 अरब डॉलर बढ़कर 564.06 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार नौ दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 2.91 अरब डॉलर बढ़कर 564.06 अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विदेशीमुद्रा भंडार में लगातार पांचवे सप्ताह तेजी आई है। पिछले सप्ताह देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 11 अरब डॉलर बढ़कर 561.16 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। गौरतलब है कि अक्टूबर, 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। वैश्विक घटनाक्रमों के बीच केंद्रीय बैंक के रुपए की विनियम दर में तेज गिरावट को रोकने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग करने की वजह से बाद में इसमें गिरावट आई थी। केंद्रीय बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार कुल मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) नौ दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 3.141 अरब डॉलर बढ़कर 500.125 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर में अभिव्यक्त किए जाने वाले विदेशीमुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और एन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। इसके अलावा स्वर्ण भंडार का मूल्य आलोच्य सप्ताह में 29.6 करोड़ डॉलर घटकर 40.729 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.106 अरब डॉलर हो गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में रखा देश का मुद्रा भंडार भी 20 लाख डॉलर बढ़कर 5.11 अरब डॉलर हो गया।

### सरकार ने घरेलू कच्चे तेल, डीजल, एटीएफ के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर घटाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल के साथ-साथ डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर लगाए जाने वाले अप्रत्याशित लाभ कर में कटौती की है। सरकार की ओर से 15 दिसंबर को जारी आदेश में कहा गया है कि ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) जैसी कंपनियों द्वारा उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को 4,900 रुपए प्रति टन से घटाकर1,700 रुपए प्रति टन कर दिया गया है। कच्चे तेल को परिष्कृत कर पेट्रोल, डीजल और एटीएफ जैसे ईंधन में बदला जाता है। सरकार ने डीजल के निर्यात पर भी कर आठ रुपए से घटाकर पांच रुपए प्रति लीटर कर दिया है।

## बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 461 अंक और टूटा, साप्ताहिक आधार पर नुकसान में

भाषा। मुंबई



**घरेलू शेयर** बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 461 अंक से अधिक टूट गया। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के नीतिगत दर बढ़ाने और आक्रामक रुख से बाजार नीचे आया। कारोबारियों के अनुसार, विदेशी पूंजी की निकासी के बीच डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर पड़ने से जोखिम लेने की धारणा और प्रभावित हुई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 461.22 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 61,337.81 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 145.90 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,269 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में डॉ. रेड्डीज सबसे ज्यादा 3.62 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, पावरग्रिड और विप्रो भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। केवल चार शेयर... एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले इंडिया और टाटा स्टील 0.49 प्रतिशत तक लाभ में रहे। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के बाद यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) और बैंक ऑफ इंग्लैड ने नीतिगत दर में वृद्धि की है। साथ ही महंगाई को काबू में लाने के लिए आक्रामक रुख का संकेत दिया है। इससे इस उम्मीद को झटका लगा कि नीतिगत दर लगभग उच्चस्तर पर पहुंच चुकी है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में 0.5 प्रतिशत की वृद्धि के बाद यूरोपीय केंद्रीय बैंक और बैंक ऑफ इंग्लैंड द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी और मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिए आक्रामक रुख से वैश्विक बाजारों में गिरावट रही। उन्होंने कहा, केंद्रीय बैंकों के मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिए आक्रामक रुख से वैश्विक अर्थव्यवस्था की सेहत को लेकर चिंता बढ़ी है। बाजार में घाटे से उबरने का प्रयास देखा गया। हालांकि, वैश्विक समर्थन के अभाव में घरेलू शेयर बाजार नुकसान में बंद हुए। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 843.86 अंक यानी 1.36 प्रतिशत जबकि निफ्टी 227.60 अंक यानी 1.23 प्रतिशत नीचे आया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, निकट भविष्य में बाजार को दिशा देने वाला कोई महत्वपूर्ण कारक नहीं दिखता। ऐसे में बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है। इसके साथ साल के अंत की छुट्टियों के कारण संस्थागत निवेशकों की कम भागीदारी से भी बाजार में रुख हल्का रह सकता है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट नुकसान में रहे जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में तेजी रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी शेयर बाजार में भी बृहस्पतिवार को गिरावट थी। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79.38 प्रति डॉलर पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 710.74 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## भारत 2024-25 तक 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर : गडकरी

**नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क** परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत 2024-25 तक 5,000 अरब डॉलर का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) हासिल करने की ओर अग्रसर है। गडकरी ने शुक्रवार को उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। 2024-25 तक भारत 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सतत विकास को हासिल करने के लिए वृद्धि और रोजगार को बढ़ाने पर जोर दे रही है। गडकरी ने कहा कि 2030 तक वैश्विक सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने में भारत की एक बड़ी भूमिका होगी।

गडकरी ने निर्यात बढ़ाने और आयात घटाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हम वैकल्पिक, स्वच्छ और हरित ईंधन मसलन जैव एथनॉल, जैव-सीएनजी, जैव-एलएनजी और हरित हाइड्रोजन के विकास पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल देश का वाहन उद्योग 7.5 लाख करोड़ रुपए का है। वह इसे 15 लाख करोड़ रुपए पर ले जाना चाहते हैं। इससे बड़ी संख्या में नए रोजगार पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि वह निर्माण की लागत को कम करना चाहते हैं। हम इस्पात और सीमेंट के इस्तेमाल को न्यूनतम करने का प्रयास कर रहे हैं।

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सूचित करना है कि दुकान संख्या-18, ब्लॉक-सी-31, सैक्टर-12 नोएडा जिसके मूल आंवटी श्री महेन्द्र कुमार पुत्र श्री मदन लाल निवासी डी-61, न्यू कोंडली, दिल्ली-95, जिनके द्वारा श्रीमती अनीता रानी पत्नी श्री राजे राम निवासी ओ-20, सैक्टर-12, नोएडा जी0बी0 नगर उ0प्र0 के पक्ष में जीपीए पंजीकृत करायी गयी थी जो उप निबन्धक कार्यालय नोएडा-1 में रजिस्टर्ड है। तथा विक्रय संविदा पंजीकृत नही है। अतः अब उपरोक्त दुकान संख्या-18, ब्लॉक-सी-31, सैक्टर-12 नोएडा का अंतरण जीपीए के आधार पर श्री प्रदीप बंसल पुत्र श्री राजे राम निवासी ए-806, पूर्वा पाम बीच, हनुमांतप्पा लेआउट, सायस सी0ई0ओ0 सेन्टर, कैलाशनाहाल्ली, कोठानुर, बेंगालुरू (कर्नाटक) के पक्ष में अंतरण होने के लिए प्राधिकरण में प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति है, तो कृपया अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित नौएडा प्राधिकरण के व्यवसायिक विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर दाखिल कर दें। श्रीमती अनीता रानी

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, hitherto known as James John S/o Shri John R/o 874/1, Upper Ground Floor, H.No.-102, Tower No.-04, Divine Apartment, Sant Nagar, Burari, Delhi - 110084, have changed my name and shall hereafter be known as JAMES for all future purposes.

PD(90221)A

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम उर्मिला मीणा से बदलकर उर्मिला देवी मीणा कर दिया है भविष्य में मुझे उर्मिला देवी मीणा के नाम से जाना पहचाना जाए उर्मिला देवी मीणा पुत्री कवरी लाल मीणा निवासी आशीर्वाद ग्राम पोस्ट ढंड तहसील आमेर जयपुर राजस्थान 302028

## वैश्विक विनिर्माण को भारत लाने के लिए रणनीति बनाए उद्योग: सीतारमण

भाषा। नई दिल्ली



**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने भारतीय उद्योग जगत का आह्वान किया है कि वह पश्चिम में मंदी की आशंका के बीच ऐसी रणनीति बनाए जिससे विकसित देशों में परिचालन कर रही कंपनियां भारत को एक उत्पादन या खरीद केंद्र के रूप में देख सकें। वित्त मंत्री ने शुक्रवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि भारत ने विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए काफी सुविधाएं दी हैं और नियमों में बदलाव किया है। इसके अलावा हम उन उद्योगों से भी जुड़ रहे हैं जो भारत आना चाहते हैं।

सीतारमण ने कहा, आप खुद को पश्चिमी देशों और विकसित दुनिया में मंदी के लिए तैयार कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह आपके लिए वहां काम कर रहे विनिर्माताओं को भारत लाने की रणनीति बनाने को सबसे अच्छा समय है। वित्त मंत्री ने कहा, भले ही उनका मुख्यालय वहां है, लेकिन उनके लिए यह उपयोगी हो सकता है कि वे यहां से कई चीजें खरीदें। कम से कम दुनिया के इस हिस्से के बाजारों के लिए यहां से उत्पादन करें। उन्होंने कहा कि संभावित मंदी का असर यूरोप पर भी पड़ेगा। इसका सिर्फ भारतीय कंपनियों के निर्यात पर असर नहीं होगा। उन्होंने कहा, यह वहां के कई तरह के निवेश को अपने यहां लाने का अवसर देता है। अब वे ऐसे अलग स्थानों की तलाश कर रहे हैं जहां से वे अपनी गतिविधियों को चालू रख सकें। सीतारमण ने उद्योग से स्टार्टअप इकाइयों के नवोन्मेषण को देखने और उन्हें बढ़ाने के तरीकों पर विचार करने को कहा। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत विनिर्माण और सेवाओं के नए क्षेत्रों पर ध्यान देता रहेगा। सीतारमण ने कहा कि दुनिया स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में बदलाव की ओर है, ऐसे में घरेलू उद्योग को विकसित देशों द्वारा उंन्चे शुल्क का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने उद्योग जगत से कहा कि वह सरकार को बताए कि जलवायु परिवर्तन उन्हें कैसे प्रभावित कर रहा है। साथ ही वे उनकी लागत पर पड़ रहे बोझ को कम करने के उपाय भी सुझाएं। वित्त मंत्री ने कहा कि उद्योग को जलवायु परिवर्तन के नाम पर कुछ देशों द्वारा खड़ी की जाने वाले शुल्क की दीवारों के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। आगामी बजट पर उन्होंने कहा कि यह अगले 25 साल के लिए भारत को तैयार करने के पिछले कुछ बजट की भावनाओं के अनुरूप होगा।

### सीतारमण ने दिया संकेत, सार्वजनिक खर्च के जरिए वृद्धि को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा बजट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को संकेत दिया कि आगामी बजट सार्वजनिक खर्च के जरिए वृद्धि को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा। उन्होंने उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी बजट पिछले कुछ साल के बजट की भावनाओं के अनुरूप होगा। सीतारमण अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष के लिए आम बजट एक फरवरी को पेश करेंगी। यह उनका लगातार पांचवां बजट होगा। कोविड महामारी से उबर रही अर्थव्यवस्था के लिए उन्होंने एक बड़े सार्वजनिक खर्च कार्यक्रम की घोषणा की थी। बजट में वित्त मंत्री ने 2022-23 के लिए पूंजीगत व्यय को 35.4 प्रतिशत बढ़ाकर 7.5 लाख करोड़ रुपए कर दिया था। इससे पिछले साल यह 5.5 लाख करोड़ रुपए था। सीतारमण ने कहा, यह मुझे काफी प्रेरित करने वाला है, वह भी ऐसे समय जबकि हम अगला बजट तैयार कर रहे हैं। यह भारत को अगले साल के दौरान आगे ले जाने की पिछले कुछ बजट की भावनाओं के अनुरूप होगा। आम बजट 2023-24 ऐसे समय पेश किया जाना है जबकि कई संस्थानों ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को घटाया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 2022-23 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। अगले वित्त वर्ष के बजट में महंगाई, मांग बढ़ाने, रोजगार सृजन और देश की अर्थव्यवस्था को सतत आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की राह पर ले जाने के उपायों पर ध्यान देने की जरूरत होगी।

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित करने के लिए नोटिस कि मेरे मुवक्किल श्री तारकेश्वर प्रसाद, पुत्र स्वर्गीय नागेश्वर प्रसाद, एवं श्रीमती उर्मिला प्रसाद, पत्नी श्री तारकेश्वर प्रसाद, दोनों निवासी मकान नंबर 2127-, ब्लॉक - ए, पालम विहार, गुरुग्राम - 122017, ने अपनी बहू अर्थात् श्रीमती टी. तोंसिंग प्रसाद, और पोते-पोति अर्थात् श्री रोहन मालस्वाम प्रसाद और सुश्री दीया प्रसाद के साथ उनके निरंतर बुरे और नीच व्यवहार के कारण सभी रिश्ते तोड़ दिए हैं। मेरे मुवक्किल उन्हें तत्काल प्रभाव से उनकी सभी चल और अचल संपत्तियों से प्रतिबंधित/अस्वीकृत कर देते हैं। यदि कोई व्यक्ति उनके साथ मेरे मुवक्किल से संबंधित व्यवहार रखता है, तो वे ऐसा अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर होगा।

(SHARIQUE HUSSAIN)
ADVOCATE

LOST OF DOCUMENTS

It has been informed that original documents (DDA Allotment letter & Possession paper) of my house are missing. Asha Parashar W/O Om Parkash Parashar, Add- AD-61 A Shalimar Bagh New Delhi-110088. If anyone found the documents please contact to this below mobile number. 9958688488, 9654198900, 8376955457

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि सिरसेन्दु चटर्जी/पल्लबी चटर्जी (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीजीयूआर00003914354 तथा पता फ्लैट नंबर 008, दि सेरेनास, टावर-1, सेक्टर-36, गुरूग्राम के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।
बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 15 दिसम्बर, 2022 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि सिग्नेचर ग्लोबल ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।
कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।
दिनांकित : 17 दिसम्बर, 2022 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./-

# आप आतंकियों के पक्ष में हैं या देशभक्तों के: बोम्मई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शुक्रवार को कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्षों- सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी से सवाल किया कि वे आतंकवादियों के पक्ष में हैं या देशभक्तों के पक्ष में। मुख्यमंत्री प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार के उस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें यह संकेत किया गया था कि मंगलुरु प्रेशर कुकर विस्फोट भाजपा सरकार द्वारा मतदाता आंकड़ा सूची घोटाले से ध्यान बंटाने के लिए रचा गया खेल था। बोम्मई ने यहां संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस की नीति ऐसी रही है कि पहले भी उसने आतंकवादी घटनाओं को गंभीरता से नहीं लिया और उसने आतंकवादियों का समर्थन किया। उसने आतंकवादी को फांसी पर चढाए जाने की आलोचना की। यह चुनाव के लिए तुष्टिकरण रणनीति का हिस्सा है। उसे लगता है कि उसे ऐसे बयानों से अल्पसंख्यक वोट मिल जाएंगे और उसने इसी पुरानी तरकीब का उपयोग किया है। लेकिन लोग समझदार हैं , ऐसी चीजें अब काम नहीं करती हैं।

उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस, खरगे, सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि वे यह स्पष्ट करें कि वे शांति व्यवस्था भंग करने वाले आतंकवादियों के साथ हैं या इस देश की सेवा कर रहे देशभक्तों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी अगंभीर हरकतें और बयान देश एवं उसके पुलिस बलों को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा, जब सबूत के साथ आतंकवादियों को पकड़ा जाता है तब प्रक्रिया एवं जांच पर सवाल खड़ा करने से आतंकवादियों का मनोबल ऊंचा होगा। मंगलुरु के 19 नवंबर के विस्फोट की चर्चा करते हुए शिवकुमार ने बृहस्पतिवार को मीडिया से कहा था, किसने पुलिस महानिदेशक को बिना जांच किए यह घोषणा करने को कहा कि यह आतंकवादी हरकत थी। कौन आतंकवादी है? क्या यह मुंबई, दिल्ली, कश्मीर और पुलवामा जैसा आतंकवादी कृत्य था?

उनके इस बयान पर सत्तारूढ़ भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। वरिष्ठ भाजपा नेता बोम्मई ने कहा कि जो प्रेशर कुकर फटा था, उसमें बम बनाने के लिए विस्फोट के आरोपी मोहम्मद शरीक के पास जरूरी हर चीज थी और उस व्यक्ति की मंगलुरु में धमाका करने का मकसद भी था। उन्होंने कहा, उसने (शरीक ने) कई बार अपनी पहचान बदली थी। उसे पिछले मामलों में दो-तीन बार पकड़ा गया था। यह स्थापित हो गया था कि उसके आतंकवादियों के साथ संबंध थे, जिनमें कुछ आतंकवादी विदेश में हैं।

बोम्मई ने कहा कि कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के लिए यह कहना कि यह लीपापोती थी, उनके पद के अनुरूप शोभा नहीं देता है। उन्होंने कहा कि शिवकुमार ने जो यह दावा किया कि भाजपा ने मतदाता आंकड़ा चोरी घोटाले से ध्यान बंटाने के लिए मंगलुरु विस्फोट का उपयोग किया, उस संदर्भ में उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि यह कांग्रेस सरकार ही थी जिसने 2017 में गैरलाभकारी संगठन चिलूमे ट्रस्ट को इस संबंध में आर्डर दिया था। उन्होंने कहा , शिवकुमार को यह नहीं भूलना चाहिए।

बोम्मई ने कहा, कांग्रेस को अवैध मत तैयार करने की आदत है। हम इस बार यह स्पष्ट रूप से जान लेंगे कि किस निर्वाचन क्षेत्र में कितने बाहरी हैं। यह ऐसा इसलिए हो पाएगा क्योंकि चुनाव आयोग दोहरे और तिहरे मतों की पहचान के लिए नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रहा है। पिछले महीने कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि बेंगलुरु नगर निकाय की ओर से मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाने का जिम्मा पाने वाले चिलूमे ट्रस्ट ने मतदाताओं के विवरण जैसे नाम, मातृभाषा, लिंग, धर्म, जाति, मतदाता पहचान पत्र संख्या और आधार संख्या जुटाई। बेंगलुरु पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और उसने मुख्य आरोपी चिलूमे ट्रस्ट के सह संस्थापक कृष्णप्पा रविकुमार को गिरफ्तार किया है।

## श्रीनगर की जामा मस्जिद के अंदर फोटो लेने तथा पुरूषों एवं महिलाओं के साथ बैठने पर रोक

**श्रीनगर।** श्रीनगर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद के प्रबंधन ने मस्जिद के अंदर फोटो लेने पर रोक लगा दी है। साथ ही पुरूष एवं महिलाओं के लॉन में साथ बैठने को प्रतिबंधित किया गया है। मस्जिद परिसर के चारों ओर लगाई गई अधिसूचना में अंजुमन औकफ सेंट्रल जामा मस्जिद ने कहा कि अंदर फोटोग्राफी उपकरण ले जाने की भी मनाही है। उसने कहा, छायाकारों या कैमराकर्मियों पर मस्जिद के अंदर किसी प्रकार के फोटो लेने पर रोक है। किसी प्रकार का फोटो लेने के उपयोग में आने वाले उपकरणों को अंदर ले जाने की बिल्कुल इजाजत नहीं है और ऐसे उपकरणों को गेट पर रोक दिया जाए। अधिसूचना में कहा, किसी को मस्जिद के अंदर भोजन या कोई अन्य खाद्य पदार्थ खाने की अनुमति नहीं है। ऐसे आंगुतकों को द्वार पर ही रोक दिया जाए। चौदहवीं सदी की इस मस्जिद के प्रबंधन ने अपने सुरक्षाकर्मियों को उसके निर्देशों को तत्काल लागू करने का निर्देश दिया है।




तिरूवंतपुरम में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन एनएच-66 रोड का उद्घाटन करते हुए।

## तमिलनाडु की आपत्ति के बाद पेरिस के नीलामी घर ने नटराज की मूर्ति की नीलामी रोकी

**चेन्नई।** पेरिस के नीलामी घर क्रिस्टी डॉट कॉम ने 1972 में तमिलनाडु के कोविलपट्टी से चुराई गई भगवान नटराज की 500 साल पुरानी मूर्ति की नीलामी राज्य पुलिस के आपत्ति जताने के बाद रोक दी है। क्रिस्टीज ने हाल ही में तुत्तुक्कुडि जिले में कोविलपट्टी के कायथर स्थित प्राचीन श्री कोठंडा रामेश्वर मंदिर से संबंधित नटराज की मूर्ति को शुक्रवार को दो से तीन लाख यूरो में नीलाम करने को लेकर अपनी वेबसाइट पर एक नोटिस जारी किया था। तमिलनाडु मूर्ति शाखा के डीजीपी के. जयंत मुरली की नजर इस नोटिस पर पड़ी और उन्होंने सांस्कृतिक ठगी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मुहिम चला रहे ऐन्टिक्वटीज कोलिजन और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को टैग करते हुए 13 दिसंबर को ट्वीट किया, फ्रांस। नीलामी रोकिए। इसे हमें वापस कीजिए। यह भारत में तमिलनाडु के शिव मंदिर श्री कोठंडारामेश्वर से चुराई गई मूर्ति है। हमारे पास सबूत हैं। मूर्ति शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि डीजीपी ने राज्य एवं केंद्र सरकारों के जरिए दस्तावेजी साक्ष्य भिजवाए। अंतत: क्रिस्टीज डॉट कॉम को पता चल गया कि जिस मूर्ति की नीलामी की जानी थी, वह तमिलनाडु से चुराई गई है और उसने नोटिस वापस ले लिय। अपराध जांच शाखा की मूर्ति शाखा के अनुसार, यह कांस्य मूर्ति विजयनगर साम्राज्य काल के दौरान15वीं-16वीं शताब्दी की है।

# वरिष्ठ पदों पर अधिक महिलाओं के होने से समावेशी विकास का भारत का संकल्प और मजबूत होगा: मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि वरिष्ठ पदों और नेतृत्व की भूमिकाओं में अधिक महिलाओं के होने से समावेशी विकास के लिए भारत का संकल्प और मजबूत होगा। राष्ट्रपति मुर्मु ने यह बात भारतीय सांख्यिकी सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। इन परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का अनुपालन करने के लिए कहा। राष्ट्रपति ने कहा, भारत को अधिक प्रगति और विकास की ओर ले जाने में आपका योगदान काफी बड़ा होने वाला है। आप जो सूचनाएं और आंकड़ों का विश्लेषण प्रदान करते हैं, वे नीतियां बनाने व उन्हें लागू करने में सहायक होंगे, जो यह सुनिश्चित करेगा कि विकास की यात्रा में कोई भी पीछे न रह जाए। मुर्मू ने कहा कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि समारोह में उपस्थित अधिकारियों में महिला अधिकारियों की संख्या 40 प्रतिशत से अधिक है।



राष्ट्रपति ने कहा, वरिष्ठ पदों और नेतृत्व की भूमिकाओं में अधिक महिलाओं के होने से निश्चित रूप से समावेशी विकास के लिए भारत का संकल्प मजबूत होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के एक नए चरण की दहलीज पर है। डिजिटल प्रौद्योगिकी की बढ़ती पैठ सरकारी कामकाज में पारदर्शिता व दक्षता लाई है और ई-सरकार परिदृश्य को रूपांतरित कर दिया है। इन पहलों के माध्यम से आंकड़ों की उपलब्धता सरकार को प्रभावी निर्णय लेने में सहायता प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि सही सांख्यिकीय विश्लेषण के बिना नीति निर्माण और क्रियान्वयन प्रभावी नहीं हो सकता।

मुर्मू ने कहा, अंतहीन सूचना और आंकड़ों के प्रवाह के इस युग में सांख्यिकी की भूमिका व महत्व में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। जब हम किसी मानक के संबंध में भारत के स्थान के बारे में बात करते हैं, तो वे आंकड़े होते हैं। जब हम कहते हैं कि भारत युवाओं का देश है या इसका जनसांख्यिकी लाभ अधिक है, तो यह बात सांख्यिकी के आधार पर ही कही जाती है। सरकारी और गैर- सरकारी संस्थाओं के उपयोग के लिए केंद्रीय स्तर पर आधिकारिक आंकड़ों के संकलन में भारतीय सांख्यिकी सेवा के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उनके कार्य में सांख्यिकीय विधियों में उच्च दक्षता की जरूरत होती है, जिसका उपयोग वे देश को आंकड़ों और सूचना संबंधी आवश्यकताओं के समाधान प्रदान करने के लिए करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि उनके प्रशिक्षण में विभिन्न मॉड्यूल जैसे कि डेटा माइनिंग, बिग डेटा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के हालिया अभिनव सहित विस्तृत क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

# भविष्य में भाजपा को हराकर दिखाएगी कांग्रेस: राहुल गांधी

**जयपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि किसी को कांग्रेस को कमतर नहीं आंकना चाहिए क्योंकि विचारधारा पर आधारित और उसपर चलने वाली यही एकमात्र पार्टी है जो भाजपा को हरा सकती है। साथ ही उन्होंने भाजपा पर फासीवादी पार्टी होने का आरोप लगाया। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा-आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) का काम बदनाम करना है। यही इनकी सबसे बड़ी रणनीति है, यही इनका सबसे बड़ा कौशल है ...मुझे बदनाम किया और हर रोज ए कांग्रेस पार्टी को बदनाम करते हैं।

उन्होंने कहा, मगर यह कहना कि कांग्रेस पार्टी बिखर गई है, कांग्रेस पार्टी खत्म हो गई है.... यह बिलकुल गलत है। कांग्रेस पार्टी एक विचारधारा है, देश में बहुत जीवंत है, लाखों-करोड़ों लोगों के दिल में है और यही पार्टी है जो भाजपा के खिलाफ लड़ रही है। जो पीछे नहीं हटती है और विचारधारा के साथ लड़ रही है। उन्होंने कहा, ... और यही पार्टी आने वाले समय में भाजपा को हराकर दिखाएगी।

कई नेताओं के पार्टी छोड़कर जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ऐसे लोगों की जरूरत नहीं है जो भाजपा से नहीं लड़ सकते और दबाव के आगे झुक जाते हैं। गांधी ने कहा कि किसी को भी कांग्रेस को कम नहीं आंकना चाहिए। पार्टी के लाखों-करोड़ों कार्यकर्ता इसकी ताकत हैं और "अगर हम अपने कार्यकर्ताओं का अच्छी तरह से उपयोग करते हैं, तो हम राजस्थान में भी अगले चुनावों में कांग्रेस की भारी जीत सुनिश्चित करने में सक्षम होंगे। गौरतलब है कि अगले साल राजस्थान सहित देश के कई अन्य राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## आसनसोल भगदड़ : पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया

**कोलकाता।** पश्चिम बर्धमान जिले के आसनसोल में एक धार्मिक आयोजन के दौरान मची भगदड़ में संलिप्तता के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को पांच लोगों को गिरफ्तार किया। घटना में तीन लोग मारे गए थे। आसनसोल नगर पुलिस बृहस्पतिवार रात से छापे मार रही है और उसने बुधवार शाम हुई घटना में संलिप्तता के आरोप में विभिन्न जगहों से पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने कहा, हमने भगदड़ की घटना के सिलसिले में विभिन्न जगहों से पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या भगदड़ की यह घटना सुनियोजित थी या धार्मिक कार्यक्रम के आयोजकों की लापरवाही के कारण घटना हुई। गिरफ्तार पांचों लोग स्थानीय भाजपा नेता जितेंद्र तिवारी के सहयोगी हैं। पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के आसनसोल में बुधवार को कंबल वितरण कार्यक्रम में भगदड़ मच गई जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।




मुंबई में जी-20 की ज्वाइंट सेक्रेटरी, नागाराज नायडू काकानूर और डीजी पीआईबी मोनीदीपा मुखर्जी प्रेस कार्फ्रेंस करते हुए।

## क्या सरकार न्यायपालिका के साथ टकराव की जमीन तैयार करने का प्रयास कर रही है: कांग्रेस सांसद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कानून मंत्री किरेन रीजीजू के एक बयान का हवाला देते हुए शुक्रवार को लोकसभा में सवाल किया कि क्या सरकार न्यायपालिका के साथ टकराव की जमीन तैयार करने का प्रयास कर रही है। तिवारी ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान दावा किया, कानून मंत्री ने हाल ही में बयान दिया कि उच्चतम न्यायालय को दुर्भावनापूर्ण जनहित यात्रिकाओं और जमानत आवेदनों पर सुनवाई नहीं करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कह दिया कि उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश बहुत अधिक छुट्टियां लेते हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या सरकार न्यायपालिका के साथ टकराव की जमीन तैयार करने का प्रयास कर रही है। कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने पिछले दिनों उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति की व्यवस्था पर प्रहार करते हुए कहा था कि कॉलेजियम प्रणाली संविधान के प्रति सर्वथा अपिरचित शब्दावली है।

# लोकसभा में स्मृति ईरानी के सांसद को जेंटलमैन संबोधित करने पर अधीर रंजन ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।** लोकसभा में शुक्रवार को कुछ देर के लिए हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने एक सांसद को सदन में आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले संबोधन माननीय सदस्य के स्थान पर जेंटलमैन कहा। कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी ने ईरानी द्वारा उक्त सांसद को जेंटलमैन कहे जाने का विरोध किया। कांग्रेस के कुछ सदस्यों को उनका समर्थन करते देखा गया। दरअसल, बीजू जनता दल के सांसद चंद्रशेखर साहू प्रश्नकाल के दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से संबंधित पूरक प्रश्न पूछ रहे थे और इसका जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने उन्हें जेंटलमैन कहकर संबोधित किया। इस पर आपत्ति व्यक्त करते हुए कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि उक्त सांसद इस सदन के सदस्य हैं और इस तरह से जेंटलमैन कहना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि मंत्री को माननीय सदस्य कहना चाहिए।

इस मुद्दे पर बार-बार टोकाटोकी करने पर स्मृति ईरानी ने कहा कि ऐसा लगता है कि वह (अधीर रंजन) अपने राजनीतिक आकाओं को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं और सदन में हंगामा करके शाबाशी लेना चाहते हैं। मंत्री ने कहा, मैं इन जेंटलमैन (अधीर रंजन) को कहना चाहती हूं कि उन्हें जान लेना चाहिए कि उनकी बात उनके आकाओं तक पहुंच गई है। इस दौरान निचले सदन में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी मौजूद थीं। जब बीजू जनता दल के सांसद साहू ने दूसरा पूरक प्रश्न पूछा तब उन्होंने स्मृति ईरानी को माननीय मैडम भी कहकर संबोधित किया। इसके बाद साहू के प्रश्न का उत्तर देते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि माननीय जेंटलमैन ने उन्हें सम्मानपूर्वक मैडम कहकर संबोधित किया है, इसके लिए वह उनकी आभारी हैं। इस पर अधीर रंजन चौधरी ने ईरानी द्वारा सदस्य को पुन: जेंटलमैन कहे जाने पर फिर आपत्ति व्यक्त की और कुछ सदस्यों ने उनका समर्थन किया।

वहीं, ईरानी ने कहा कि उन्हें सदस्य (बीजद सांसद) द्वारा सम्मान प्रदर्शित किए जाने के कारण राजनीतिक तौर पर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक जेंटलमैन (अधीर रंजन) द्वारा इस प्रकार से सदन में खड़े होकर एक महिला को परेशान करना उपयुक्त नहीं है, और वह भी तब जब संसद में स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्ति की पैरोकारी की जाती है। इससे पहले भी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को सदन में ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा था। इसी वर्ष अप्रैल में लोकसभा में स्मृति ईरानी द्वारा एक महिला सांसद को लेडी मेंबर संबोधित करने पर कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी तथा तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय ने आपत्ति व्यक्त की थी। तब प्रश्नकाल के दौरान वाईएसआरसीपी सदस्य गीता विश्वनाथ के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए ईरानी ने उन्हें लेडी मेंबर (महिला सदस्य) संबोधित किया था।

# अर्थव्यवस्था पर रघुराम राजन के विचार जल्द बदलेंगे: शेखावत

**भाषा।** नई दिल्ली

**जल शक्ति मंत्री** गजेंद्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को कहा कि रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन को भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि संभावना के बारे में अपने विचार जल्द ही बदलने पड़ेंगे। राजन ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में शिरकत करने के बाद कहा था कि अगले साल अगर भारत की वृद्धि दर पांच प्रतिशत भी रहती है तो वह भाग्यशाली होगा। उन्होंने कहा था कि दुनियाभर में प्रतिकूल आर्थिक गतिविधियां होने से अगला साल भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मुश्किल साबित होगा।

इस बारे में पूछे जाने पर शेखावत ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में इस तरह के निराशावादी नजरिए की वजह खुद राजन ही बता सकते हैं। आरबीआई से लेकर विश्व बैंक तक तमाम बड़े संस्थान अगले साल भारत की वृद्धि दर सात से आठ प्रतिशत रहने का अनुमान जता रहे हैं। लेकिन अगर कोई व्यक्ति अलग राय रखता है तो अपने आकलन का आधार सिर्फ वही बता सकता है। यह उनकी निजी राय हो सकती है। इस मौके पर शेखावत ने कहा कि राजन ने एक समय मुद्रा योजना की वजह से फंसे कर्जों की संख्या में भारी वृद्धि की आशंका भी जताई थी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आज के समय में राजन को मुद्रा योजना के बारे में अपने विचार पर दोबारा गौर करना चाहिए। इसी तरह वह अगले तीन-चार साल में भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर अपने विचार भी बदलेंगे।

इसके साथ ही उन्होंने विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार की तरफ से उठाए गए कदमों एवं नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि नवंबर में कुल निर्यात 10.97 प्रतिशत बढ़कर 58.22 अरब डॉलर हो गया। चीन के साथ व्यापार घाटे में हो रही बढ़ोतरी के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, देश चीन से कच्चे माल एवं कलपुर्जों का आयात कर रहा है और उसकी मदद से दूसरे देशों को तैयार माल का निर्यात कर रहा है। व्यापार घाटे को सिर्फ चीन के संदर्भ में नहीं बल्कि कुल आयात-निर्यात के रूप में देखा जाना चाहिए।

## अमित शाह कोलकाता में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह कोलकाता में शनिवार को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे जिसमें सुरक्षा, अंतरराज्यीय व्यापार, भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी और कनेक्टिविटी के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद के तहत पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा राज्य शामिल हैं। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि इस बैठक में केंद्र सरकार के अधिकारियों के अलावा सदस्य राज्यों के मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। बिजली समेत आम जनता के हित से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा किए जाने की संभावना है। स्थापित प्रक्रिया और परंपरा के मुताबिक क्षेत्रीय परिषद की बैठक से पहले परिषद की स्थाई समिति की बैठक होगी, जिसमें परिषद के समक्ष रखे जाने वाले एजेंडे के विषयों का परीक्षण कर उन्हें प्राथमिकता क्रम में सूचीबद्ध किया जाएगा। मोदी सरकार अपनी रणनीति के तहत क्षेत्रीय परिषद की बैठकों को नियमित आधार पर आयोजित करती रही है ताकि देश में सहकारी और प्रतिस्पर्धी संघवाद को बढ़ावा दिया जा सके। पिछले आठ सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देखरेख में क्षेत्रीय परिषदों और इसकी स्थाई समितियों की बैठकें तीन गुना बढ़ गई हैं। देश में कुल पांच क्षेत्रीय परिषद हैं जिन्हें राज्य पुनर्गठन अधिनियम-1956 की धारा 15-22 के तहत वर्ष 1957 में स्थापित किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्री सभी पांच क्षेत्रीय परिषदों के अध्यक्ष होते हैं जबकि मेजबान राज्य का मुख्यमंत्री उपाध्यक्ष होता है।

# रास में सभापति के व्यवस्था देने के बावजूद मुझे मुद्दा नही उठाने दिया: खरगे

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को इस बात पर कड़ा विरोध दर्ज कराया कि सभापति जगदीप धनखड़ की इस व्यवस्था के बावजूद उन्हें दो दिन पहले एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने नहीं दिया गया कि वह और कुछ अन्य वरिष्ठ सदस्य सदन में कभी भी अपनी बात रख सकते हैं। सदन की बैठक शुरू होने पर खरगे ने कहा कि उन्हें एक स्पष्टीकरण देना जरूरी है क्योंकि पिछले दिनों वह चीनी अतिक्रमण का मुद्दा उठाना चाह रहे थे और उच्च सदन के कई सदस्य भी इस पर चर्चा चाहते हैं। उन्होंने कहा, हमारी सेना बहादुरी के साथ स्थिति का मुकाबला कर रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा यह बेहद गंभीर मुद्दा है और पूरे देश व दुनिया की निगाहें इस पर लगी है।

खरगे ने कहा कि विपक्ष का नेता होने के नाते इस मुद्दे पर सांसदों की भावनाओं के साथ खड़ा होना और तत्काल कदम उठाने की मांग करना, उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, इसी कारण 14 दिसंबर 2022 को मैंने सदन में इस मसले पर हस्तक्षेप किया। आसन पर उपसभापति थे। आपने कहा कि मैं इस मामले को इसलिए नहीं उठा सकता क्योंकि इस बारे में मैंने कोई नोटिस नहीं दिया है। मीडिया के एक हिस्से में यह बात इस तरह पेश की गई कि जैसे मुझे नोटिस ना देने के कारण टोका गया। यह हकीकत से दूर है। इससे मुझे तकलीफ भी पहुंची है।

विपक्ष के नेता ने नौ दिसंबर 2022 को सभापति (जगदीप धनखड़) की ओर से सदन में की गई एक टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने कहा था कि यदि सदन के नेता, विपक्ष के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह एवं एच डी देवेगौड़ा बोलने के लिए खड़े होते हैं तो वह नियम पुस्तिका नहीं देखेंगे। खरगे ने कहा, मैंने सभापति की इस बात को एक वायदे के रूप में ग्रहण किया और महसूस किया कि ए पूरे सदन के लिए निर्देश है। इसलिए मैंने इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहा था। लेकिन मुझे अनुमति नहीं मिली।

उन्होंने उपसभापति से पूछा कि सभापति ने जो कहा था, उसके अनुरूप उन्हें उस दिन क्यों नहीं बोलने दिया गया? उन्होंने कहा, यह तो देश से जुड़ा हुआ मामला है। देश की रक्षा के लिए और सारे सदन के सदस्यों की भावना को देखते हुए मैं खड़ा हुआ था। इस पर उपसभापति हरिवंश ने कहा कि विपक्ष के नेता का सम्मान करते हुए और उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे को देखकर वह बाद में प्रतिक्रिया देंगे। उन्होंने कहा, जहां तक नोटिस की बात है, तो मैंने विपक्ष के नेता को वह नोटिस पूरा पढ़ने का मौका दिया, जो आसन की ओर से चर्चा के लिए स्वीकृत नहीं था... आप जब भी खड़े हुए, आपको मौका दिया है। आपके प्रति पूरा सम्मान है।

हरिवंश ने यह भी कहा कि वह रिकॉर्ड देखेंगे और सदन को सूचित करेंगे। उन्होंने कहा कि सदन के नेता, विपक्ष के नेता और पूर्व प्रधानमंत्रियों के प्रति सभापति की भावना को ध्यान में रखते हुए वह खरगे को हमेशा मौका देते हैं। उन्होंने कहा मेरा आपसे यह अनुरोध है कि आपको रिकॉर्ड देखना चाहिए कि मैंने आपको वह नोटिस पढ़ने का मौका दिया जिसे चर्चा के लिए स्वीकार नहीं किया गया था।

उपसभापति ने कहा कि उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के तवांग में हुई घटना पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान पर स्पष्टीकरण पूछने की अनुमति, ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर पूर्व की व्यवस्था के आधार पर नहीं दी। उन्होंने कहा मैंने राज्यसभा के पहले घटनाक्रमों का हवाला दिया जब ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा नहीं की गई थी। उन्होंने कहा कि वह तारीखवार ब्यौरा देंगे। उन्होंने खरगे से कहा जब भी आप अपनी बात कहने के लिए खड़े हुए, आपको अनुमति दी जाती है। आसन की ओर से आपको पूरा सम्मान दिया जाता है। राज्यसभा की वेबसाइट के वाद-विवाद संवर्ग (डिबेट सेक्शन) के असंशोधित वाद-विवाद खंड के अनुसार, खरगे ने 14 दिसंबर को कहा था कि उनकी पार्टी ने उस दिन और उससे पहले वाले दिन अरुणाचल प्रदेश के तवांग में चीनी सैनिकों के अतिक्रमण का मुद्दा उठाने और उस पर चर्चा के लिए नोटिस दिया था।

# गिल और पुजारा के शतक, भारत दहाड़ा

## ● भारत ने बांग्लादेश को दिया 513 रन का लक्ष्य

**भाषा।** चटगांव



**प्रतिभाशाली** सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (110 रन) के पहले टेस्ट शतक और अनुभवी चेतेश्वर पुजारा (नाबाद 102 रन) के 19वें शतक की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन बांग्लादेश को जीत के लिए 513 रन का लक्ष्य दिया जिसने स्टंप तक बिना विकेट गंवाए 42 रन बना लिए। कुलदीप यादव के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (40 रन देकर पांच विकेट) से बांग्लादेश की टीम सुबह पहली पारी में 55.5 ओवर में 150 रन पर आउट हो गई थी। भारतीय कप्तान केएल राहुल ने हालांकि 254 रन की बढ़त के बावजूद फॉलोऑन नहीं देने का फैसला किया। स्टंप तक नजमुल हुसैन शांटो 25 और जाकिर हुसैन 17 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। टीम अब भी 471 रन से पीछे है। भारतीय गेंदबाजी को देखते हुए बांग्लादेश के बल्लेबाजों के लिए दो दिन में इसे हासिल करना असंभव है। गिल (10 चौके, तीन छक्के) और पुजारा ने बांग्लादेश के खिलाफ आसानी से रन जुटाए जिसमें उनके मुख्य तेज गेंदबाज इबादत हुसैन मौजूद नहीं थे जो पीठ की चोट के कारण बाहर हो गए। पुजारा ने भी अपना सबसे तेज टेस्ट सैकड़ा जमाया और पिछले चार साल के शतक के सूखे को समाप्त किया। इसके तुरंत बाद ही कप्तान राहुल ने दूसरी पारी दो विकेट पर 258 रन पर घोषित कर दी। गिल अपनी पारी के दौरान दो बार पगबाधा फैसलों से बचे, हालांकि उन्होंने इन मौकों का फायदा उठाया और शानदार शॉट लगाए। इससे भारत ने चाय तक अपनी पकड़ मजबूत कर एक विकेट पर 140 रन बनाए थे।गिल अंतिम सत्र में मेहदी हसन मिराज की गेंद को उंचा खेलने के प्रयास में आउट हुए। गिल और पुजारा के बीच दूसरे विकेट के लिए 113 रन की भागीदारी भी समाप्त हो गई। गिल की आक्रामक बल्लेबाजी से पुजारा को भी क्रीज पर टिकने के लिए समय मिल गया और फिर उन्होंने 13 चौकों की मदद से अपना शतक पूरा किया। उन्होंने और विराट कोहली (नाबाद 19 रन) ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 75 रन जोड़े। भारत ने लंच के बाद सत्र में एकमात्र विकेट कप्तान के एल राहुल (23 रन) के रूप में गंवाया जिन्होंने अपनी सतर्कता से बल्लेबाजी करने का रवैया कायम रखा। गिल ने अपनी पारी के दौरान बाउंड्री लगाने के लिए हर तरह के शॉट खेले जिसमें कट, स्लॉग स्वीप, पुल और फ्लिक शॉट शामिल थे। राहुल और गिल के बीच पहले विकेट के लिए 70 रन की भागीदारी का अंत खालिद अहमद ने किया। राहुल उनकी शॉर्ट गेंद को पुल करने के प्रयास में फाइन लेग बाउंड्री पर खड़े तैजुल इस्लाम को कैच देकर पवेलियन पहुंचे। इस विकेट का गिल की लय पर कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने लंच के बाद भी अपना आक्रामक खेल जारी रखा। गिल ने 26वें ओवर में ऑफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज की गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। अगले ही ओवर में गिल ने खालिद की शॉर्ट गेंद को स्क्वायर लेग बाउंड्री में भेजकर भारत की पारी का पहला छक्का जड़ा। गिल जहां अपने शॉट खेल रहे थे, वहीं पुजारा दूसरे छोर पर शांति से मजबूती से डटे रहे। राहुल और गिल ने पारी की शुरूआत में सतर्कता भरा रवैया जारी रखा जिससे लंच तक भारत ने बिना किसी नुकसान के 36 रन बना लिए थे। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने दूसरे ही ओवर में स्पिनर तैजुल इस्लाम को गेंद सौंपी चूंकि तेज गेंदबाज इबादत हुसैन की कमर में दर्द था। गिल विवादित डीआरएस फैसले पर पगबाधा आउट होने से बचे। इससे पहले भारत के 404 रन के जवाब में बांग्लादेश की टीम कुलदीप के पांच विकेट झटकने से पहली पारी में 55.5 ओवर में 150 रन पर आउट हो गई थी। कुलदीप ने अपने कैरियर में तीसरी बार पारी के पांच विकेट लिए। पिछले 22 महीने में पहला टेस्ट खेल रहे कुलदीप ने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 40 रन देकर पांच विकेट झटके। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने 13 ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट लिए।

### स्कोरबोर्ड

**भारत दूसरी पारी :** राहुल का तैजुल इस्लाम बो खालिद अहमद 23, गिल का सब बो मेहदी हसन मिराज 110, पुजारा नाबाद 102,कोहली नाबाद 19,**अतिरिक्त** : 4,**कुल योग** : 61.4 ओवर में 258 रन पर दो विकेट पर पारी घोषित,**विकेट पतन** : 1-70, 2-183,**गेंदबाजी** : अहमद 13-0-51-1, इस्लाम 23.4-3-71-0,मिराज 14-1-82-1,अली 6-0-28-0, दास 2-0-13-0, शांटो 3-0-12-0

**बांग्लादेश दूसरी पारी** : शांटो नाबाद 25,हसन नाबाद 17,**अतिरिक्त** : 00,**कुल योग** : 12 ओवर में बिना विकेट गंवाए 42 रन,**गेंदबाजी** : सिराज 3-0-11-0,यादव 1-1-0-0, अश्विन 5-1-23-0,पटेल 2-0-4-0,यादव 1-0-4-0

# कभी नहीं लगा कि मैंने लगभग दो साल तक टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला: कुलदीप



**भाषा।** चटगांव

**शुरू में** वह थोड़ा नर्वस थे लेकिन जब कुलदीप यादव ने गेंद पर ग्रिप बना दी तो फिर उन्हें किसी भी समय ऐसा नहीं लगा कि उन्होंने लगभग दो साल तक टेस्ट क्रिकेट नहीं खेली। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में भारत का दबदबा बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 40 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 150 रन पर आउट हो गई। भारत ने बांग्लादेश के सामने 513 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा है और कुलदीप को विश्वास है कि वह रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल के साथ मिलकर टीम को दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त दिलाने में सफल रहेंगे। कुलदीप ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद पत्रकारों से कहा, कहने के लिए तो दो साल (22 महीने) हैं पर मुझे कभी महसूस नहीं हुआ। कुलदीप ने यूएई में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग 2021 के दूसरे चरण से ठीक पहले घुटने का ऑपरेशन करवाया था जिसके कारण वह लंबे समय तक खेल से बाहर रहे। उन्होंने कहा, अगर मैं चोट से उबरने के बाद क्रिकेट नहीं खेलता तो फिर मुझे संघर्ष करना पड़ता। लेकिन पिछले एक साल में मैं लगातार सीमित ओवरों क्रिकेट खेल रहा हूं और मैंने न्यूजीलैंड (ए श्रृंखला) के खिलाफ लाल गेंद से भी क्रिकेट खेली। कुलदीप ने कहा, उस श्रृंखला में मैंने लंबे स्पेल किए थे। अगर आप राष्ट्रीय टीम के साथ हैं तो फिर दबाव महसूस नहीं करते। मेरी गेंदबाजी शैली के कारण मुझे एक प्रारूप से दूसरे प्रारूप में तालमेल बिठाने में परेशानी नहीं होती। यह अलग बात है कि जब आप टेस्ट मैचों में गेंदबाजी करते हैं तो आप हो नियंत्रण बनाए रखने की जरूरत होती है। आपको विकेट हासिल करने के लिए मेहनत करनी पड़ती है क्योंकि बल्लेबाज के पास क्रीज पर पांव जमाने और आपको परखने के लिए काफी समय होता है।

### गिल ने पहले टेस्ट शतक के बारे में कहा, लंबा समय लगा

**चटगांव।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के लिए पहला टेस्ट शतक जड़ना विशेष अहसास था लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि इसके लिए लंबा समय (12 टेस्ट) लगा। गिल ने शुक्रवार को बांग्लादेश के खिलाफ शुरूआती टेसट में भारत की दूसरी पारी मे 152 गेंद मे 110 रन बनाकर अपना पहला टेस्ट शतक जमाया। अपना 12वां टेस्ट खेल रहे गिल और चेतेश्वर पुजारा (नाबाद 102 रन) के शतको की बदौलत भारत ने दूसरी पारी दो विकेट पर 258 रन पर घोषित कर बांग्लादेश को जीत के लिए 513 रन का लक्ष्य दिया। गिल ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद प्रसारक सोनी लिव से कहा, मुझे खुद लगा कि पहला टेस्ट शतक आने में लंबा समय लगा। यह शतक मेरे, मेरे परिवार और मेरे दोस्तो के लिए काफी मायने रखता है जिन्होंने मेरा समर्थन किया। किसी भी खिलाड़ी के लिए यह विशेष क्षण है - पहले टेस्ट शतक तक पहुंचना मेरे लिए खास है। गिल ने अपनी पारी के दौरान 10 चौके और तीन छक्के जमाए।

### पैरा पावरलिफ्टिंग : भारत को दूसरे दिन आठ पदक

**दुबई।** भारतीय पैरा पावरलिफ्टर्स ने 12वीं पैरा पावरलिफ्टिंग विश्वकप में शुक्रवार को यहां चार रजत पदक सहित कुल आठ पदक जीते। मनप्रीत कौर ने महिलाओं के 45 किग्रा भार वर्ग मे रजत और कांस्य पदक हासिल किया जबकि जेनब खातून ने महिलाओं के 61 किग्रा मे कांस्य पदक जीता। महिलाओं के 55 किग्रा भार वर्ग मे राजकुमारी ने रजत और कांस्य पदक जीते जबकि सकीना खातून ने महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग मे कांस्य पदक हासिल किया। बाशा ने बाद में लीजेंड वर्ग में 135 किग्रा भार उठाकर दो रजत पदक अपने नाम किए।

### भूटान के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम सैफ अंडर-20 महिला चैम्पियनशिप में ढाका मे अपने अभियान की शुरूआत तीन फरवरी को भूटान के खिलाफ करेगी। टूर्नामेंट तीन से नौ फरवरी तक बांग्लादेश की राजधानी में आयोजित किया जाएगा। राउंड रॉबिन प्रारूप मे भूटान से भिड़ने के बाद भारतीय टीम की भिड़ंत पांच फरवरी को मेजबान बांग्लादेश से होगी जिसके बाद सात फरवरी को टीम नेपाल के सामने होगी। राउंड रॉबिन चरण के बाद शीर्ष दो टीमे फाइनल मे एक दूसरे से भिड़ेंगी जो नौ फरवरी को खेला जाएगा। भारत का कार्यक्रम इस प्रकार है : तीन फरवरी : भारत बनाम भूटान, पांच फरवरी : भारत बनाम बांग्लादेश, सात फरवरी : भारत बनाम नेपाल, नौ फरवरी : फाइनल।

### महिला नेशंस कप: भारत ने शूटआउट में आयरलैंड को हराया

**वेलेंसिया।** कप्तान और गोलकीपर सविता पूनिया के शानदार प्रदर्शन से भारत ने एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप मे शुक्रवार को यहां आयरलैंड को पेनल्टी शूटआउट मे 2-1 से हराकर फाइनल मे जगह बनाई जहां उसका सामना स्पेन से होगा। मैच मे नियमित समय तक दोनो टीम 1-1 से बराबरी पर थी। भारत की तरफ से उदिता ने 45वें मिनट मे बराबरी का गोल किया था। इससे पहले आयरलैंड को नाओमी कैरोल ने 13वें मिनट मे बढ़त दिलाई थी। शूटआउट मे भारत की तरफ से लालरेमसियामी और सोनिका ने गोल किए जबकि आयरलैंड की तरफ से हन्ना मैक्लॉघलिन ने गोल दागा।

### मुंबई सिटी ने बंगाल को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया

**कोलकाता।** लालेंगमाविया राल्ते के दो गोल की मदद से मुंबई सिटी एफसी ने शुक्रवार को यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल प्रतियोगिता मे ईस्ट बंगाल को 3-0 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। लालेंगमाविया (26वें, 59वें) ने दो गोल दागे जबकि ग्रेग स्टीवर्ट (50वें) ने एक गोल किया जिस से मुंबई सिटी आसान जीत दर्ज करने मे सफल रहा। इस जीत से मुंबई सिटी अंक तालिका मे शीर्ष पर पहुंच गया है। वह हैदराबाद एफसी से दो अंक आगे है। ईस्ट बंगाल के आठ मैचो मे नौ अंक है और वह आठवें स्थान पर बना हुआ है। मुंबई सिटी का अगला मुकाबला 25 दिसंबर को चेन्नईयन एफसी से जबकि ईस्ट बंगाल का 30 दिसंबर को बेंगलुरू एफसी से होगा।

# तीसरा स्थान हासिल करने के लिए जी जान लगाएंगे मोरक्को और क्रोएशिया

**भाषा।** दोहा



**किसी के लिए** यह अर्थहीन प्रदर्शनी मैच की तरह है तो किसी के लिए इतिहास रचने जैसा। विश्व कप फुटबॉल में तीसरे स्थान के लिए होने वाले मैच के लिए खुद को प्रेरित करना आसान नहीं है। मोरक्को और क्रोएशिया के बीच शनिवार को जब यहां तीसरे स्थान का मैच खेला जाएगा तो दोनों टीमें अपनी जी जान लगाने के लिए खुद को प्रेरित करेंगी क्योंकि उन्हें पता है कि अब ताज उनके सिर नहीं सजेगा। मोरक्को के कोच वालिद रेगरागुई ने कहा, आप बहुत निराश हैं। आपने अभी सेमीफाइनल मैच गंवाया है और फिर दो दिन बाद आपको मैच खेलना है। मोरक्को सेमीफाइनल में पहुंचकर पहले ही इतिहास रच चुका है। वह विश्वकप के अंतिम चार में जगह बनाने वाला पहला अफ्रीकी देश है। जहां तक क्रोएशिया की बात है तो वह पिछली बार का उपविजेता है। मैं समझता हूं कि चौथे स्थान पर रहने से बेहतर तीसरा स्थान हासिल करना है लेकिन मेरे कहने का मतलब है कि हमारी टीम फाइनल में नहीं जगह बना पाई। मोरक्को सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली अरब देशों की पहली टीम बनने के बाद फ्रांस से 2-0 से हार गई थी। जहां तक क्रोएशियाई टीम की बात है तो वह इस मैच को भी महत्वपूर्ण मानकर चल रही है। क्रोएशिया के फारवर्ड लेडी क्रामरिच इसे अपने देश के फुटबॉल नायकों में अमर बनने के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने कहा, हम में से आठ खिलाडि़यों को विश्वकप में पदक जीतने का अहसास है। हमारे कई खिलाड़ी ऐसे हैं जिनको ऐसा अनुभव नहीं है।

हम फिर से पदक हासिल करने को लेकर उत्साहित हैं क्योंकि यह अवसर ताउम्र आपके साथ बना रहेगा।

### खेल मंत्री और महान हॉकी खिलाड़ियों को विश्व कप में भारत के अच्छे प्रदर्शन का भरोसा

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें भारत के अगले महीने होने वाले एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप में पोडियम स्थान पर रहने का भरोसा है। विश्व कप अगले साल 13 से 29 जनवरी तक भुवनेश्वर और राउरकेला में खेला जाएगा। ठाकुर ने यहां विश्व कप ट्राफी का अनावरण करते हुए पत्रकारों से कहा, भारत पूरी तरह से तैयार है। वह अन्य सभी 15 टीमों की चुनौती से निपटने के लिए तैयार है। मुझे लगता है कि भारत एक बार फिर विश्व चैम्पियन बनने के लिए तैयार है। मुझे पूरा भरोसा है कि जिस तरह से भारतीय टीम तैयारी कर रही है और नई ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरी हुई है, हम विश्व कप में और पेरिस ओलंपिक में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारत ने पिछली बार विश्व कप खिताब 47 साल पहले कुआलालंपुर में 1975 में जीता था। मैं इस प्रतिष्ठित ट्राफी का अनावरण करके खुश हूं और मुझे पूरा भरोसा है कि टूर्नामेंट शानदार होगा। खेल मंत्री ने कहा, भारत जितना संभव हो सर्वश्रेष्ठ तरीके से टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा।

# आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला जीवंत रखना चाहेगी भारतीय महिला टीम

**भाषा।** मुंबई



**मेजबान** भारत शनिवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ करो या मरो के चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में अपने गेंदबाजी विभाग में कुछ बड़ा सुधार करना चाहेगा ताकि वह श्रृंखला को जीवंत बनाए रख सके। भारतीय टीम अभी पांच मैचों की श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ रही है और उसके लिए श्रृंखला में बने रहने के लिए इस मैच में जीत दर्ज करना जरूरी है। यह श्रृंखला दक्षिण अफ्रीका में तीन फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप से पहले काफी अहम है। जब रमेश पोवार मुख्य कोच थे, उन्होंने गेंदबाजी विभाग का अच्छी तरह ध्यान रखा था लेकिन उनके जाने के बाद भारत पूर्णकालिक गेंदबाजी कोच के बिना ही है। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने तीसरे मैच के बाद स्वीकार किया था कि उनकी टीम को गेंदबाजी कोच की कमी खल रही है। और भारत का तेज गेंदबाजी आक्रमण इतना अनुभवी भी नहीं है तो भारत को कई समस्याओं से निपटना है। भारतीय गेंदबाजों ने सभी तीन मैचों में 170 रन से ज्यादा का स्कोर बनाने दिया है। वे पहले मैच में 172 रन के लक्ष्य का बचाव नहीं कर सके, दूसरे मैच में उन्होंने 187 रन लुटा दिए और तीसरे में प्रतिद्वंद्वी टीम ने 172 रन बनाए। मेघना सिंह को अच्छी तरह से परखा नहीं जा सका है जबकि तेज गेंदबाजी की अगुआई कर रही रेणुका सिंह को शानदार प्रदर्शन करने के लिए मददगार परिस्थितियों की जरूरत है। गेंदबाजी जहां उम्मीदों पर खरा नहीं उतरी है, क्षेत्ररक्षक कोच सुभादीप घोष को भी डटकर काम करना होगा क्योंकि कैच लेने के मामले में और मैदान में क्षेत्ररक्षकों का प्रदर्शन इतना अच्छा नहीं रहा है।

# तिवारी और मजूमदार के खेल से यूपी हारा



## रणजी : बंगाल छह विकेट से जीता

**भाषा।** कोलकाता

**कप्तान** मनोज तिवारी और अनुस्तूप मजूमदार के अर्धशतकों की मदद से बंगाल में शुक्रवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में उत्तर प्रदेश को छह विकेट से हराया।

तिवारी ने नाबाद 60 रन की पारी खेली जबकि मजूमदार ने 83 रन बनाए। इससे बंगाल ने चार विकेट पर 259 बनाकर रन जीत दर्ज की और छह अंक हासिल किए। बंगाल ने सुबह दो विकेट पर 156 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और दिन के तीसरे ओवर में ही कौशिक घोष (69) का विकेट गंवा दिया। मजूमदार ने हालांकि एक छोर संभाले रखा और तिवारी के साथ चौथे विकेट के लिए 97 रन जोड़े। मजूमदार के आउट होने के बाद तिवारी ने शाहबाज अहमद के साथ मिलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। उधर सोविमा में उत्तराखंड ने नागालैंड को 174 रन से हराया। नागालैंड की टीम दूसरी पारी में केवल 25 रन पर आउट हो गई। उत्तराखंड की तरफ से मयंक मिश्रा ने चार रन देकर पांच जबकि स्वप्निल सिंह ने 21 रन देकर चार विकेट लिए। इससे पहले उत्तराखंड ने अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 306 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। भुवनेश्वर में ओडिशा और सौराष्ट्र के बीच खेला गया मैच ड्रॉ के रूप में समाप्त हुआ। ओडिशा के 457 रन के जवाब में बड़ौदा ने आठ विकेट पर 624 रन बनाए। उसकी तरफ से शाश्वत रावत (135), प्रियांशु मोलिया (118) और अभिमन्यु राजपूत (102) ने शतक लगाए। रोहतक में खेले गए ग्रुप-ए के मैच में हिमाचल प्रदेश ने हरियाणा को पारी और 88 रन से हराकर बोनस अंक हासिल किया। हरियाणा की टीम पहली पारी में 46 रन पर आउट हो गई थी जिसके जवाब में हिमाचल ने अपनी पहली पारी चार विकेट पर 487 रन बनाकर समाप्त घोषित की। हरियाणा की टीम दूसरी पारी में 353 रन बनाकर आउट हो गई।

### इशांत ने नहीं की गेंदबाजी, महाराष्ट्र ने दिल्ली को हराया



पवन शाह

**पुणे।** अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा चोटिल होने के कारण दूसरी पारी मे एक भी ओवर नही कर पाए जिससे महाराष्ट्र ने दिल्ली के कमजोर आक्रमण का फायदा उठाकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी के मैच में शुक्रवार को यहां नौ विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। इशांत ने पहली पारी मे 20 ओवर किए थे लेकिन दूसरी पारी मे वह गेंदबाजी करने के लिए नही उतरे। इससे महाराष्ट्र ने 178 रन का लक्ष्य 46 ओवर मे हासिल कर दिया। उसकी तरफ से पवन शाह ने नाबाद 87 और कौशल तांबे ने नाबाद 64 रन बनाए। दिल्ली अगर अपनी दूसरी पारी में 310 रन बना पाया तो उसका श्रेय हिम्मत सिंह की 84 रन की पारी को जाता है। इशांत के अलावा दिल्ली के एक अन्य गेंदबाज सिमरनजीत सिंह मांसपेशियों मे खिंचाव के कारण दूसरी पारी मे केवल दो ओवर ही गेंदबाजी कर पाए। उन्होंने पहली पारी में 35 ओवर गेंदबाजी की थी। एक अन्य गेंदबाज मयंक यादव भी पहली पारी के दौरान गेंदबाजी करते हुए चोटिल हो गए थे। तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों के चोटिल हो जाने के कारण बाहर हो जाने से दिल्ली के कप्तान यश धुल को पांच स्पिनरों से गेंदबाजी करवानी पड़ी। उन्होंने स्वयं भी गेंदबाजी की। ग्रुप बी के अन्य मैचों मे तमिलनाडु ने हैदराबाद के साथ जबकि सौराष्ट्र ने असम के साथ अपने मैच ड्रॉ खेलकर पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन-तीन अंक हासिल किए।

# गोवा और राजस्थान का मैच नीरस ड्रॉ पर छूटा

**पोरवोरिम।** अर्जुन तेंदुलकर के पदार्पण मैच में शतक के कारण चर्चा में रहा गोवा और राजस्थान के बीच रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी का मैच शुक्रवार को यहां नीरस ड्रॉ के रूप में समाप्त हुआ जिसमे चार दिन मे केवल एक एक पारी ही समाप्त हो पाई।सुयश प्रभुदेसाई (212) के दोहरे शतक और अर्जुन तेंदुलकर (120) के शतक की मदद से गोवा ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 547 रन के विशाल स्कोर पर समाप्त घोषित की थी। राजस्थान ने इसके जवाब में तीसरे और चौथे दिन बल्लेबाजी करते हुए 456 रन बनाए। गोवा ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान के छह विकेट 245 रन पर निकालकर उम्मीद जगाई थी लेकिन शुक्रवार को सुबह दो विकेट जल्दी निकालने के बावजूद निचले क्रम के बल्लेबाज अराफात खान (नाबाद 80) और मानव सुतार (48) ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इन दोनों के अलावा अनिकेत चौधरी ने 38 रन बनाए। तेंदुलकर ने चौधरी को आउट करके राजस्थान की पारी का अंत किया। तेंदुलकर ने मैच में शतक बनाने के अलावा 104 रन देकर तीन विकेट भी हासिल किए। गोवा की तरफ से मोहित रेदकर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 113 रन देकर पांच विकेट लिए। ग्रुप सी के एक अन्य मैच में केरल ने झारखंड को 85 रन से हराकर छह अंक हासिल किए। केरल ने अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 187 रन पर समाप्त घोषित करके झारखंड के सामने 323 रन का लक्ष्य रखा। झारखंड की टीम कुमार कुशाग्र के 92 रन के बावजूद 237 रन पर आउट हो गई। केरल की तरफ से बैशाख चंद्रन ने पांच और जलज सक्सेना ने चार विकेट लिए।

## मेघालय ने मिजोरम को दो विकेट से हराया

**नदिया।** अनुभवी तरुवर कोहली के ऑलराउंड प्रदर्शन के बावजूद मेघालय ने रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप के मैच मे शुक्रवार को यहां मिजोरम को दो विकेट से हराया। मेघालय के सामने 298 रन बनाने का लक्ष्य था। उसने सुबह तीन विकेट पर 75 रन से आगे खेलना शुरू किया तथा पुनीत बिष्ट (53), स्वरजीत दास (53), किशन लिंगदोह (40) और दीपू संगमा (नाबाद 36) की उपयोगी पारियों से आठ विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। पहली पारी में 123 रन बनाने वाले तरुवर ने चार विकेट लिए। प्लेट ग्रुप के एक अन्य मैच में सिक्किम ने मणिपुर को आठ विकेट से हराया। सिक्किम ने नीलेश नामिचीने (नाबाद 72) और पंकज रावत (नाबाद 72) के अर्धशतक की मदद से आसानी से लक्ष्य हासिल किया।

### बोल्ट की जगह चोपड़ा बना विश्व एथलेटिक्स का चहेता चेहरा

नई दिल्ली। विश्व एथलेटिक्स के एक अध्ययन के अनुसार ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने तोक्यो खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद दिग्गज उसैन बोल्ट को सर्वाधिक नजर आने वाले एथलीट के रूप में पीछे छोड़ दिया। भारत के 24 वर्षीय स्टार खिलाड़ी ने इसके बाद विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर अपनी ख्याति और बढ़ा दी थी। जहां तक मीडिया कवरेज की बात है तो चोपड़ा को लेकर 812 आलेख प्रकाशित हुए।

### मेरा अतीत मुझे सीधे आईओए अध्यक्ष पद का टिकट दिलाने की गारंटी नहीं: बिंद्रा

**कोलकाता।** भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने शुक्रवार को कहा कि वह अभी अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) एथलीट आयोग के प्रतिनिधि हैं और उन्होंने अभी भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में प्रशासनिक भूमिका की अगुआई के बारे में विचार नहीं किया है। भारत की महान धाविका पीटी उषा हाल में आईओए की अगुआई करने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं और जब बिंद्रा से पूछा गया कि उन्होंने अध्यक्ष पद के लिए अपना नाम क्यों नहीं दिया ।